जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



A Painting Of Jehangir's Turkey

The global transfer of plants and animals between New and Old Worlds was not a one-way street

The Spark that Ignited World War I

How 'Wrong' Was 'Right'

How "Wrong" Uses made Listerine, Play-Doh, and WD-40 Household Legends

## चुनाव आयोग कल एसआईआर पर प्रेस कॉन्फ्रैंस करेगा

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर। चुनाव आयोग देशव्यापी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। इसमें एसआईआर को लेकर लागू किए जाने वाली योजना के बारे में जानकारी दी जा सकती है। साथ ही पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट को दोबारा जांचने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों की मदद के लिए वॉलंटियर्स की नियुक्ति का घोषणा भी की जा सकती है।

■ **माना जा रहा है कि आयोग 10-15 राज्यों में एस.आई.आर. का पहला चरण शुरु करने की घोषणा करेगा।**

निर्वाचन आयोग की 27 अक्टूबर को होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर अभी तक पूरी जानकारी नहीं आई है लेकिन उम्मीद है कि चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का पहला चरण शुरू करेगा। इसमें 10 से 15 राज्य शामिल होंगे। इनमें वे राज्य भी होंगे जहां 2026

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भारत की कीमत पर नहीं बनेंगे अमेरिका-पाकिस्तान संबंध'

## अमेरिकी राज्य सचिव मार्क रूबियो ने अमेरिका की अन्य देशों के साथ नीति स्पष्ट की

■ **अमेरिकी राज्य सचिव ने कहा कि भारत के कुछ ऐसे देशों के साथ रिश्ते हैं, जिनके साथ हमारे नहीं है। यह एक मैच्योर, प्रैक्टिकल फॉरेन पॉलिसी का हिस्सा है।**

वॉशिंगटन डीसी, 26 अक्टूबर। अमेरिकी राज्य सचिव मार्क रुबियो ने यूएस-पाकिस्तान संबंधों को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के साथ अमेरिका के संबंध भारत की कीमत पर नहीं बनाए जाएंगे।

अमेरिका-पाकिस्तान के रिश्तों में आए बदलाव को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में रुबियो ने कहा कि अगर हो सके तो अमेरिका इस रिश्ते को आगे बढ़ाना चाहेगा और समझता है कि इस रिश्ते में मुश्किलें और चुनौतियां भी होंगी।

रूबियों ने आगे कहा, "देखिए हम भारत और बाकी सब चीजों से जुड़ी चुनौतियों से अच्छी तरह से वाकिफ हैं, लेकिन हमारा काम उन देशों के साथ साझेदारी के मौके बनाने की कोशिश करना है, जहां यह मुमकिन हो। और काउंटरटैरर और उस तरह की चीजों पर पाकिस्तान के साथ साझेदारी करने का हमारा लंबा इतिहास रहा है।

अगर हो सके तो हम इसे आगे बढ़ाना चाहेंगे और यह समझते हुए कि इसमें कुछ मुश्किलें और चुनौतियां आएंगी। मुझे नहीं लगता है कि यह भारत या किसी और अच्छे रिश्ते की कीमत पर या उसके बदले में हुआ है।"

जब पूछा गया कि क्या भारत ने पाकिस्तान के साथ अमेरिका के बढ़ते रिश्तों पर चिंता जताई है, तो रुबियो ने भारतीयों को मैच्योर बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि यूएस एक प्रैक्टिकल फॉरेन पॉलिसी अपना रहा है जो एक साथ कई पार्टनर्स के साथ जुड़ने के लिए डिजाइन की गई है।

उन्होंने आगे कहा, "तो मुझे लगता है कि जब डिप्लोमेसी और उस तरह की चीजों की बात आती है तो भारतीय बहुत मैच्योर हैं।

देखिए, उनके कुछ ऐसे देशों के साथ रिश्ते हैं जिनके साथ हमारे नहीं हैं। तो यह एक मैच्योर, प्रैक्टिकल फॉरेन पॉलिसी का हिस्सा है।

मुझे नहीं लगता कि हम पाकिस्तान के साथ जो कुछ भी कर रहे हैं, वह भारत के साथ हमारे रिश्ते या दोस्ती की कीमत पर है, जो गहरे, ऐतिहासिक और जरूरी हैं।"

## नीतीश ने छठ का प्रसाद चिराग पासवान के घर खाया

पटना, 26 अक्टूबर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को छठ पूजा के अवसर पर खरना का प्रसाद खाने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान के घर पहुंचे।

■ **पासवान की बुआ छठ व्रत कर रही हैं, इस वजह से मुख्यमंत्री प्रसाद खाने उनके घर पहुँचे।**

पासवान ने अपने घर पर गमछा ओढ़ा कर नीतीश कुमार का स्वागत किया। कुमार ने खरना का प्रसाद भी खाया। इस मुलाकात में पासवान ने कुमार के पांव छू कर आशीर्वाद भी लिया और बाद में अपनी माता जी के साथ इस मिलन का एक फोटो भी साझा किया । इस मौके पर जमुई के सांसद अरुण भारती भी मौजूद थे।

गौरतलब है की पासवान की बुआ छठ व्रत कर रही हैं और मुख्यमंत्री इसी वजह से प्रसाद खाने उनके घर पहुंचे ।

इस मुलाकात के कई राजनीतिक मायने भी हैं और आज की इस मुलाकात को दोनों के बीच रिश्तों की नई शुरुआत के रूप में भी देखा जा रहा है ।

# सत्ता में आये तो वक्फ कानून कूड़ेदान में फेंक देंगे-तेजस्वी यादव

## मुस्लिम बहुल कटिहार जिले की एक जनसभा में राजद नेता ने यह घोषणा की

■ **भाजपा ने इस घोषणा पर सवाल पूछा कि कोई भी राज्य सरकार केन्द्र के कानून को कैसे बदल सकती है।**

पटना, 26 अक्टूबर। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर रविवार को तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि गठबंधन के सत्ता में आने पर इस अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता ने मुस्लिम बहुल कटिहार जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि उनके पिता एवं राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने कभी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमेशा ऐसी ताकतों का साथ दिया है, जिसके कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उसके सहयोगी संगठन राज्य और देश में नफरत फैला रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भारत जलाओ पार्टी करार देते हुए कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो सांप्रदायिक एजेंडा तेज होगा।

तेजस्वी ने कहा, अगर 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आता है तो हम वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक देंगे। उल्लेखनीय है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम अप्रैल में संसद से पारित हुआ था। सत्ता पक्ष ने इसे पिछड़े मुसलमानों और समुदाय की महिलाओं के लिए पारदर्शिता और सशक्तिकरण का माध्यम बताया है, जबकि विपक्ष का आरोप है कि यह मुसलमानों के अधिकारों को प्रभावित करता है।

यादव ने आरोप लगाया कि राज्य की 20 वर्ष पुरानी सरकार से लोग ऊब चुके हैं और मुख्यमंत्री अपने होश में नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य के हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है और कानून-व्यवस्था बदहाल है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने सीमांचल क्षेत्र को लेकर कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया और 'इंडिया' गठबंधन के सत्ता में आने पर सीमांचल विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा।

यादव ने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी तो वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति माह की जाएगी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को राजद के विधान पार्षद मोहम्मद कारी सोहैब भी इसी मुद्दे पर विवादों में घिर गए थे जब उन्होंने कहा था कि तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री बनते ही वक्फ विधेयक सहित सभी विधेयक फाड़ दिए जाएंगे। भाजपा ने इस बयान पर सवाल पूछा था कि कोई भी राज्य सरकार केंद्र के कानूनों को कैसे बदल सकती है।

## भारत समुद्री सप्ताह में विश्व के 85 देश भाग लेंगे

### इस आयोजन में 10 लाख करोड़ रूपए की प्रतिबद्धताओं के 600 समझौतों-एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे

नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर। दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री सम्मेलन "भारत समुद्री सप्ताह" सोमवार से मुंबई में शुरू होगा जिसमें 11 देशों के विदेश मंत्रियों के साथ ही सैकड़ों प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुंबई के एनईएससीओ नेस्को मैदान में आयोजित हो रहे इस पांच दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और ओडिशा के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे।

■ **प्रधानमंत्री मोदी 29 अक्टूबर को सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसमें महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात व ओडिशा के मुख्यमंत्री तथा 11 देशों के विदेश मंत्री शामिल होंगे।**

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा 27 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अक्टूबर को मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री विश्व भर की अग्रणी समुद्री कम्पनियों के चयनित अंतर्राष्ट्रीय सीईओ के साथ एक उच्च स्तरीय वैश्विक सीईओ फोरम की अध्यक्षता करेंगे।

मंत्रालय के अनुसार, इस वैश्विक सम्मेलन में 350 से ज़्यादा अंतरराष्ट्रीय वक्ता उद्योग विशेषज्ञता और रणनीतिक संवाद करेंगे। इस आयोजन में 10 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा की निवेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आँध्र प्रदेश बस हादसे के 10 शव परिजनों को सौंपे

कुरनूल, 26 अक्टूबर। आंध्र प्रदेश के कुरनूल में भीषण बस हादसे में मारे गये यात्रियों में से दस शवों को डीएनए जांच रिपोर्ट के आधार पर रविवार को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

सरकारी अस्पताल में मृतकों के परिजनों के डीएनए नमूने लिये गये थे। रिपोर्ट आने के बाद शवों की पहचान की पुष्टि की गयी। परिजनों को मृत्यु प्रमाणपत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज भी प्रदान किये गये। अधिकारियों ने शवों को उनके मूल स्थानों तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की।

■ **परिजनों के डीएनए नमूनों की जाँच के बाद मृतकों की पहचान हुई।**

उल्लेखनीय है कि एक निजी बस की एक मोटरसाइकिल से टक्कर के बाद बस में आग लगने से 19 यात्रियों की जलकर मौत हो गयी थी।

# जदयू ने पार्टी विरोधी गतिविधियों पर कई नेताओं को निष्कासित किया

## निष्कासित होने वालों में पूर्व मंत्री शैलेश कुमार, पूर्व विधान पार्षद संजय प्रसाद, श्याम बहादुर व सुदर्शन कुमार शामिल हैं

पटना, 26 अक्टूबर। बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने रविवार को विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल नेताओं के खिलाफ सख्त कदम उठाया है।

पार्टी के प्रदेश महासचिव और मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, संगठनात्मक आचरण के विरुद्ध काम करने और पार्टी अनुशासन तोड़ने के आरोप में कई नेताओं को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

■ **जदयू नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि यह कार्यवाही संगठनात्मक मजबूती व अनुशासन कायम रखने के लिए की गई है तथा किसी के भी प्रति नरमी नही बरती जायेगी।**

जारी आदेश के मुताबिक, पूर्व मंत्री शैलेश कुमार, पूर्व विधान पार्षद संजय प्रसाद, श्याम बहादुर सिंह और सुदर्शन कुमार समेत अमर कुमार सिंह, डॉ. आसमा परवीन, लव कुमार, आशा सुमन, दिव्यांशु भारद्वाज और विवेक शुक्ला को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित करते हुये जदयू से निष्कासित कर दिया गया है।

जदयू नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी अनुशासनहीनता और संगठन के खिलाफ गतिविधियों में लिप्त किसी भी नेता या कार्यकर्ता के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जायेगी। पार्टी ने कहा है कि यह कार्रवाई संगठनात्मक मजबूती और अनुशासन कायम रखने के उद्देश्य से की गई है।

## संक्रमित खून चढ़ाने से 5 बच्चे एचआईवी पॉज़िटिव हुए

■ **झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य सचिव व सिविल सर्जन से जवाब मांगा।**

रांची, 26 अक्टूबर। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल चाईबासा के ब्लड बैंक में लापरवाही का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। थैलीसीमिया से पीड़ित सात वर्षीय बच्चे को कथित तौर पर एचआईवी पॉज़िटिव रक्त चढ़ाने का आरोप अब बड़ा रूप ले चुका है। प्रारंभिक जांच में जहां एक बच्चे को संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने की बात सामने आई थी, वहीं अब रांची से आई विशेष मेडिकल टीम की जांच में चार और बच्चे एचआईवी पॉज़िटिव पाए गए हैं।

मामला प्रकाश में आने के बाद पूरे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। मंझारी प्रखंड के रहने वाले पीड़ित बच्चे के परिजनों ने उपायुक्त और राज्य सरकार से शिकायत दर्ज कराई है। मंझारी के जिला परिषद सदस्य माधव चंद्र कुंकल ने आरोप लगाया है कि इस घटना के पीछे ब्लड बैंक कर्मी की बदले की भावना काम कर रही है। उनका कहना है कि बच्चे की बुआ के साथ एक साल पहले ब्लड बैंक कर्मचारी मनोज कुमार ने दुर्व्यवहार किया था, जिसकी शिकायत सदर थाना में दर्ज है और मामला अदालत में लंबित है। कुंकल ने उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कहा जा रहा है कि कि ब्लड चढ़ाने से एचआईवी संक्रमित बच्चों की संख्या में और इजाफा हो सकता है। इस घटना के बाद झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य सचिव और सिविल सर्जन से जवाब तलब किया है।

पश्चिमी सिंह भूम के सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो कुमार माझी ने कहा कि मामले की जांच तेजी से कराई जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि एचआईवी संक्रमण बच्चों तक कैसे पहुंचा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इस पूरे घटनाक्रम ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

## औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदला

छत्रपति संभाजीनगर, 26 अक्टूबर। महाराष्ट्र के औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नाम अब आधिकारिक रूप से बदलकर छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन कर दिया गया है। यह परिवर्तन केंद्रीय गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद लागू हुआ है।

दक्षिण मध्य रेलवे के नांदेड़ मंडल के अंतर्गत आने वाला यह स्टेशन अब सभी रेलवे प्रणालियों और डेटाबेस में नए कोड, सीपीएसएन से पहचाना जाएगा।

मध्य रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार से अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद नाम परिवर्तन की पूरी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

■ **अधिकारिक रूप से इसका नाम छत्रपति संभाजी नगर रेलवे स्टेशन हो गया है।**

अब नए नाम और कोड को चरणबद्ध तरीके से सभी प्लेटफॉर्म संकेतों, समय-सारिणियों, आरक्षण प्रणालियों और डिजिटल डिस्प्ले बोर्डों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

यह प्रक्रिया 2022 में तब शुरू हुई थी, जब महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर करने को मंजूरी दी थी। रेलवे स्टेशन का नाम बदलने के लिए गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय, भाषा विभाग और भू-नामकरण बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक होती है, जो पिछले कुछ महीनों में प्राप्त की गई।

राज्य सरकार के इस निर्णय को लेकर पहले बंबई उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं दाखिल की गई थीं, लेकिन दोनों अदालतों ने उन्हें खारिज कर दिया, जिससे नाम परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त हुआ।

# चक्रवात "मोंथा" का सामना करने के लिए भारतीय सेना हाई अलर्ट पर

## अनुमान है कि 28 अक्टूबर की शाम यह चक्रवात आँध्र प्रदेश के तट पर पहुँचेगा

नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर। पूर्वी मध्य अरब सागर और दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर विकसित हो रहे चक्रवाती तंत्र के मद्देनजर भारतीय सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अगले 48 घंटों में इस चक्रवात के "मोंथा" के रूप में तब्दील होने की आशंका है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और संबंधित राज्य सरकारों के समन्वय से स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है।

सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि आज तड़के दो सक्रिय मौसम प्रणालियाँ देखी गईं, जिनमें पूर्वी मध्य अरब सागर पर दबाव और दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी पर गहरा दबाव शामिल है। अगले 24 घंटों के दौरान इसके पूर्व मध्य अरब सागर में पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

इसके अलावा दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर बना गहरा दबाव है। अगले 24 घंटों के भीतर इसके दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने और 28 अक्टूबर तक उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए एक गंभीर चक्रवाती तूफान में और मजबूत होने की उम्मीद है।

अनुमान है कि यह प्रणाली 28 अक्टूबर की शाम/रात को तटीय आंध्र प्रदेश, विशेष रूप से मछलीपट्टनम और काकीनाडा के बीच के क्षेत्र को एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में प्रभावित करेगी। इस दौरान तेज हवाएं 90-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं।

■ **सेना ने कर्नाटक, केरल, आँध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, लक्षद्वीप व मिनिकॉय द्वीप समूह में आपदा प्रतिक्रिया टुकड़ियों को सक्रिय कर दिया है।**

भारतीय सेना ने प्रभावित होने की आशंका वाले सभी क्षेत्रों में अपनी आपदा प्रतिक्रिया टुकड़ियों (डीआरसी) को सक्रिय कर दिया है, ताकि राज्य प्रशासन और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के साथ समन्वय में त्वरित तैनाती सुनिश्चित की जा सके।

विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में समर्पित और आरक्षित टुकड़ियों को तैनात किया गया है, जिनमें कर्नाटक , केरल , आंध्र प्रदेश, तेलंगाना , तमिलनाडु , लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप समूह और पश्चिम बंगाल में शामिल हैं।

आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वी. अनिता ने बताया कि चक्रवात मोंथा के मद्देनजर सरकारी मशीनरी को हाई अलर्ट पर रखा गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को ज़रूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार रखा गया है।

गृह मंत्री ने राजधानी विजयवाड़ा में अधिकारियों के साथ बैठक की और चक्रवात के कारण जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव क्षेत्र तीव्र होकर एक भीषण चक्रवाती तूफान "मोंथा" में बदल गया है और इसके 28 अक्टूबर की शाम या रात को मछलीपट्टनम और काकीनाडा के बीच तट को पार करने की उम्मीद है। तटीय आंध्र प्रदेश के जिलों में 27 और 28 अक्टूबर को भारी बारिश होगी। उन्होंने कहा, "100 किलोमीटर की रफ़्तार से तेज़ हवाएँ चलेंगी।"

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आंध्र प्रदेश और यानम के लिए चक्रवात अलर्ट जारी किया है, क्योंकि दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव क्षेत्र के और तीव्र होने के संकेत मिले हैं।

शाम 4 बजे जारी एक विशेष बुलेटिन के अनुसार, यह चक्रवात पिछले छह घंटों के दौरान 5 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और 11.3 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.0 डिग्री पूर्वी देशांतर पर केंद्रित था। यह पोर्ट ब्लेयर से लगभग 620 किमी पश्चिम, चेन्नई से 770 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व, विशाखापत्तनम से 820 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व और काकीनाडा से 810 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित है।

इसके प्रभाव से, अगले 24 घंटों के दौरान काकीनाडा, कोनासीमा, पश्चिम गोदावरी, प्रकाशम, नेल्लोर, अन्नामय्या, तिरुपति और चित्तूर जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है।

इसी अवधि के दौरान उत्तरी और दक्षिणी तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में भी गरज के साथ बिजली गिरने और 35-45 किमी प्रति घंटे से लेकर 55 किमी प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएँ चलने की संभावना है।

काकीनाडा, कोनासीमा, पश्चिम गोदावरी, कृष्णा, बापटला, प्रकाशम और नेल्लोर जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है, जबकि अन्य तटीय और रायलसीमा जिलों में सोमवार (कल) को भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर डबल डैकर बस में आग लगी

लखनऊ, 26 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के बड़ा हादसा टल गया। रेवरी टोल प्लाजा के पास एक डबल डेकर वातानुकूलित निजी बस में अचानक आग लग गयी, लेकिन गनीमत रही कि बस में सवार सभी 39 यात्री समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए और कोई जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 44 सीटर स्लीपर बस दिल्ली से लखनऊ होते हुए गोंडा जा रही थी। तड़के करीब चार बजकर 45 मिनट पर रेवरी टोल प्लाजा से लगभग 500 मीटर पहले पहिये से धुआं और आग निकलने लगा। इसके बाद चालक ने बस को किनारे रोका और सभी यात्रियों को नीचे उतरने का निर्देश दिया।

■ **चालक ने समय से बस रोक कर यात्रियों को बाहर निकाल दिया। बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई, पर कोई घायल नहीं हुआ।**

कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही काकोरी थाना की पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बस पूरी तरह जलकर खाक हो गयी।

बस चालक जगत सिंह ने बताया कि आग अचानक लगी और कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। उसने कहा कि पहले धुआं निकला, फिर कुछ ही देर में लपटें उठने लगीं। बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गयी थी।

## विचार बिन्दु

**भातृभाव का अस्तित्व केवल आत्मा में और आत्मा के द्वारा ही होता है, यह और किसी के सहारे टिक ही नहीं सकता। –श्री अरविंद**

# तकनीक की चमक में खोया मानवीय स्पर्श

तकनीक ने हमारे जीवन को इतना अधिक सुगम बना दिया है कि अब इस बात को दोहराना भी अनावश्यक–सा लगता है। यदि आप तकनीक से थोड़ी–सी भी दोस्ती रखते हैं, तो अपने घर, बल्कि अपने कमरे से बाहर निकले बिना ही आप लगभग हर काम कर सकते हैं। बिल जमा करना हो, किसी को भुगतान करना हो, बस–रेल–हवाई जहाज का टिकट बुक करना हो, थिएटर या सिनेमा में सीट आरक्षित करनी हो, बिजली–पानी–टेलीफोन से संबंधित शिकायत दर्ज करनी हो, घर का कोई काम करवाना हो, मालिश या सौंदर्य देखभाल जैसी सेवाएँ लेनी हों, या बाहर जाने के लिए ऑटो–टैक्सी बुलानी हो–ये सारे और ऐसे अनगिनत काम तकनीक की मदद से बिना अपनी जगह से हिले आसानी से हो जाते हैं। लेकिन यह सुविधा तभी संभव है, जब आप तकनीक के साथ सहज हों। यदि आपने तकनीक से दूरी बनाए रखी है, चाहे कारण जो भी हो, तो ये सुविधाएँ आपके लिए सुलभ नहीं होंगी। साथ ही, यदि आप किसी छोटे कस्बे या गाँव में रहते हैं, तो हो सकता है कि इनमें से कुछ सुविधाएँ अभी वहाँ उपलब्ध न हों। फिर भी, तकनीक का प्रसार तेजी से हो रहा है। जिस तरह आज न्यूयॉर्क और दिल्ली, या दिल्ली और जयपुर के बीच सुविधाओं का अंतर कम हो गया है, उसी तरह शीघ्र ही शहरों और गाँवों का अंतर भी घटने की उम्मीद है।

तकनीक ने हमारी खरीदारी के तौर–तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। पहले, हर छोटी–बड़ी चीज के लिए हमें बाजार जाना पड़ता था। आज, धनिया–मिर्ची से लेकर फ्रिज–टीवी तक, सब कुछ ई–कॉमर्स साइट्स पर आसानी से उपलब्ध है। कई बार यह सामान बाजार से सस्ते दामों पर मिल जाता है, और अगर पसंद न आए, तो उसे बिना किसी परेशानी के बदलने या लौटाने की सुविधा भी मौजूद है। स्थिति ऐसी हो गई है कि कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों पर नोटिस लगा दिए हैं:– कृपया हमारी कीमतों की तुलना अमेजन/फ्लिपकार्ट की कीमतों से न करें। यह एक अलग चर्चा का विषय है कि ये ई–कॉमर्स साइट्स बाजार से सस्ता सामान कैसे उपलब्ध करा पाती हैं।

बड़े शहरों में, जहाँ ट्रैफिक की स्थिति दिन–ब–दिन बदतर होती जा रही है, ये ऑनलाइन सुविधाएँ वरदान साबित हो रही हैं। भारतीय सामाजिक संरचना में आए बदलावों ने भी इन सुविधाओं को अपरिहार्य बना दिया है। खासकर उन परिवारों में, जहाँ पति–पत्नी दोनों नौकरी करते हैं, विशेष रूप से निजी या कॉरपोरेट क्षेत्र में, वहाँ समय की कमी एक बड़ी चुनौती है। सरकारी नौकरियों में शायद कुछ समय मिल भी जाए, लेकिन निजी क्षेत्र में समय सबसे बड़ी विलासिता है। ऐसे में, ये तकनीकी सुविधाएँ जीवन को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

लेकिन यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा पहलू उतना उज्ज्वल नहीं है। तकनीक ने हमें सुविधाएँ तो दी हैं, लेकिन हमें समाज और देश–दुनिया से काट भी दिया है। मनुष्य का मनुष्य से संबंध जैसे खत्म–सा हो गया है। आप तकनीक के माध्यमों से सेवाएँ तो प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उनमें मानवीय स्पर्श का अभाव है। मैं अपने कमरे में बैठकर सारे काम कर लेता हूँ, लेकिन किसी अन्य व्यक्ति से मेरा कोई संपर्क नहीं होता। पहले कॉल सेंटर्स के माध्यम से, टेलीफोन पर ही सही, किसी इंसान से बात तो हो जाया करती थी। अब चैटबॉट्स ने वहाँ से भी मनुष्यों को हटा दिया है। किसी सेवा प्रदाता से शिकायत करने पर आपका सामना अक्सर 'एक दबाएँ, दो दबाएँ' वाली यांत्रिक प्रक्रिया से होता है, और दूसरी ओर कभी भी कोई जीवित व्यक्ति नहीं होता जो आपकी बात सुने या समझे।

> **तकनीक ने हमारे जीवन को सुगम बनाया है, लेकिन इसे नीरस और निष्प्राण भी बना दिया है। मानवीय स्पर्श बहुत तेज़ी से लुप्त हो रहा है। मनुष्य की जगह यंत्र ले रहे हैं, और चिंता की बात यह है कि यह यांत्रिकता हमारे जीवन में भी समा रही है। एक घर में चार लोग हों, तो सभी अपनी-अपनी स्क्रीन में डूबे रहते हैं। पति-पत्नी, माता-पिता और बच्चों, या भाई-बहन के बीच संवाद कम हो गया है। त्योहारों पर भी शुभकामनाएँ अब कॉपी-पेस्ट संदेशों या इमोजी तक सिमट गई हैं। शुभकामनाएं देना-लेना एकदम मशीनी हो गया है उसमें कोई आत्मीयता नहीं रह गई है।**

जरा उस समय को याद करें, जब ये सुविधाएँ उपलब्ध नहीं थीं। हम बैंक में पैसे जमा करने या निकालने जाते थे, लाइन में खड़े होते थे, और काउंटर पर बैठे कर्मचारी से दुआ–सलाम होती थी। बिजली, पानी, या टेलीफोन का बिल जमा करवाते समय भी यही आत्मीयता मिलती थी। पुराने जमाने में टेलीफोन ऑपरेटर से दोस्ती होती थी, जो जरूरत पड़ने पर हमारा कॉल पहले लगा देता था। बाजार की दुकानों से हमारा आत्मीय रिश्ता होता था। दुकानदार हमारे सुख–दुख में शामिल होते थे। मेरा काफी समय सिरोही जैसे छोटे कस्बे में बीता है। वहाँ किराने की दुकान का मालिक मुझे चाय और सिगरेट पिलाए और थोड़ी गपशप किए बिना दुकान से उठने ही नहीं देता था। मेरे घर के पास एक जनरल स्टोर था, जहाँ से मैं जरूरत का सामान खरीदता था। दिवाली के बाद जब मैं दुकानदार को शुभकामनाएँ देने जाता, तो वह मुझे साल में एक बार सिगरेट ऑफर करता। आज वह आत्मीयता मुझे बहुत याद आती है। अमेजन से मैं कितना ही सामान खरीद लूँ, वहाँ मुझे कोई नहीं जानता।

हालांकि, ई–कॉमर्स साइट्स ने किताबें खरीदना आसान बना दिया है, लेकिन जयपुर में शेखर की दुकान पर जाकर उससे गपशप करते हुए और बहुत सारी किताबों के पन्ने पलट कर कोई एक या दो किताबें खरीदने का सुख अब खो गया है। शेखर कहता था, यह किताब ले जाओ, पढ़कर लौटा देना, और मैं जिद करके पैसे देता। कई बार वह अपनी पसंद की किताबें पढ़ने की सलाह देता, जिसके कारण मैंने कई महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय किताबें पढ़ीं। भला अमेज़ॉन मुझे यह सुख दे सकता है?

ई–कॉमर्स साइट्स की लोकप्रियता में हमारे व्यापारियों की भी भूमिका है। उनका रूखा व्यवहार और ग्राहकों के प्रति संवेदनशीलता का अभाव ग्राहकों को ऑनलाइन खरीदारी की ओर धकेल रहा है। व्यापारियों को इस पर विचार करना होगा कि वे अपने व्यवहार और व्यावहारिकता से ग्राहकों को कैसे आकर्षित करें। थोड़ा–सा प्रयास करके और अपने व्यवहार में बदलाव लाकर वे ई कॉमर्स साइट्स को गम्भीर चुनौती दे सकते हैं। हममें से हरेक वैयक्तिक स्पर्श को पसंद करता है। लेकिन ऐसा करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण की जरूरत है, और यह काम सरकार, व्यापारिक संगठन, और स्वयंसेवी संस्थाओं को मिलकर करना होगा। अभी तो अधिकांश दुकानदार बहुत ही रूखा व्यवहार करते हैं। उनका टोन यह होता है कि सामान बेचकर आप पर उपकार कर रहे हैं। इस रवैये को बदले बग़ैर स्पर्धा में उनका टिका रहना नामुमकिन होगा। यदि व्यापारियों ने अपने व्यवहार में सुधार नहीं किया, तो इसका बड़ा खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। इसकी शुरुआत तो हो ही चुकी है। तमाम आंकड़े ये बताते हैं कि ई कॉमर्स साइट्स उनसे उनका व्यापार छीनती जा रही हैं।

तकनीक ने हमारे जीवन को सुगम बनाया है, लेकिन इसे नीरस और निष्प्राण भी बना दिया है। मानवीय स्पर्श बहुत तेज़ी से लुप्त हो रहा है। मनुष्य की जगह यंत्र ले रहे हैं, और चिंता की बात यह है कि यह यांत्रिकता हमारे जीवन में भी समा रही है। एक घर में चार लोग हों, तो सभी अपनी–अपनी स्क्रीन में डूबे रहते हैं। पति–पत्नी, माता–पिता और बच्चों, या भाई–बहन के बीच संवाद कम हो गया है। त्योहारों पर भी शुभकामनाएँ अब कॉपी–पेस्ट संदेशों या इमोजी तक सिमट गई हैं। शुभकामनाएं देना–लेना एकदम मशीनी हो गया है उसमें कोई आत्मीयता नहीं रह गई है। कई बार हम किसी संदेश को पूरा पढ़े बिना ही प्रतिक्रिया दे देते हैं, जिससे अजीब स्थितियाँ बन जाती हैं। उदाहरण के लिए, किसी मित्र ने अपने परिजन की तस्वीर पोस्ट की, और किसी ने बिना पूरा संदेश पढ़े ही 'विनम्र श्रद्धांजलि' लिख दिया, जिसके बाद ऐसी प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई।

इस यांत्रिकता का एक और पहलू है। ये सुविधाएँ पश्चिम से आई हैं, जहाँ काम करने वाले हाथों की कमी है। लेकिन भारत में स्थिति उलट है। हमारे यहाँ जनसंख्या अधिक है, और हम पहले से ही बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। तकनीक और मशीनीकरण इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं, क्योंकि पहले मनुष्यों द्वारा किए जाने वाले काम अब यंत्रों से हो रहे हैं। निश्चित रूप से, तकनीक का उपयोग जरूरत पड़ने पर करना चाहिए। यह हमारी जिंदगी को आसान बनाती है। लेकिन इसका दास बन जाना या बिना जरूरत के इसका उपयोग करना हमारे हित में नहीं है। हमें तकनीक और मानवीय संबंधों के बीच संतुलन बनाना होगा। सुविधा और आत्मीयता दोनों का समन्वय ही हमें एक सार्थक और संपूर्ण जीवन की ओर ले जा सकता है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# आरक्षण..... अक्षय, सनातन



राम निवास बैरवा

आरक्षण के बहाने पूरे भारत के गली–कूंचों में सामाजिक विद्वेष की भड़ास निकालने का दौर चल रहा है। सामाजिक विद्वेष की भड़ास निकालने की यह बीमारी सरकार और कार्यपालिका के शीर्ष स्तर तक फैली हुई है। भड़ास निकालने वाले अपनी बात को संवैधानिक रूप से सही साबित करने के लिए संविधान के निर्माण का श्रेय अंबेडकर के बदले बी.एन. राव को दिये जाने का अविवेकपूर्ण प्रयास भी किया गया है। लेकिन संविधान की छाया में रह कर संविधान को नकारना बारिश में फटी छतरी ओढ़ने जैसा है। बरहाल ऐसे लोगों के साथ तर्क–वितर्क करने की, विचार–विमर्श की कोई गुंजाइश भी नहीं है।

मदन मोहन मालवीय, मोहनदास गांधी, भीमराव अंबेडकर आदि बेवकूफ थे जिन्होंने पूना पैक्ट पर हस्ताक्षर किये थे; संविधान सभा के 300 के लगभग सदस्य नालायक थे जिन्होंने संविधान में आरक्षण की बात स्वीकार की तथा राज्यों की नीति के निदेशक तत्वों में सामाजिक विषमताओं को समाप्त करने का दायित्व सरकारों पर डाला था। जिन लागों का सैद्धान्तिक और विचारात्मक रूप से पूना पैक्ट और संविधान निर्माण से दूर–दूर तक भी संबंध नहीं था, वे ही संविधान की छतरी को तार–तार करके उसमें अपने सत्ता–सुख और सामाजिक विद्वेष को जीवन दान देना चाहते हैं, यह सम्भव नहीं हो सकता।

आरक्षण को आज लोकतान्त्रिक संविधान में स्थान दिया गया है उसकी साफ तौर पर व्याख्या भूतकाल की व्यवस्था, वर्तमान के उत्तरदायित्वों और भविष्य के समाज की रूपरेखा को व्यक्त करती है। और बहुत हद तक वर्तमान शासन व्यवस्था को बनाये और उसे बचाये रखने का भी संदेश है– बचाये रखने का संदेश इस मायने में कि सामाजिक विसंगतियों के चलते सम्भावित क्रान्तियों से सरकार और समाज को बचाये रखना है।

समाज और राजनीति में एकाधिकार आरक्षण का सनातन रूप हैं, जिसमें समाज के बहुत बड़ी आबादी को सम्मानजनक सामाजिक जीवन और राजनीतिक भागीदारी से दूर रखा जाता है। लोकतन्त्रों में यदि किसी वर्ग विशेष को आरक्षण दिया जाता है तो उसका मतलब होता है कि वह विशाल आबादी उस व्यवस्था को स्वीकार कर रही है, वह उस समाज और व्यवस्था के खिलाफ क्रान्ति जैसी परिवर्तनकारी भूमिका निभाने को तैयार नहीं है।

यह सत्ताधारी एकाधिकार प्राप्त वर्गों का सौभाग्य है कि वर्तमान संविधान ने उनके एकाधिकार को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की है, तथा क्रान्ति के संवाहक लोगों को धर्म और जातियों में विभाजित करके सत्ताधारी वर्गों के एकाधिकार में से कुछ पदों पर उन्हें आरक्षण के माध्यम से अपने एकाधिकार को सुरक्षित रखने का प्रावधान किया गया है। जबकि जिन्हें आरक्षण दिया गया है उन लोगों को सामुदायिक रूप से उस मात्रा में भागीदारी नहीं मिली है, जिसे हम नौकरियों में आरक्षण तथा शिक्षा के क्षेत्र में कुछ प्राथमिकताएं मिलने के रूप में देखते हैं जिससे कि वे प्रशासन एवं अन्य क्षेत्रों में कुछ सीमा तक भागीदार बन सके।

आरक्षण को संविधान में दो भागों में बांटा गया है, पहला– राजनीतिक, जो कि चुनावों के माध्यम से राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के लिए है। यह आरक्षण सिर्फ लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं में चुने जाने में निहित है और वह आरक्षण मूल रूप से केवल दस वर्षों के लिए था। लेकिन इस राजनीतिक आरक्षण से राजनीतिक पार्टियों के हित साधन के लिए उनको 27–30 प्रतिशत मूक समर्थक मिल जाते हैं अतः कोई भी राजनीतिक पार्टी नहीं चाहती कि अब वह आरक्षण खतम हो। इसी स्वार्थ परकता के चलते इसे हर दस वर्षों के लिए बढ़ा दिया जा रहा है– (अनुच्छेद, 330; 332; 334)।

इसके विपरीत, सरकारी नौकरियों में आरक्षण अनुच्छेद 339, 341 व 342 में प्रावधान किये गये हैं। जब शिक्षा के मापदण्ड अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजातियों के लोग पूरा नहीं कर पायेंगे तो उनका उन पदों पर वैसे भी चयन कठिन है। वहीं, दूसरी तरफ, नौकरियों में नियुक्तियां देने का अधिकार उन्हीं एकाधिकार प्राप्त लोगों का मिला हुआ है। वे अपने सामाजिक पूर्वाग्रहों से बाहर निकल कर कैसे उन्हें अपने समकक्ष बिठा पायेगे। ऐसी दशा में योग्यता–अयोग्यता का पैमाना और उसका फैसला उन्हीं अधिकारियों के पास होने के कारण संविधान की उक्त अपेक्षाएं नकारात्मक परिणाम दे रही हैं।

लेकिन फिर भी आरक्षण को इस तरह से लिया जा रहा है जैसे अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के लोग उनके एकाधिकार को चुनौती हैं और हर तरह से कोशिश की जाती है कि वे प्रशासन में उस मात्रा में और उस स्तर भागीदार नहीं बने जहाँ उनकी नीतियों और निर्णयों को प्रभावित कर सके। यहाँ तक उनके आरक्षण को नकारात्मक बनाने के लिए संविधान की रक्षक न्यायपालिका भी उतर चुकी है। इस प्रकार के आरक्षण को और भी कमजोर और नकारात्मक बनाने के लिए अनिवार्य सक्षम शिक्षा प्राप्त करने के अवसरों को खतम किये जा चुके हैं वह चाहे फीस आदि की वृद्धि के द्वारा हो या प्रवेश को सीमित करके हो या सरकारी शिक्षा संस्थानों को बंद करके हो।

अच्छा है! आरक्षण का दान देने वाले एकाधिकार प्राप्त प्रशासनिक–राजनीतिक अधिकारी अगर ऐसे ही काम करते रहेंगे तो एक दिन ये जातियां मजदूर–किसानों के रूप में एकबद्ध होकर क्रान्ति के मार्ग पर चलकर उनके एकाधिकार को पूरी तरह खतम कर देंगे। सब परिस्थितियां भविष्य के गर्भ में है, समाज और राजनीति को किस दिशा में ले जाती हैं, भविष्य ही बतायेगा।

**-राम निवास बैरवा,**
**पूर्व क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त**

# अंध भक्त और अंध विश्वास



अशोक कुमार

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज में संवाद का सबसे शक्तिशाली माध्यम भाषा है। भाषा न केवल विचारों को व्यक्त करती है, बल्कि यह हमारी सामाजिक चेतना, मूल्यों और दृष्टिकोणों को भी दर्शाती है। हाल के वर्षों में, सार्वजनिक विमर्श और राजनीतिक बयानबाजी में कुछ ऐसे वाक्यांशों का प्रयोग बढ़ा है, जो अपनी अभिव्यक्ति में भले ही राजनीतिक या वैचारिक आलोचना करते हों, लेकिन जिनका अंतर्निहित अर्थ समाज के एक विशेष वर्ग, विशेष रूप से दिव्यांग समुदाय, के प्रति अपमानजनक या असंवेदनशील हो सकता है। ऐसे ही दो प्रमुख वाक्यांश हैं: 'अंध भक्त' और 'अंध विश्वास'!

**1. भाषा और दिव्यांगता: उपमाओं का अनैतिक प्रयोग**

अंध भक्त और अंध विश्वास जैसे वाक्यांशों में अंध शब्द का उपयोग किसी व्यक्ति की तर्कहीनता, विवेक की कमी, या तथ्यों की अनदेखी को दर्शाने के लिए एक उपमा के रूप में किया जाता है। जब हम किसी व्यक्ति को अंध भक्त कहते हैं, तो हमारा तात्पर्य होता है कि वह व्यक्ति बिना सोचे–समझे, आँख मूंदकर किसी का अनुसरण कर रहा है। इसी प्रकार, अंध विश्वास का अर्थ है किसी बात पर बिना किसी तार्किक आधार के भरोसा करना। सतह पर, ये उपमाएँ केवल वैचारिक आलोचना लगती हैं, लेकिन इनकी गहरी समस्या यह है कि वे दिव्यांगता को नकारात्मकता से जोड़ती हैं। वे अप्रत्यक्ष रूप से यह संदेश देती हैं कि दृष्टिबाधित होना या अंध होना, तर्कहीनता, मूर्खता या आलोचनात्मक सोच की अनुपस्थिति का पर्याय है।

यह एक प्रकार का सक्षमवाद है, जहाँ दिव्यांगता को एक कमी के रूप में देखा जाता है और भाषा के माध्यम से इसका उपहास किया जाता है। दृष्टिबाधित व्यक्ति अपनी पहचान को तर्क या विवेक की कमी के रूप में नहीं देखते हैं; वे दुनिया को देखने और समझने के लिए विभिन्न संवेदी साधनों का उपयोग करते हैं। ऐसे में, किसी राजनीतिक समर्थक को अंध भक्त कहकर संबोधित करना न केवल उस समर्थक का अपमान है, बल्कि यह उन लाखों दृष्टिबाधित व्यक्तियों को भी अपमानित करता है जो अपने जीवन में पूरी तरह से सक्षम और विवेकशील हैं।

**2. अंध भक्त का राजनीतिकरण और नैतिक जिम्मेदारी**

पिछले कुछ वर्षों में, अंध भक्त शब्द का इस्तेमाल भारतीय राजनीतिक विमर्श में प्रमुखता से हुआ है। यह अक्सर किसी विशेष नेता या दल के समर्थकों की आलोचना करने के लिए उपयोग किया जाता है। इस शब्द का राजनीतिकरण इसे और भी अधिक समस्याग्रस्त बना देता है।

**सामाजिक प्रभाव:** जब मीडिया, राजनेता या सार्वजनिक हस्तियाँ इस शब्द का लगातार उपयोग करते हैं, तो यह धीरे–धीरे समाज की सामान्य शब्दावली में शामिल हो जाता है। यह अनजाने में भी दिव्यांगता के प्रति असंवेदनशीलता को बढ़ावा देता है। यह दिव्यांग व्यक्तियों के खिलाफ एक नकारात्मक सामाजिक रूढ़िवादिता को मजबूत करता है, जिससे उनके सामाजिक समावेश में बाधा आती है। यह समाज में दिव्यांगों को कमतर या दयनीय के रूप में देखने की मानसिकता को भी बढ़ावा देता है, जबकि समावेशी समाज में उन्हें पूर्ण नागरिक के रूप में देखा जाना चाहिए।

**नैतिक जिम्मेदारी:** भाषा का उपयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह ऐसी उपमाओं से बचे। लोकतंत्र में आलोचना आवश्यक है, लेकिन आलोचना की भाषा सम्मानजनक और समावेशी होनी चाहिए। किसी के तर्कहीन समर्थन की आलोचना करने के लिए किसी की शारीरिक स्थिति का उपहास करना या उसे नकारात्मकता से जोड़ना अनैतिक है।

**3. अंध विश्वास और भाषाई शुचिता**

अंध विश्वास वाक्यांश का प्रयोग भी उसी भाषाई समस्या से ग्रस्त है। इसका अर्थ होता है तर्क या प्रमाण के बिना विश्वास करना। यहाँ भी, अंध शब्द का उपयोग नकारात्मकता को दर्शाने के लिए किया गया है।

हमें यह समझना होगा कि किसी विश्वास का अंधा होना उसके अविवेकपूर्ण होने का कारण नहीं है; वह विश्वास अपने आप में अविवेकपूर्ण हो सकता है। यह कहकर कि "यह विचार तर्कहीन है" या "यह एक निराधार विश्वास है", हम सीधे उस विचार की आलोचना करते हैं, न कि किसी की शारीरिक स्थिति को नकारात्मकता से जोड़ते हैं।

**विवेकपूर्ण भाषा का सिद्धांत:** विवेकपूर्ण भाषा के उपयोग का सिद्धांत यह है कि हमें किसी व्यक्ति या समूह की पहचान (जाति, लिंग, दिव्यांगता, धर्म, आदि) को किसी नकारात्मक गुण (जैसे मूर्खता, कट्टरता, आलस्य) से नहीं जोड़ना चाहिए। ऐसा करने से हम जाने–अनजाने में पूर्वाग्रहों को बढ़ावा देते हैं।

**4. समावेशी संवाद के लिए वैकल्पिक भाषा**

एक संवेदनशील और समावेशी समाज के निर्माण के लिए, हमें ऐसे वाक्यांशों के विकल्प तलाशने चाहिए जो हमारे विचार को स्पष्ट रूप से व्यक्त करें, लेकिन किसी भी समुदाय का अपमान न करें। अंध भक्त और अंध विश्वास के लिए कुछ बेहतर विकल्प निम्नलिखित हो सकते हैं:–

अंध भक्त को कट्टर समर्थक, तर्कहीन अनुयायी, आँख मूंदकर अनुसरण करने वाला! अंध विश्वास को तर्कहीन विश्वास, निराधार आस्था, बिना प्रमाण के विश्वास।

इन विकल्पों का उपयोग करने से हमारा संवाद अधिक सटीक और अधिक नैतिक बनता है। हम किसी व्यक्ति की आलोचनात्मक सोच की कमी को दर्शाते हैं, न कि किसी शारीरिक अक्षमता को।

**5. निष्कर्ष: भाषा, समाज और सम्मान**

भाषा एक जीवित इकाई है जो समय के साथ विकसित होती है। एक संवेदनशील समाज के रूप में, हमें उन शब्दों को त्यागना होगा जो ऐतिहासिक रूप से या उपमा के रूप में किसी समूह के लिए अपमानजनक रहे हैं।

अंध भक्त और अंध विश्वास जैसे वाक्यांशों का बहिष्कार केवल भाषाई शुद्धता का मामला नहीं है; यह सामाजिक न्याय और दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति सम्मान का मामला है। हमें यह पहचानना होगा कि हमारी अनजाने में की गई भाषाई पसंद भी सामाजिक पूर्वाग्रहों को गहरा कर सकती है। एक समावेशी और लोकतांत्रिक विमर्श के लिए यह आवश्यक है कि हम अपनी भाषा को सचेत रूप से चुनें। आइए, हम ऐसी भाषा का उपयोग करें जो सभी नागरिकों के सम्मान को सुनिश्चित करे और दिव्यांगता को तर्कहीनता या मूर्खता के पर्याय के रूप में चित्रित करने वाली किसी भी उपमा से मुक्त हो। भाषा शक्ति है, और हमें इसका उपयोग विवेकपूर्ण, नैतिक और समावेशी तरीके से करना चाहिए।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर**

# अलवर पुलिस ने सायबर जागरूकता साइकिल रैली निकाली

## रैली में लोगों को बताया कि सायबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, सभी सतर्क रहें

**अलवर,** (निसं)। अलवर पुलिस ने रविवार को सायबर जागरूकता साइकिल रैली निकाली। रैली के दौरान पुलिस ने लोगों को माइक से आवाज लगाकर बताया कि साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए सभी को सतर्क रहना चाहिए। किसी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर अपनी निजी जानकारी या बैंक डिटेल्स कभी शेयर नहीं करें। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत 190 नंबर पर कॉल करें या वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें। आजकल ठग फ्रॉड करने के नए–नए तरीके तलाश रहे हैं, लेकिन किसी भी अनजान को जानकारी नहीं देनी है।

> - **'किसी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर अपनी निजी जानकारी या बैंक डिटेल्स कभी शेयर नहीं करें'**
> - **रैली में कई थानों के एसएचओ व पुलिस लाइन के जवान शामिल रहे और लोगों को जागरुक किया**

रैली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कांबले शरण गोपीनाथ (आईपीएस) की अगुआई में निकाली गई। रैली सुबह नौ बजे पुलिस लाइन अलवर से शुरू होकर घोड़ा फेर, आर.आर. कॉलेज, नेहरू गार्डन, नंगली सर्किल, बिजलीघर चौराहा, भगत सिंह सर्किल, काशीराम चौराहा, घंटाघर, होप सर्कस, पुलिस कंट्रोल रूम, अशोका टॉकीज होते हुए फिर से पुलिस लाइन पर खत्म हुई।

इस अवसर पर एएसपी कांबले शरण गोपीनाथ ने बताया कि अक्टूबर नेशनल सायबर सिक्योरिटी माह है और उसके अंतर्गत अलवर पुलिस अलग–अलग तरीके से सायबर के खिलाफ लोगों को जागरूक कर रही है कि सायबर फ्रॉड से कैसे बचा जा सकता है और आजकल किस तरह की सायबर फ्रॉड एक्टिव है और फ्रॉड होने के बाद आप कहां–कहां शिकायत कर सकते हैं, जिसको लेकर ये रैली निकाली गई, इसमें कई थानों के एसएचओ व पुलिस लाइन के जवान शामिल रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर में लोगों को राहत मिली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ग्रामीण सेवा शिविर ग्राम पंचायत फूलियाकलां में आयोजित किया गया। उपखण्ड अधिकारी फूलियाकलां ओमप्रकाश, तहसीलदार फूलियाकलां रामदेव धाकड़, कनिष्ठ अभियंता, पंचायत समिति शाहपुरा एवं प्रशासक ग्राम पंचायत फूलियाकलां के दिशा–निर्देशन में 14 विभागों ने आमजन का कार्य सम्पादित किया और मौके पर ही लोगों को राहत पहुंचाई।

शिविर के दौरान ग्राम फूलियाकलां तहसील फूलियाकलां निवासी प्रार्थी नानूराम पुत्र रूघनाथ एवं लालीदेवी पत्नी धनराज बैरागी ने ग्राम फूलियाकलां स्थित अपनी सह खातेदारी भूमि खसरा संख्या 4694, 4695, 4698 की आपसी सहमति से खाता विभाजन करवाने के लिए उपखण्ड अधिकारी फूलियाकलां के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। उपखण्ड अधिकारी फूलियाकलां ने तत्काल तहसीलदार फूलियाकलां को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। तहसीलदार फूलियाकलां के निर्देशानुसार राजस्व टीम द्वारा भी तत्परता से प्रार्थियों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए आपसी समझाइश एवं सहमति से विभाजन प्रस्ताव मौके पर ही बनाकर तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया। तहसीलदार ने विभाजन प्रस्ताव पर सहमति विभाजन के आदेश जारी किये जाकर प्रार्थीयों को राहत प्रदान की और वर्षों पुरानी समस्या का मौके पर ही समाधान किया। सहमति से खाता विभाजन होने पर प्रार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और राज्य सरकार तथा पूरे प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस प्रकार ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीण कृषको को उनके अधिकार दिलाने में सफल हुआ तथा यह केम्प उनके लिए वरदान साबित हुआ।

> - **शिविर में 14 विभागों ने आमजन का कार्य सम्पादित किया और मौके पर ही लोगों को राहत पहुंचाई**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 27 अक्टूबर, 2025**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, मूल नक्षत्र दिन 1:28 तक, अतिगंड योग प्रातः 7:26 तक, कौलव करण सायं 7:02 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–धनु, मंगल–तुला, बुध–वृश्चिक, गुरू–मिथुन, शुक्र–कन्या, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज कुमार योग सूर्योदय से दिन 1:28 तक है। रवियोग दिन 1:28 से 10:47 तक है। आज सूर्य षष्ठी व्रत दूसरा दिन है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:00 तक, शुभ 9:24 से 10:47 तक, चर 1:34 से 2:58 तक, लाभ अमृत 2:58 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:37, सूर्यास्त 5:44 तक

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक जिम्मेदारियों में वृद्धि होगी। उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कर्क**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।

**कन्या**
परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में यात्रा संभव है। घर–परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच–विचार हो सकता है।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**मकर**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**कुंभ**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**मीन**
नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना बनेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित–द्दढ़ सोच–विचार हो सकता है।

## अन्नकूट महोत्सव मनाया

**जयपुर।** सुभाष चौक पांनो का दरीबा स्थित शुक सम्प्रदाय आचार्य पीठ सरस निकुंज में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ । इससे पूर्व दोपहर मे शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में ठाकुर जी को पद गायन से रिझाया ।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपने पुत्र का नाम प्रणव रुचिका शरद कुमार सैनी से बदलकर प्रणव सैनी रख दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को प्रणव सैनी पुत्र शरद कुमार सैनी के नाम से जाना जावे। निवासी प्लॉट नंबर 148 श्री श्याम विहार कॉलोनी सिरसी रोड भांकरोटा जयपुर (राजस्थान)

I, Beena Devi wife of Shri Mukesh Kumar Prajapat, resident of Plot no. 110, Dakshinpuri-I, Shrikishanpura, post- Vidhani, Sanganer, Jaipur 303905. I have changed my name from Beena Devi Prajapat to Beena Devi for all purposes. In future, I shall be known as Beena Devi.

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक 641 दिनांक 09/10/1998 जारी कर फ्लैट संख्या 4/520 (भूतल) जवाहर नगर जयपुर, क्षेत्रफल 89.56 वर्ग मीटर का हस्तान्तरण श्री विजय सिंह वेद पुत्र स्व.श्री प्रेम सिंह वेद के पक्ष में किया गया था। उनके द्वारा फ्लैट के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 07/11/1998 को करवाया गया।

तत्पश्चात श्री विजय सिंह वेद पुत्र स्व.श्री प्रेम सिंह वेद के द्वारा उक्त फ्लैट का बेचान जरिये विक्रय पत्र श्री मनोहर सैनी पुत्र श्री हरिनारायण सैनी एवं श्रीमती भगवती सैनी पत्नी श्री मनोहर सैनी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर पंचम में दिनांक 25/07/2017 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री मनोहर सैनी पुत्र श्री हरिनारायण सैनी एवं श्रीमती भगवती सैनी पत्नी श्री मनोहर सैनी के द्वारा उक्त फ्लैट का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्रीमती सुमन भवानी शंकर चौबदार पत्नी श्री कपिल सैनी एवं कपिल सैनी पुत्र श्री इन्द्र कुमार सैनी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर चतुर्थ में दिनांक 30/09/2020 को करवाया गया।

श्रीमती सुमन भवानी शंकर चौबदार पत्नी श्री कपिल सैनी एवं कपिल सैनी पुत्र श्री इन्द्र कुमार सैनी के द्वारा फ्लैट का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेती का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती सुमन भवानी शंकर चौबदार पत्नी श्री कपिल सैनी एवं कपिल सैनी पुत्र श्री इन्द्र कुमार सैनी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत तृतीय, रा.आ.म.जयपुर

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## बॉर्डर नाका बेंहठा का निरीक्षण किया

**जयपुर ।** अंता विधानसभा उपचुनाव-2025 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक सुभानंदा एवं पुलिस पर्यवेक्षक गगनदीप गंभीर ने रविवार को शाहबाद क्षेत्र में अंतर्राज्यीय मार्ग पर स्थापित बॉर्डर नाका/चेक पोस्ट बेंहठा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पोस्ट पर तैनात पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से आवागमन करने वाले वाहनों की जांच प्रक्रिया, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी तथा अवैध धन, शराब या अन्य वस्तुओं की रोकथाम के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर चौकसी और सघन जांच सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर शाहबाद सीओ रिछपाल मीणा, तहसीलदार अनीता सिंह, थाना प्रभारी प्रेमसिंह मीणा तथा लाइजनिंग अधिकारी उपस्थित रहे। अंता विधानसभा उपचुनाव के तहत 11 नवम्बर को मतदान होना है। निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे हैं।

# ‘महासंघ के आंदोलन की सफलता में राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा’

## राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ का 11वा अधिवेशन प्रदेषाध्यक्ष दशरथ कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ

**जयपुर ।** राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ का 11वा अधिवेषन, सेक्टर-8, सामुदायिक केन्द्र, अरावली मार्ग, मानसरोवर, जयपुर में प्रदेषाध्यक्ष दषरथ कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह मुख्य अतिथि गोपाल सिंह, सचिव, राजस्थान आवासन मण्डल, विषिष्ठ अतिथियों में महावीर प्रसाद शर्मा प्रदेषाध्यक्ष, अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ आयुदान सिंह कवैया, पूर्व प्रदेषाध्यक्ष गिरीन्द्र मिश्र, सुखेदव सिंह रमाणा संघ के पूर्व प्रदेषाध्यक्ष, कामरेड जे.के. छंगाणी, तेजसिंह राठौड़, बन्नाराम चौधरी, मण्डल के मुख्य अभियन्ता अमित अग्रवाल, टी.एस. मीणा, विभिन्न कर्मचारी संगठन के प्रदेषाध्यक्ष, महासचिव, मण्डल के अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।





आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ का 11वा अधिवेशन आयोजित किया।

संघ के महासचिव प्रदीप शर्मा एवं संयुक्त महासचिव गोविन्द नाटाणी ने बताया की सभी वक्ताओं द्वारा अपने-अपने उदबोधन में राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ द्वारा अब तक मण्डल हितों के साथ-साथ कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए बढाये गये कदम एक कार्यो की भूरि-भूरि प्रषंसा की गई। महासंघ नेतृत्व एवं महासंघ कर्मचारी संघ की भागीदारी की प्रषंसा करते हुए बताया है महासंघ के आंदोलन की सफलता में राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारियों का विषेष योगदान रहा है। संघ के प्रदेष महामंत्री प्रदीप शर्मा द्वारा महासचिव का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। संघ के प्रदेषाध्यक्ष दषरथ कुमार जो इस माह के अन्त में सेवानिवृत हो रहे है उन्हें साफा व शाल ओढाकर माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्हं देकर सम्मानित किया गया। संघ के द्वितीय सत्र में महासचिव के प्रतिवेदन पर सकारात्मक विचार विर्मष करते हुए संघ की मजबूति के लिए प्रस्ताव पारित किया गया तथा मण्डल की गतिविधियों का मुख्यालय संचालन हेतु सुझाव दिये गये है। कर्मचारी संघ के द्वितीय दिवस पर दिनांक 27.10.2025 को नये प्रदेषाध्यक्ष का मण्डल के कर्मचारियों द्वारा चयन किया जावेगा। संघ के द्वितीय चरण में मण्डल की अतिक्रमण, जमिनों पर से अतिक्रमण हटाने कर्मचारियों की रेन्टल स्कीम पुनः चालू करवाने, नवीन पंजीकरण योजना चालू कराने के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।‘महासंघ के आंदोलन की सफलता में राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारियों का विषेष योगदान रहा’ जयपुर। राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ का 11वा अधिवेषन, सेक्टर-8, सामुदायिक केन्द्र, अरावली मार्ग, मानसरोवर, जयपुर में प्रदेषाध्यक्ष दषरथ कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

■ संघ के प्रदेषाध्यक्ष दषरथ कुमार जो इस माह के अन्त में सेवानिवृत हो रहे है उन्हें साफा व शाल ओढाकर माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्हं देकर सम्मानित किया

समारोह मुख्य अतिथि गोपाल सिंह, सचिव, राजस्थान आवासन मण्डल, विषिष्ठ अतिथियों में महावीर प्रसाद शर्मा प्रदेषाध्यक्ष, अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ आयुदान सिंह कवैया, पूर्व प्रदेषाध्यक्ष गिरीन्द्र मिश्र, सुखेदव सिंह रमाणा संघ के पूर्व प्रदेषाध्यक्ष, कामरेड जे.के. छंगाणी, तेजसिंह राठौड़, बन्नाराम चौधरी, मण्डल के मुख्य अभियन्ता अमित अग्रवाल, टी.एस. मीणा, विभिन्न कर्मचारी संगठन के प्रदेषाध्यक्ष, महासचिव, मण्डल के अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।

## अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाला सप्लायर गिरफ्तार

**जयपुर।** जामडोली थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पूर्व ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले एक सप्लायर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक किलो 427 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। फिलहाल आरोपी तस्करों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जामडोली थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले तस्कर रवि तेली निवासी लालसोट जिला दौसा हाल जामडोली जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी तस्कर के पास से एक किलो 427 ग्राम गांजा बरामद किया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी रवि तेली स्वयं गांजा पीने का आदि है और यह गांजा बाहर से लेकर आता है और फिर छोटी-छोटी पुड़िया बना कर बेचता है। जिससे उसका खर्चा निकल जाता है। आरोपित को यह काम करते हुए पांच महीने हो गए है। पुलिस आरोपित तस्कर से अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।


**PROCLAMATION OF SALE (Under Order 21, Rule 66)**
**IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI**
**(ORDINARY ORIGINAL CIVIL JURISDICTION)**
OMP(EFA) (COMM.) No. 2 of 2020 (Arising out of Award dated 24.07.2019)

**Collman Asia Pte. Limited**
A Company incorporated under The laws of Singapore, Having its principle place of business at 24 Raffles Place, #18-00 Clifford Centre, Singapore 048621.
(through Mr. Ratnagopal Hariprasad) Email darayusnariman@stbiliginida.com
Decree Holder

Vs.

**Stabilig Infra Pte. Limited**
A Company incorporated under the laws of Singapore, Having its office at 400 Orchard Road, #05-09, Orchard Towers, Singapore - 238875 (through Mr. Darayus Nariman)
Email: darayusnariman@stbiliginida.com
**Mr. Darayus Nariman,** An Indian National resident of 127-A, Central Avenue, Sainik Farms, New Delhi 110062. Email: darayusnariman@stbiliginida.com
Also at:16-14, Pahero Farms, Asola New Delhi.
Judgment Debtors

Notice is hereby given that, under Rule 64 of Order XXI of the Code of Civil Procedure, 1908, an order dated 22.03.2024 has been passed by this Court for the sale of the property bearing **"khasra No. 392/6 (new) (Khasra No.392/2/2 (old) (Khata No. 360 (new) & Khata No. 11 (old) & Khasra No. 392/3 (new) (Khasra No. 392/2/1 (old) (Khata No. 360 (new) & Khata No. 11 (old), on Jaipur-Ajmer Road ( NH-48), at Village Palu kalan, Patwar Halka Palu Kalan, Land Revenue Record Halka Gadani, New Tehsil Bichoon, District Dudu (Rajasthan) ["Subject Property"] And Plant and Machinery ["Subject Property"].**
**And Plant and Machinery ["Subject Property"]** in satisfaction of the claim of the decree-holder in the execution arising out of **Award dated 24.07.2019.**
**The reserve price of the land and building is fixed at Rs. 15,00,00,000/- (Rupees Fifteen Crores only); while reserve price for the plant and machinery is fixed at Rs.3,00,00,000/- (Rupees Three Crores Only), in terms of Order dated 22.03.2024.**
**The Subject Property and Plant and Machinery, will be open for inspection on 08.12.2025 from 10 AM to 4 PM at the location mentioned below.** The liabilities and claims attaching to the said property, so far as they have been ascertained, are those specified in the Annexure -A.

| SCHEDULE OF PROPERTY | DATE OF AUCTION | RESERVE PRICE (RP) |
|---|---|---|
| The Property being "Khasra No. 392/6 (new) (Khasra No. 392/2/2 (old) (Khata No. 360 (new) & Khata No.11 (old) & Khasra No. 392/3 (new) (Khasra No. 392/2/1 (old) (Khata No. 360 (new) & Khata No. 11 (old), on Jaipur-Ajmer Road (NH-48), at Village Palu Kalan, Patwar Halka Gadani, New Teshil Bichoon, District Dudu (Rajasthan) ("Subject Property")" | 05.01.2026 | Rs. 15,00,00,000/- (Rupees Fifteen Crores only) |
| Plant and Machinery ("Subject Property") | | Rs. 3,00,00,000/- (Rupees Three Crores only) |

In the absence of any order of the postponement, the sale of the property will be held by public auction by Court Auctioneer, namely, Mr. Satish Gusain, Deputy Registrar then Joint Registrar now, Delhi High Court (appointed vide order dated 12.07.2023), Mobile No. 9958007962 **on 05.01.2026.**
In the event, however, if the debt above specified and the costs of the sale being tendered or paid by the Judgment Debtor before the knocking down, the sale of the aforesaid property will be stopped.
The sale of the property shall be subject to its confirmation by the Hon'ble Delhi High Court.
At the sale, the public generally are invited to bid, either personally or by duly authorized agent. No bid by, or on behalf of the Judgment-Debtor above mentioned, however, will be accepted, nor will any sale to them be valid without express permission of the Court previously given.
Scan the following QR Codes for Conditions of Sale, Location of Subject Property, Notice of Proclamation, Schedule of Property and Orders of High Court:

1. Proclamation, Schedule of Property and Orders of High Court
2. Location of the Subject Property
3. Conditions of Sale

Given under my hand and the seal of the Court, in terms of orders dated 12.09.2025, 22.03.2024 & 22.04.2024
Deputy Registrar (O) for Registrar General


# डीओआईटी के अधिकारी ने घोटाला कर पत्नी के नाम से उठाए लाखों रुपए

**जयपुर ।** सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और राजकॉम्प इन्फो सर्विसेस में लाखों रुपए के घोटाले का एक मामला सामने आया है। दरअसल राजकॉम्प के जॉइंट डायरेक्टर प्रद्युमन दीक्षित ने यह पूरा खेल किया है। जिसने अपनी पत्नी पूनम दीक्षित के नाम पर कागजों में खेल कर दो निजी कंपनियों से पूनम के पांच अलग-अलग खातों में 37.54 लाख रुपए की राशि ट्रांसफर करवाई। दरअसल प्रद्युमन ने अपनी पत्नी पूनम को ओरियन प्रो सॉल्यूशंस और ट्रिजेन सॉफ्टवेयर लिमिटेड नामक दो कंपनियों में बिना काम किए ही कार्यरत दिखा जनवरी 2019 से सितंबर 2020 तक 37.54 लाख रुपए का भुगतान उठा लिया। जबकि इस समय अवधि में पूनम कभी भी कार्यालय नहीं गई। डाटा सेंटर में जॉइंट डायरेक्टर रहते हुए किया घोटाला इस पूरे घोटाले को लेकर परिवादी टी.एन.शर्मा ने एसीबी में शिकायत की और तमाम दस्तावेज प्रस्तुत किए। जिसके आधार पर एसीबी ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच करना शुरू किया है।


■ एसीबी की जांच में सामने आया है कि डाटा सेंटर के ज्वाइंट डायरेक्टर रहते हुए प्रद्युमन ने पद का दुरुपयोग कर ओरियन प्रो कंपनी को टेंडर दिलवाए

एसीबी की जांच में सामने आया है कि डाटा सेंटर के ज्वाइंट डायरेक्टर रहते हुए प्रद्युमन ने पद का दुरुपयोग कर ओरियन प्रो कंपनी को टेंडर दिलवाए। टेंडर दिलवाने के बदले में अपनी पत्नी पूनम के खाते में हर महीने 1.60 लाख रुपए की राशि सैलरी के रूप में डलवाई। पूनम को एक साथ दो अलग-अलग कंपनियों में कार्यरत दिखा सैलरी के रूप में लाखों की राशि ली गई। जिन दोनों कंपनियों में पूनम को कार्यरत दिखाया गया उन दोनों कंपनियों से राशि प्राप्त कर उन्हें टेंडर भी प्रद्युमन की ओर से दिलाए गए। हाई कोर्ट के आदेश पर एसीबी ने पीई दर्ज कर शुरू की जांच तथ्य प्रमाणित होने पर हुई एफआईआर पेशे से वकील परिवादी टी.एन.शर्मा ने तमाम सबूत जुटाने के बाद राजस्थान हाई कोर्ट में याचिका दायर की। राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा सितंबर 2024 में दिए गए आदेश पर जुलाई 2025 में एसीबी ने प्राथमिकी दर्ज कर शिकायत की जांच करना शुरू किया।

## लूटपाट करने वाले बदमाश को धर-दबोचा

**जयपुर।** खोरा-बीसल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चाकू दिखाकर लूटपाट करने वाले एक बदमाश को धर-दबोचा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि 26 जून 2025 को रवि सिहाग से चाकू की नोक पर लूटपाट करने के मामले में फरार चल रहे आरोपित राहुल साहू निवासी शास्त्री नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में पूर्व में एक आरोपित राहुल सिंह राठौर उर्फ रामसिया निवासी नागौर हाल हरमाड़ा को गिरफ्तार किया जा चुका है और साथ ही वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया जा चुका है।

# घर में घुसकर युवक ने चाकू से महिला का गला रेता, हालत गंभीर

## गंभीर घायल महिला को एमजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, उपचार जारी

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में रविवार की अल सुबह एक युवक ने घर में घुसकर महिला का गला रेत दिया। गंभीर घायल महिला को एमजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार सुभाष नगर थाना क्षेत्र के कुवाड़ा खान में रहने वाली 40 वर्षीय आशा कंवर पत्नी शैतान सिंह पर कोटा निवासी नवीन नामक युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक घायल महिला के साथ टाइल लगाने का काम करता था आशा और युवक आपस में भाई बहन की तरह रहते थे। रात को आरोपी अपने मां-बाप के साथ उनके घर पर आया और देर रात अचानक तीन से चार बजे के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। अलसुबह करीब छह बजे जब आशा रसोई में थी। उसी वक्त आरोपी ने सब्जी काटने के धारदार चाकू से आशा पर हमले कर दिया और बाद में आरोपी भी अंदर से दरवाजा बंद कर बैठ गया। अल सवेरे महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर आरोपी को पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया गया। वहीं घायल महिला को महात्मा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है आरोपी नवीन को पुलिस ने हिरासत में लेकर गहनता से पूछता शुरू कर दी है।



घायल महिला को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया।

- बताया जा रहा है कि आरोपी युवक घायल महिला के साथ टाइल लगाने का काम करता था, आशा और युवक आपस में भाई-बहन की तरह रहते थे
- रात को आरोपी अपने मां-बाप के साथ महिला के घर पर आया और देर रात अचानक तीन से चार बजे के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया
- आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर आरोपी को पकड़ लिया, बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया

### जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर, (निसं)। सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर चोर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित चंदेसरा निवासी ओमप्रकाश मेघवाल पुत्र लोगर मेघवाल ने बाइक सवाद दो चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि 25 अक्टूबर सवेरे घर पर ताला लगा कर काम से गया। करीब डेढ घंटे बाद लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। इस पर तलाशी ली तो सोने की टॉप्स, एक किलो चांदी के जेवरात तथा 24 हजार रूपये नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई शिवदत्तसिंह कर रहे हैं।

# घर में सो रही महिला आग लगने से जिंदा जली, मौत

## खाना खाकर कमरे में सो रही थी महिला, पंखे से शार्ट-सर्किट होने से आग लगने की आशंका जताई

श्रीगंगानगर, (निसं)। यहां देर रात को एक महिला की जिंदा जलने से मौत हो गई। महिला अपने घर में सो रही थी। इस दौरान कमरे में अचानक आग लग गई, जिसमें उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक महिला जल चुकी थी। घटना पुरानी आबादी थाना क्षेत्र में कारगिल पार्क के पास वार्ड नं-16 की है। महिला की पहचान मधु बब्बर उर्फ ममता (57) के रूप में हुई है।

महिला के लड़के यश बब्बर (27) ने बताया कि परिवार रात को 10 बजे खाना खाकर सो गया था। उसकी मां भी अपने कमरे में अकेली सो रही थी। देर रात 12:30 बजे अचानक कमरे से धुएं और आग की लपटें निकलने लगी। जिसके बाद घर में अफरा-तफरी मच गई और परिवार के लोग शोर मचाने लगे। परिवार के लोगों ने बाल्टी, बर्तनों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। शोर सुनकर पड़ोसी भी जाग गए और आग बुझाने में लग गए।

- महिला पिछले 12 साल से कैंसर से पीड़ित थी और उसका इलाज चल रहा था

घटना की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक महिला आग में झुलस चुकी थी। ममता बब्बर पिछले 12 साल से कैंसर से पीड़ित थी और उसका इलाज चल रहा था। पुरानी आबादी थाना प्रभारी रजीराम ने बताया- रात में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

आग बुझने के बाद मकान की तलाशी ली गई तो अंदर महिला का जला हुआ शव मिला, जिसकी पहचान ममता बब्बर के रूप में हुई। शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। रविवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

उदयपुर, (निसं)। शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी पोरबंदर गुजरात निवासी फग्रेन्स मुसार नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि पांच वर्ष पूर्व गुजरात में रहते हुए आरोपी से संपर्क हुआ। इस दौरान उसने नजदीकियां बढ़ने पर मुझसे शादी करने की बात कही तथा मेरे साथ दुष्कर्म किया। गत दिनों आरोपी ने मुझसे शादी करने से इनकार कर दिया। इस पर मई 2025 में वहां से लौट कर अपने पिता के पास चली आई, जहां गत दिनों उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट देकर प्रकरण दर्ज करवाया। इस पर सुखेर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटना स्थल गुजरात साणंद का होने से रिपोर्ट वहां भेजी है।

# रीको की जमीन में पड़ी मार्बल स्लरी में युवक धंसा

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। मार्बल फैक्ट्रीयों से निकलने वाली स्लरी (सफेद पाउडर) राहगीरों के लिये भारी मुसीबत बन चुका है। टूंकड़ा रोड़ स्थित सीएनजी पैट्रोल पम्प के पास रीको की जमीन में पड़ी मार्बल स्लरी में युवक धंस गया। करीब दो घंटे की मशकक्त के बाद क्रेन की मदद से युवक को बाहर निकाला जा सका।

युवक पास में ही स्थित मार्बल फैक्टरी में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है, जिसका 70 प्रतिशत शरीर स्लरी में फंस गया। गनीमत रही मोबाइल से बात करते जा रहे पीड़ित युवक की हालात देखकर किसी ने मार्बल एसोसिएशन को सूचित कर दिया। अन्यथा बड़ा हादसा घटित हो जाता।

- दो घंटे की कड़ी मशकक्त के बाद क्रेन की मदद से युवक को बाहर निकाला
- मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष जैन ने रीको के प्रति नाराजगी जताई

मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन ने तत्काल मौके पर क्रेन भेजकर युवक को सुरक्षित बाहर निकलवाया। अध्यक्ष जैन ने बताया कि रिको की लापरवाही की वजह से फैक्टरी मालिकों द्वारा काफी समय से अवैध तरीके से रिको की जमीन पर स्लरी डाली जा रही है। निरंतर दिशा-निर्देश देने के साथ रिको अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद फैक्टरी मालिक चयनित स्थान पर स्लरी डालने के बजाय मनमर्जी से कही भी स्लरी खाली कर देते हैं। यहां तक कि ट्रेक्टर में भरी हुई स्लरी ट्रैक्टर- ट्रॉली टूटी हुई होने के कारण सड़क पर स्लरी बिखरे हुए नजर आती है, इससे सड़क पर उड़ान होने से राहगीरों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

# तेज रफ्तार इनोवा कार पलटी, दो की मौत, पांच घायल

## मंडावा निवासी सात युवक झुंझुनूं में एक शादी में शामिल होकर इनोवा गाड़ी से लौट रहे थे

मंडावा, (निसं)। क्षेत्र में देर रात दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसने शादी की खुशियों को पल भर में गम में बदल दिया। तेज गति से आ रही एक इनोवा कार के बेकाबू होकर पलटने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक सड़क हादसा मंडावा के तेतरा बस स्टैंड के पास देर रात को हुआ।

जानकारी के अनुसार, मंडावा निवासी सात युवक झुंझुनूं में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे और देर रात अपनी इनोवा गाड़ी से वापस मंडावा लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाड़ी की गति बहुत तेज थी और तेतरा स्टैंड के पास पहुंचने पर गाड़ी बेकाबू हो गई। तेज रफ्तार और बेकाबू होने के कारण इनोवा गाड़ी अचानक पलट गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मंडावा पुलिस थाने से एएसआई मुलायम सिंह के नेतृत्व में एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत उपचार के लिए मंडावा के स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया।

- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाड़ी की गति बहुत तेज थी और तेतरा स्टैंड के पास पहुंचने पर बेकाबू हो गई

एएसआई मुलायम सिंह ने बताया कि इनोवा में कुल 7 युवक सवार थे। इस हादसे में 2 युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान वार्ड 11 निवासी फाजल खत्री पुत्र अकबर हुसैन और वार्ड 13 निवासी वाशिद पुत्र नबाब के रूप में हुई है। वहीं, इस हादसे में साजिद, असरफ, रेहान, हारून और अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका मंडावा के स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना का प्राथमिक कारण तेज गति और वाहन का बेकाबू होना है। दोनों मृतक युवकों के शवों का पोस्टमॉर्टम झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में कराया गया।

### अवैध शराब सहित चार गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। वृत्ताधिकारी पीपलू अरविन्द कुमार एवं थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पीपलू क्षेत्र के नयागांव नहर के पास नाथडी से अवैध देशी शराब रखने पर आरोपी कमलेश चंदेल को गिरफ्तार किया और मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 56 पव्वे अवैध देशी शराब के जप्त किये।

थानाधिकारी सोप के नेतृत्व में गठित टीम ने सोप क्षेत्र स्थित देहलवालजी धर्मशाला के पास से सुशील को 10 लीटर अवैध हथकड़ शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार दूनी थाना पुलिस ने सत्यनारायण के कब्जे से अवैध देशी शराब के 48 पव्वे जब्त किये गये एवं विष्णु कंजर पुत्र सुवा लाल कंजर के कब्जे से देवपुरा रोड कंजर बस्ती के पास दूनी से दो लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त की।

# बेकाबू कार ने भाजपा नेता की गाड़ी को टक्कर मारी

बीकानेर, (निसं)। यहां गंगाशहर क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने भाजपा नेता मोहन सुराणा सहित तीन बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। गनीमत रही कि इस दौरान किसी को चोट नहीं लगी। ये कार उदयरामसर से गंगाशहर क्षेत्र में पहुंची थी और वहां खड़ी आधा दर्जन बाइकों को चपेट में लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीन बाइक्स कार के नीचे जा घुसी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दौरान बेकाबू कार ने भाजपा नेता मोहन सुराणा की कार को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सुराणा की कार को भी नुकसान हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आसाम नंबर की यह कार तेज रफ्तार में बेकाबू होकर आई और सड़क किनारे खड़ी बाइकों में जा घुसी। हादसे के दौरान आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग घरों से बाहर निकल आए और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। गनीमत यह रही कि सभी बाइकें उस समय बाहर खड़ी थीं और उन पर कोई सवार नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही गंगाशहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। जिन लोगों की बाइक्स को नुकसान पहुंचा है, वो भी गंगाशहर थाने पहुंचे।

- सड़क किनारे खड़ी बाइकों में जा घुसी कार, ड्राइवर की तलाश में जुटी पुलिस

# नील गायों के शिकार करने वाले दो आरोपियों को डिटेन किया

बूंदी, (निसं)। पिछले दिनों करवर थाना क्षेत्र के ग्राम कल्मिया व ग्राम जरखोदा के खेतों में मिले मृत जानवरों के अवशेषों के प्रकरण में करवर थाना पुलिस ने घटना में संलिप्त अपराधियों को डिटेन किया गया है। मामले में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की थी।

जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि थाना करवर क्षेत्र के ग्राम कल्मिया व ग्राम जरखोदा के खेतों में 18 व 22 अक्टूबर की रात्रि मे मिले मृत जानवरों के अवशेषों के संबंध में वन रेंज इन्द्रगढ़ में दर्ज प्रकरण तथा वन रेंज नैनवा में दर्ज प्रकरण में बून्दी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नील गायों का शिकार करने वाले दो अपराधियों को डिटेन करने में सफलता प्राप्त की है।

इन्होंने बताया कि 18-19 अक्तूबर की रात्रि को ग्राम कल्मिया में 4 जगह खेतों में मृत जानवरों के अवशेष मिले तथा मृत जानवरों के सिर व पैर घटना स्थल पर मिले जिनके सिर में गोली मारकर शिकार करना पाया गया था। वहीं 21-22 अक्टूबर की रात्रि में ग्राम जरखोदा-नाहरगंज के खेतों मे 4 जगहों पर मृत जानवरों के अवशेष मिले थे, जिनकी शिकारियों द्वारा गोली मारकर शिकार करना पाया गया, जिनका घटना स्थल पर पोस्टमार्टम करवाये जाकर सैम्पल लिये गये। मामले में पुलिस अधीक्षक बून्दी द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुए घटना में संलिप्त अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। करवर थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह सउनि के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा घटना स्थल का मौका मुआयना और तकनीकी साक्ष्यों के गहन विशलेष्ण के आधार पर घटना में लिप्त दो आरोपियों को डिटेन किया गया है। मामले में शेष अन्य आरोपियों सहित घटना में प्रयुक्त वाहन एक काले रंग की थार व एक अन्य पुरानी थार जीप एवं घटना में प्रयुक्त हथियारों की तलाश जारी है।



करवर थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# दूषित पानी पीने से युवती की मौत

## ग्रामीणों ने फैक्टरी के बाहर दिया

उदयपुर, (निसं)। जिले के फतहनगर थाना क्षेत्र के वासनीकला पंचायत के लदाना गांव में एक युवती की मौत के बाद लोगों ने प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीण युवती का शव लेकर सीधे फैक्टरी के बाहर धरने पर बैठ गए। परिवार के लोगों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केमिकल युक्त दूषित पानी पीने से युवती की जान गई है।

ग्रामीणों के अनुसार यूएस अमीनो प्रा.लि. नामक कंपनी से निकलने वाला केमिकल आसपास के कुओं के पानी में मिल रहा है। ग्रामीण इन्हीं कुओं से पीने का पानी लाने को मजबूर हैं और किसान भी अपनी फसलों को इसी दूषित पानी से सींचने के लिए विवश हैं। धरना स्थल पर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मावली एसडीएम रमेश सिरवी पहुंचे। हालांकि ग्रामीणों ने एसडीएम को घेर लिया और उन्हें बोतल में भरा हुआ वही दूषित पानी पीने के लिए कहा, जिससे युवती की मौत होने का आरोप है। एसडीएम ने पानी पीने से इनकार कर दिया। लोगों ने ये पूछा कि आखिर अब तक फैक्टरी बंद क्यों नहीं हुई, इस पर एसडीएम बोले कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने हमें कहा कि फैक्टरी बंद है। इस पर ग्रामीण भड़क गए और बोले कि फैक्टरी चालू है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग झूठ बोल रहा है। ग्रामीण फैक्टरी की सील करने की मांग पर अड़े हैं।

- परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि केमिकल युक्त दूषित पानी पीने से युवती की जान गई है

फैक्टरी के बाहर ग्रामीण शव के साथ एक पानी की बोतल भी लेकर बैठे हैं, जिसका रंग केमिकल की तरह झक पीला है। वहीं फैक्टरी के ठीक पास के कुएं का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें पीले रंग का पानी निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को कई बार शिकायत कर चुके। धरने-प्रदर्शन दे चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया

पावटा, (निसं)। प्रागपुरा थाना पुलिस ने अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर द्वारा एक विशेष अभियान के तहत वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था, जिसकी पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन व प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए प्रकरण में फरार चल रहे मालीराम पुत्र भैरुराम, मनीष पुत्र धूणाराम को गिरफ्तार किया। प्रागपुरा थानाधिकारी कश्मीर सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 14 सितंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट के अनुसार मेरी बेटी का मालीराम पुत्र भैरुराम, मनीष पुत्र धुणाराम ने अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया, जिस पर मामला दर्ज कर वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत द्वारा अनुसंधान प्रारंभ किया गया।



प्रागपुरा थाना पुलिस ने अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

पावटा, (निसं)। सट्टे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस की टीम जुआ और सट्टा खेलने वाले अपराधियों पर लगातार नकेल कसने का काम कर रही है। विराटनगर थाना पुलिस ने भी सट्टे के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से रुपए भी बरामद किए गए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्रवाई हेतु विशेष अभियान की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन व विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर विराटनगर थाना क्षेत्र के ग्राम छितौली में रुपयों पर हार जीत का दाव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेलने वाले अभियुक्त दीपक शर्मा, पप्पू उर्फ धोलाराम, धर्मपाल को 4900 रुपए व ताश के पत्तों सहित गिरफ्तार किया है।

# आसींद क्षेत्र के गांव बगतु का खेड़ा में पेयजल संकट गहराया, ग्रामीण परेशान

## पिछले छह महीने से गांव में चंबल पेयजल परियोजना का पानी नहीं आ रहा है, लोग एक हजार रुपये देकर पानी का टैंकर मंगवा रहे हैं

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के आसींद क्षेत्र की कावलाश पंचायत के गांव बगतु का खेड़ा में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे ग्रामीण, खासकर महिलाएं बेहद परेशान हैं। पिछले छह महीने से गांव में चंबल पेयजल परियोजना का पानी नहीं आ रहा है, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि उन्होंने कई बार स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। पानी की कमी के चलते ग्रामीणों को लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित कुएं से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके अलावा, कई परिवारों ने अपने घरों में पानी के टैंक बना रखे हैं, जिनमें उन्हें 1000 रुपये खर्च करके टैंकर से पानी डलवाना पड़ता है।

ग्रामीण पप्पू गुर्जर ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि न तो पशुओं के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है और न ही घरों के उपयोग के लिए समय पर पानी मिल पाता है। पेयजल संकट से त्रस्त महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान कई ग्रामीण मौजूद रहे। महिलाओं ने यह भी बताया कि करीब तीन साल पहले गांव में चंबल पेयजल लाइन डाली गई थी, लेकिन लाइन डालने के बाद एक दिन भी नियमित रूप से पानी नहीं आया। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में एक या दो बार पानी आया होगा, लेकिन उसके बाद से एक भी बार पानी नहीं आया है। उन्होंने जोर देकर बताया कि पिछले छह महीने से तो गांव में एक बूंद भी पानी नहीं आया है। इतना ही नहीं, ग्रामीणों के अनुसार गांव में एक मात्र हैंडपंप है, वह भी खराब पड़ा है, जिससे पानी का कोई वैकल्पिक स्त्रोत भी उपलब्ध नहीं है। महिलाओं सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द चंबल परियोजना की लाइन को दुरुस्त कर गांव में नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

- ग्रामीणों को लगभग एक किमी दूर स्थित कुएं से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है
- परेशान महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर चंबल परियोजना की लाइन को दुरुस्त कर गांव में नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की

## चुनावी सामग्री और एग्जिट पोल के प्रदर्शन पर रोक

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने 6 अक्टूबर, 2025 को बिहार विधान सभा के आम चुनाव और उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की। बिहार चुनाव में मतदान क्रमशः 6 नवंबर, 2025 और 11 नवंबर, 2025 को दो चरणों में होगा और राजस्थान में अंता विधानसभा के लिए उपचुनाव 11 नवंबर, 2025 को होगा।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (बी), किसी भी मतदान क्षेत्र में किसी भी चुनाव के लिए मतदान के समापन के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाले अड़तालीस घंटे की अवधि के दौरान, अन्य बातों के साथ-साथ, टेलीविजन या इसी तरह के उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी सामग्री को प्रदर्शित करने पर रोक लगाती है।

उपरोक्त धारा में निर्दिष्ट 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों की विषय-वस्तु में पैनलिस्टों/प्रतिभागियों के विचार/अपील सहित ऐसी कोई सामग्री शामिल न हो जिसे किसी विशेष पार्टी या उम्मीदवार (या उम्मीदवारों) की संभावनाओं को बढ़ावा देने/पूर्वाग्रहित करने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने वाला माना जाए। इसमें किसी भी जनमत सर्वेक्षण का प्रदर्शन भी शामिल है।

# प्याज ने निकाले किसानों की आंखों से आंसू : रामपाल जाट



**लाल कोठी जयपुर में स्थित किसान भवन में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने बैठक को संबोधित किया।**

- **6 अक्टूबर की स्थगित अन्नदाता हुंकार रैली' के स्थान पर 30 दिसंबर 2025 को जयपुर में आयोजन का निश्चय किया**

**जयपुर।** प्याज के दामों में वर्ष 2019 के फरवरी माह के उपरांत सितंबर 2025 में 49.5 की गिरावट आई। इसकी पुष्टि 'उपभोक्ता मूल्य सूचकांक' ने भी की है। यह सरकार की आयात-निर्यात सहित अन्य नीतियों का परिणाम है। सरकार के आकलन के अनुसार 1 किलो प्याज की उत्पादन लागत 8 से लेकर 10 रुपए प्रति किलो है और उत्पादक किसानों के अनुसार यह 18-20 रूपये प्रति किलो है। जबकि किसानों को खैरथल मंडी में 1 किलो प्याज 5 रुपए में बेचने को विवश होना पड़ रहा है। जिन उपजों के 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' घोषित नहीं होते सरकार ने इस प्रकार के आकस्मिक घाटों से उनके उत्पादकों को बचाने के लिए 'बाजार हस्तक्षेप योजना' बनाई हुई है, किंतु सरकार ने उसके लिए अभी कार्यवाही आरंभ भी नहीं की है।

इसी प्रकार भारत सरकार द्वारा 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' घोषित होने के उपरांत भी सरकारी खरीद की व्यवस्था नहीं होने से किसानों को मक्का, उड़द, मूंगफली, मूंग, बाजरा, सोयाबीन, कपास जैसी उपजों को 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' से कम दामों पर बेचने को विवश होने से एक क्विंटल पर 3000 रुपए तक का घाटा उठाना पड़ रहा है। राजस्थान सरकार की ओर से किसान महापंचायत के प्रतिनिधि मंडल के साथ 3 अक्टूबर 2025 को हुई वार्ता में किसानों की मांगों पर बनी सहमती के अनुसार राजस्थान सरकार द्वारा सार्थक कार्यवाही नही की गयी है। इससे किसानों में उपजे असंतोष को व्यक्त करने के लिए 17 नवंबर सोमवार को किसान महापंचायत की 'प्रदेश कार्य समिति' जयपुर के शहीद स्मारक पर तथा जिला समितियां जिला मुख्यालयों पर धरना आयोजित करेंगी। ये विचार प्रदेश के प्रमुख कार्यकर्ताओं की लाल कोठी जयपुर में स्थित किसान भवन में संपन्न बैठक को संबोधित करते हुए किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने प्रकट किए।

बैठक 6 अक्टूबर को स्थगित की गई अन्नदाता हुंकार रैली एवं आगामी रणनीति पर विचार करने के लिए आहूत की गई थी। जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घासीराम फगोडिया एवं रोतास बोहरा, प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपीराम डबास, प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल भावरिया एवं जगदीश नारायण खुडियाला, प्रदेश मंत्री भल्लाराम एवं मनजिंदर सिंह अटवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, जिला अध्यक्षों में क्रमशः जयपुर, खैरथल -तिजारा, एवं टोंक के रामधन गुर्जर, वीरेंद्र क्रांतिकारी एवं गोपीलाल जाट, अजमेर जिला महामंत्री चतुर्भुज चौधरी, तहसील अध्यक्षों में हरसौली के शेर सिंह दहिया एवं मुंडावर के रामभरोस यादव, कोटखावदा तहसील के अध्यक्ष गोपाल मीणा, दूदू उपखंड उपाध्यक्ष रामकिशोर दाधीच, श्रीमाधोपुर तहसील के उपाध्यक्ष मुरलीधर मोड जैसे प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में'मन की बात'' कार्यक्रम को सुना



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा तथा रजनीश चनाना सहित पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और देश के विकास के लिए निरंतर जनसहभागिता बढ़ाने के संकल्प को दोहराया। भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि ''मन की बात'' समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रेरित करती है और जनजागरण का एक प्रभावी माध्यम बन चुकी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और देश के सर्वांगीण विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

### कलाकारों की पेंटिंग्स मुम्बई की आर्ट गैलेरी में कल से होंगी डिसप्ले



**जयपुर।** देश के छह मशहूर आर्टिस्ट्स की मिनिएचर पेंटिंग्स की एग्जीबिशन मुम्बई की जहांगीर आर्ट गैलेरी में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक लगाई जाएगी। सात दिवसीय प्रदर्शनी में दिल्ली के पद्मजय प्रकाश, हिमाचल की प्रिया गुप्ता, मुम्बई की आमी जावेरी, जयपुर के शिल्पगुरु नंदकिशोर वर्मा व हरीनारायण मारोटिया व शिल्पगुरु बाबूलाल मारोटिया के करीब 45 से अधिक आर्ट वर्क डिसप्ले किए जाएंगे। जयपुर के शिल्पगुरु बाबूलाल मारोटिया ने बताया कि प्रदर्शनी के दौरान तमाम आर्टिस्ट्स अपनी कला का लाइव डेमो भी देंगे। प्रदर्शनी में अधिकतर चित्र विभिन्न शैलियों के आधार पर जैसे जयपुर शैली, कांगड़ा, मुगल, किशनगढ़ समेत बसोली शैली के दिखाई देंगे। गौरतलब है कि साल 2017 में शल्पगुरु बाबूलाल मारोटिया की एकल चित्र प्रदर्शनी मुंबई की जहांगीर आर्ट गैलेरी में लगाई जा चुकी है।

### श्रद्धांजलि अर्पित की



**जयपुर।** हिंदी फिल्मों के सुप्रसिद्ध हास्य अभिनेता स्वर्गीय गोरधन असरानी ,जिन्हें लोग प्यार से असरानी कहते थे ,उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शास्त्री नगर के झूलेलाल मंदिर में सैकड़ों लोग एकत्र हुए पंचायत के अध्यक्ष हरीश असरानी और समिति के अध्यक्ष दिलीप हरदासानी ने बताया कि उनका जन्म 1 जनवरी 1941 को जयपुर में हुआ था ।उनकी शिक्षा सेंट जेवियर्स स्कूल और राजस्थान कॉलेज में हुई थी ।उन्हें बचपन से ही अभिनय का शौक था । चंद्र प्रकाश खेतानी एडवोकेट ने कहा कि उन्होंने अपनी पहचान अपने गौत्र से बनाई और सिंधी भाषा के प्रति अपना प्रेम प्रकट किया । श्रद्धांजलि देने वालों में उनके परिवार के अशोक असरानी सहित समाज के प्रमुख लोग ज्ञान देव आहूजा ,चंद्र प्रकाश खेतानी एडवोकेट ,हरीश असरानी,दिलीप हरदासानी,पार्षद जितेंद्र लखवानी ,तुलसी संगतानी ,हितेश आडवाणी , अमर गुरबाणी ,मोहन नानकानी ,रतन ऐलानी ,कैलाश आडवाणी,दिलीप पारवानी ,दिलीप भूरानी, दीपक डुलानी एडवोकेट ,सुंदर विधानी , लक्ष्मण कृपलानी ,सुरेश सब्दाणी,अर्जुन सचदेव ,पुरूषोतम गुलवानी,घनश्याम रायसिंघानी , प्रदीप रूपवाणी,भागचंद शाहनी मातृ शक्ति की सोनिया उधवानी सहित सैंकड़ों समाज बंधु उपस्थित थे।

### पत्रकार कॉलोनी मे अन्नकूट का आयोजन

**जयपुर।** पत्रकार कॉलोनी विकास समिति के तत्वावधान में सामुदायिक केंद्र पार्क में शिवालय पर अन्नकूट का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने पंगत प्रसादी जीमी। समिति के अध्यक्ष कानाराम कड़वा, महासचिव नरेंद्र सर्वोदयी, जेपी गुप्ता, बृजशरण गुप्ता, मदन जैन ने बद्रिश्र्वमन्दिर मे कढी, बाजरा, चावल, मूंग, सब्जी पूरी का भोग लगाया। समिति पिछले पांच साल से अन्नकूट और पौष बड़ा का आयोजन करती रही है। अन्नकूट प्रसादी मे कांग्रेस नेता सुनील सिंघानिया, वरिष्ठ पत्रकार राधे श्याम दुसाद, श्याम माथुर, श्याम सुंदर शर्मा, अजीत तिवारी, मोहन मंगलम, पूनम चन्द्रा , डॉ जेपी गुप्ता गोविंद गोयल सहित कॉलोनी के सैकड़ों स्त्री पुरुष शामिल हुए।

### अन्नकूट महोत्सव में उमड़े लोग

**जयपुर।** दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा आत्माराम ब्रह्मचारी गणेश मंदिर में विशाल अन्नकूट महोत्सव रविवार को आयोजित हुआ। इस मौके पर 25 हजार के आसपास श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान आसपास का क्षेत्र प्रथम पूज्य के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल व उपाध्यक्ष व संयोजक संजय पतंगवाला ने बताया कि महोत्सव के तहत सबसे पहले प्रथम पूज्य बंगाली बाबा व स्वयं आत्माराम जलेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार कर अन्नकूट प्रसादी का भोग लगाया गया। इसके बाद सबसे पहले विभिन्न मंदिरों के संत-महंतों ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद देर रात तक दिल्ली रोड,आगरा रोड व जयपुर की विभिन्न कॉलोनियों के 25 हजार श्रद्धालु प्रथम पूज्य के जयकारों लगाते हुए टोलियों के रूप में प्रसादी ग्रहण के लिए पहुंच रहे। यह सिलसिला दोपहर से शुरू होकर देर रात्रि में जाकर थमा। इस दौरान 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर श्रद्धा भाव से प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान करीब 350 के आसपास सेवादारों ने पंगत में बैठे श्रद्धालुओं को प्रसादी ग्रहण करवाई। इस दौरान आसपास का गाइये गणपति वंदन.जय बोलो गणेश जी की...बोलो अंजनी सुत की जय...जैसे भजनों व जयकारों की मधुर स्वर लहरियों से आसपास का क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

### दीपावली मिलन समारोह में एकता, संस्कृति और सेवा का संदेश

जयपुर। समाज में एकता, संस्कृति और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से माथुर सभा, जयपुर द्वारा शुक्रवार को भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन उत्साह, सौहार्द और सामाजिक एकता के वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद माथुर रहे, जो चिकित्सा क्षेत्र की एक प्रतिष्ठित हस्ती हैं। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ।

## 36.95 ग्राम स्मैक सहित दो तस्कर गिरफ्तार

- **पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए 36.95 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित राहुल वर्मा और साहिल को गिरफ्तार किया है**

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए 36.95 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए 36.95 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित राहुल वर्मा और साहिल को गिरफ्तार किया है और दोनों ही आरोपत ट्रांसपोर्ट नगर इलाके के रहने वाले है। इसके अलावा मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में जानकारी कर रही है।

अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा

वहीं दुसरी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है और उनके पास से अवैध देशी शराब की 23 पेटी सहित शराब परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस ने अवैध देशी शराब की तस्करी करने वाले अविनाश देवली जिला टोंक और देवेन्द्र निवासी आमेर को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध देशी शराब की 23 पेटी जिसमे 1104 पव्वे जब्त किए है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

## राज्य सरकार योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध

- **पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के तहत दूध पाउडर के दुरुपयोग पर 5 शिक्षक निलंबित**
- **पीईईओ और यूसीईईओ करेंगे विद्यालयों का गहन निरीक्षण**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में स्कूली शिक्षा विभाग ने पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के तहत दूध पाउडर के दुरुपयोग की खबर का संज्ञान लेते हुए संलिप्त कार्मिकों पर कड़ी कार्रवाई की है।विभाग ने उक्त प्रकरण में प्रारंभिक जांच में दोषी पाए गए शीला बलाई (शिक्षिका स्तर-1-राजकीय प्राथमिक विद्यालय, जाटों की ढ़ाणी, गंगावास, कल्याणपुर), सुरेश कुमार (प्रबोधक-राजकीय प्राथमिक विद्यालय, नागणेसियों की ढ़ाणी, गंगावास, कल्याणपुर), मंगलाराम (वरिष्ठ अध्यापक-राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, भारी नगर, बावड़ी, जोधपुर), पप्पाराम गोदारा (व्याख्याता-राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नागाणा फाटा, बालोतरा) और राजेश मीणा (प्रधानाचार्य-मनमोरों की ढाणी) को सीसीए (1958) के नियम 13(1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने उक्त प्रकरण की जांच के लिए स्कूल शिक्षा निदेशालय, बीकानेर के अधीन एक तीन सदस्यीय समिति का गठन भी किया है।

यह उच्च स्तरीय जांच समिति दूध पाउडर के दुरुपयोग की खबर में उल्लेखित तथ्यों का सत्यापन करेगी, साक्ष्य एकत्र करेगी और चार दिनों में एक विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस दौरान यदि किसी अधिकारी या शिक्षक की संलिप्तता की पुष्टि होती है, तो राजस्थान सिविल सेवा (सीसीए) नियम, 1958 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।प्रदेशभर के विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के लिए सामग्री के किसी भी दुरुपयोग की रोकथाम सुनिश्चित करने के क्रम में स्कूली शिक्षा विभाग ने सभी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों को तीन दिनों के भीतर सत्यापित कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही, सभी पीईईओ (पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी) और यूसीईईओ (शहरी क्लस्टर प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी) को अपने अधिकार क्षेत्र में किन्हीं दो स्कूलों (कुल लगभग 22,500 स्कूल) का गहन निरीक्षण कर जिला शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश भी जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि सभी स्कूलों में स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

## व्यंग्यकार प्रभात गोस्वामी को साहित्य भूषण सम्मान


**जयपुर।** व्यंग्यकार प्रभात गोस्वामी को हिंदी अकादमी, मुंबई की ओर से व्यंग्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए साहित्य भूषण सम्मान अर्पित किया है। हिंदुस्तानी भाषा अकादमी ,दिल्ली के सभागार में शनिवार देर शाम आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के साहित्यकारों,शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि संस्था हिंदी भाषा के विश्व स्तर पर प्रचार - प्रसार के लिए देश - विदेश में कार्यक्रमों का आयोजन करती है। जहां हिंदी साहित्य की विभूतियों का सम्मान भी किया गया है। गोस्वामी विगत कई वर्षों से व्यंग्य लेखन कर रहे हैं। गोस्वामी के व्यंग्य देश के प्रमुख पत्र - पत्रिकाओं में नियमित रूप से प्रकाशित हो रहे हैं। बॉक्स एफएम पर उनका साप्ताहिक कार्यक्रम - व्यंग्य के रंग प्रभात के संग काफी लोकप्रिय रहा,जिसमें देश के सुपरिचित व्यंग्यकारों से साक्षात्कारों का प्रसारण हो चुका है। गोस्वामी को व्यंग्य लेखन के लिए अनेक पुरस्कार,सम्मान मिल चुके हैं।

## रिश्तेदार ने किया नाबालिग से दुष्कर्म

**जयपुर।** चाकसू थाना इलाके में रिश्तेदार ने ही नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया और किसी को ये बात बताने पर जान से मारने की धमकी । जिसके बाद आरोपी ने पीड़िता के अश्लील वीड़ियों सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। गुस्साए परिजनों ने पीड़िता को थाने ले जाकर आरोपी के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

मामले की जांच कर रहे थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली पीड़ित पिता ने मामला दर्ज कराया है कि रिश्तेदार होने के कारण आरोपी का घर पर आना जाना था। आरोपी ने नाबालिग के अकेलपन का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को ये बात बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

## उपमुख्यमंत्री ने हाथोज धाम में बालाजी के दर्शन किये व अन्नकूट महोत्सव में शिरकत की


**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हाथोज धाम में दक्षिणमुखी बालाजी के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हाथोज धाम स्थित दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत एवं विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य ने उपमुख्यमंत्री को विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना करवाई और आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर स्वामी बालमुकुंद आचार्य द्वारा आयोजित अन्नकूट महोत्सव में भी दिया कुमारी ने सहभागिता की। उन्होंने श्रद्धालुओं को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश देता है। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और अन्नकूट प्रसाद का लाभ लिया।

विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में अग्रवाल समाज समिति के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी शिरकत की। समिति सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव मनोज खेतान, कोषाध्यक्ष दिनेश टेकरीवाल, पार्षद संतोष अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, समाजसेवी दिनेश मित्तल, महिला मंडल एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## शिक्षा विभाग का स्टाफिंग पैटर्न हो छात्रहित में : पुष्करणा

- **राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने पदोन्नितयां,नवीन शैक्षिणक सत्र और अन्य मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री दिलावर से की वार्ता**

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में शिक्षा जगत के ज्वलंत मुद्दों को लेकर शिक्षा मंत्री मदन लाल दिलावर से वार्ता की।इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में संगठन के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा उपस्थित रहे।

संगठन के प्रदेश महामंत्री लखारा ने बताया कि संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने आज शिक्षामंत्री कार्यालय में शिक्षा मंत्री से विभिन्न शिक्षक समस्याओं पर त्वरित निर्णय लेने का आग्रह किया।आज की वार्ता में संगठन ने सरकार द्वारा अब तक किए पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त स्थानांतरण और ऐतिहासिक पदोन्नितयों के लिए धन्यवाद देते हुए शिक्षा मंत्री से अन्य सभी संवर्गों की पदोन्नितयां भी शीघ्र करने की मांग रखी।साथ ही विद्यालयों को दी जाने वाली सीएसजी व अन्य मद की राशि शीघ्र जारी करते हुए भविष्य में जुलाई माह में ही आवंटन करने,शिक्षा विभाग में होने वाले स्टाफिंग पैटर्न को छात्रहित में करने और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शिक्षकों की ड्यूटी दूरस्थ स्थानों से नहीं लगाने की मांग की।

प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने कहा कि आज शिक्षा मंत्रीजी से संगठन ने स्पष्ट रूप से विभाग की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।संगठन ने सरकार के रंग रोगन को लेकर की गई पहल का स्वागत करते हुए कहा कि आगामी वर्षों में रंगरोशन की राशि सीधे विद्यालयों या अन्य एजेंसी को दी जाए।

## नाहरगढ़ जैविक उद्यान में टाइगर सफारी बनी आकर्षण का केंद्र

- **रविवार को 2208 पर्यटकों ने किया भ्रमण, 217 पर्यटकों ने लायन व टाइगर सफारी का लिया रोमांचक अनुभव**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रविवार को पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। बदलते मौसम के सुहावने मिजाज और छुट्टी के दिन के उत्साह ने पर्यटकों को प्रकृति की गोद में खींच लाया। कुल 2208 सैलानियों ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान का भ्रमण कर वन्यजीवों का नजदीक से अवलोकन किया।

सहायक वन संरक्षक देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि लायन सफारी और टाइगर सफारी पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण बनी रहीं। 217 पर्यटकों ने दोनों सफारियों का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया और शेर व बाघ की चंचल अदाओं को देख उत्साहित हुए। बाघों की गर्जना और शेरों के शाही ठाठ ने पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उन्होंने बताया कि नाहरगढ़ जैविक उद्यान में संचालित तीन प्रमुख सफारियां - लेपर्ड सफारी, टाइगर सफारी और लायन सफारी - इन दिनों जयपुरवासियों और बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए बड़ी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शहर के मध्य में प्राकृतिक हरियाली और वन्यजीवों का यह संगम, लोगों को पारिवारिक सैर और रोमांच का अनूठा अनुभव प्रदान कर रहा है।

मुख्य वन संरक्षक डॉ. टी. मोहनराज के निर्देशन में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं और प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डीसीएफ विजयपाल सिंह और एसीएफ देवेंद्र सिंह राठौड़ ने रविवार को सफारियों की सघन मॉनिटरिंग की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# 'गहलोत संविधान की रक्षा पर भाषण देने से पहले अपनी पार्टी के इतिहास में झांककर देंखे'

- **कांग्रेस ने देश में एक बार नहीं बार-बार, कई बार संविधान और लोकतंत्र की हत्या की:- मदन राठौड़**
- **भाजपा संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध :- मदन राठौड़**
- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अशोक गहलोत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा संविधान की रक्षा की है**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अशोक गहलोत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा संविधान की रक्षा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब पहली बार संसद पहुंचे थे, तो उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर प्रणाम किया और शपथ ग्रहण से पूर्व संविधान की प्रति को अपने मस्तक पर लगाया। यह भाजपा की संविधान के प्रति निष्ठा का प्रतीक है।

वहीं कांग्रेसी नेताओं को संविधान की रक्षा पर भाषण देने से पहले अपने इतिहास में झांककर देखना चाहिए। कांग्रेस ने बार-बार संविधान की अवहेलना की है।

राठौड़ ने कहा कि शाहबानो प्रकरण में जब सुप्रीम कोर्ट ने एक मुस्लिम महिला को न्याय दिलाया था, तब कांग्रेस सरकार ने संविधान में संशोधन कर उस निर्णय को पलट दिया। यह संविधान की भावना की हत्या थी। कांग्रेस ने देश में एक बार नहीं, 50 बार जनता द्वारा चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया, जो लोकतंत्र और संविधान दोनों के साथ खिलवाड़ था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि 1975 की इमरजेंसी के दौरान कांग्रेस ने पूरे देश में संविधान को ताक पर रख दिया था, नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे, प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई थी और विरोध की आवाज़ को दबा दिया जाता था और गहलोत आज संविधान की दुहाई दे रहे हैं, तो उन्हें पहले अपने दल के काले इतिहास को याद करना चाहिए, जिन्होंने संविधान को बार-बार रौंदा, वे आज संविधान के रक्षक बनने का नाटक कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश संविधान के आदर्शों पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से आगे बढ़ रहा है।

भाजपा संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस का संविधान के प्रति वास्तविक रवैया तो उस समय सबके सामने आया जब राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान 2013 में संसद के अंदर एक महत्वपूर्ण अध्यादेश को फाड़ दिया था। यह घटना लोकतंत्र के मंदिर संसद का अपमान थी और यह दिखाती है कि कांग्रेस नेतृत्व के लिए संविधान, संसद और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का कोई सम्मान नहीं है।

ARBiT it happens here...




## World Day for Audiovisual Heritage

Observed annually on October 27, World Day for Audiovisual Heritage, established by UNESCO, highlights the importance of preserving films, audio recordings, broadcasts, and other audiovisual materials. These records capture the cultural, historical, and social heritage of communities, providing a window into the past for future generations. The day encourages governments, institutions, and individuals to safeguard these invaluable resources from deterioration, obsolescence, and loss. Across the globe, events, screenings, and workshops are organized to raise awareness about the significance of audiovisual archives. By celebrating this day, the world emphasizes the role of audiovisual heritage in education, culture, and collective memory.

राष्ट्रदूत
MONDAY
27 October 2025
A-B

#GAVRILO PRINCIP

# The Spark that Ignited World War I

It was a single act of violence, the assassination of Archduke Franz Ferdinand of Austria-Hungary, that served as the immediate trigger



The outbreak of World War I in 1914 was the result of a complex web of political tensions, alliances, and longstanding rivalries between Europe's great powers. However, it was a single act of violence, the assassination of Archduke Franz Ferdinand of Austria-Hungary, that served as the immediate trigger. The man behind that act was Gavrilo Princip, a 19-year-old Bosnian Serb nationalist. While Princip did not cause the war on his own, his



actions played a pivotal role in pushing Europe into one of the deadliest conflicts in human history.

## Who Was Gavrilo Princip?

Gavrilo Princip was born in 1894 in what was then the Austro-Hungarian Empire (present-day Bosnia and Herzegovina). He came from a poor, rural Serb family and grew up under foreign rule, which fed his nationalist beliefs. Influenced by the rising tide of Slavic nationalism, he became involved with a secret organization known as 'Young Bosnia,' which sought to liberate South Slavs from Austro-Hungarian control.

Princip was also linked to the Black Hand, a secret Serbian nationalist group with strong anti-Austrian sentiments. This organization was involved in planning the assassination of Archduke Franz Ferdinand, the heir to the Austro-Hungarian throne.

## The Assassination of Franz Ferdinand

On June 28, 1914, Archduke Franz Ferdinand and his wife, Sophie, were visiting Sarajevo, the capital of Bosnia. A group of assassins, including Princip, had been positioned along their route. After a failed bomb attempt earlier in the day, fate gave Princip another chance when the Archduke's car took a wrong turn and stopped near the café where Princip happened to be.

Seizing the opportunity, Princip stepped forward and shot both Franz Ferdinand and Sophie, killing them almost instantly.

## The Aftermath: A Chain Reaction

The assassination shocked the world and set off a chain reaction among Europe's interconnected alliance systems:

1. Austria-Hungary blamed Serbia for the assassination and issued an ultimatum.
2. When Serbia's response failed to meet all demands, Austria-Hungary declared war on Serbia on July 28, 1914.
3. Russia mobilized to support Serbia.
4. Germany, allied with Austria-Hungary, declared war on Russia.
5. France and Britain, allied with Russia, were soon drawn in.
6. By early August, all major European powers were at war.

## Was Gavrilo Princip Responsible for World War I?

While Gavrilo Princip's actions were the immediate cause of the war, historians agree that the roots of World War I lay much deeper:

- **Nationalism:** Ethnic groups across Europe were demanding independence.
- **Imperialism:** Rivalries over colonies had intensified tensions.
- **Militarism:** European powers were heavily armed and ready for war.
- **Alliances:** A rigid system of alliances turned a regional conflict into a global war.

In this context, Princip was the match that lit the powder keg, but not the one who built it.



# A Painting Of Jehangir's Turkey

Toreen was possibly confused by the Swedish name for turkeys, Kalkon, deriving from Calicut (Kozhikode). In several north European languages, this Kerala port is assumed to be the source of many exotic products, so, quite likely, these weird-looking birds as well. This may have been a trading tactic on the part of the Portuguese to keep their real origins unclear. Their own word for the birds, Galinha de Peru, acknowledged its American origins, Peru being at one point a general term for all the Spanish American possessions. But other languages often assume an Indian origin, like the French d'Inde, which became Dindon. The Turkish name for the birds is similar to Hindi, meaning Indian. The British went out on a limb of their own by assuming they came from Turkey.



A painting of a North American Turkey.

● Kshema Jatuhkarna

The emperor Jehangir was fascinated by a turkey. In his memoir *Tuzk-e-Jahangiri*, he wrote: "Its head and neck and the part under the throat are every minute of a different colour. When it is in heat, it is quite red, one might say it had adorned itself with coral, and after a while, it becomes white in the same places, and looks like cotton."

This is standard behaviour for a male Meleagris gallopavo, the North American turkey. The skin on its head can switch between blushing red, mottled blue and livid white because of collagen fibres interspersed with blood cells that lie just beneath the skin. As the blood vessels contract or expand according to the male turkey's mood, they alter how light reflects off the skin, causing the colour to change.

Jehangir ordered that a painting be made of the bird "so that the amazement that arose from hearing of them might be increased." This was made by Ustad Mansur, the leading painter at his court, and it is an extraordinary image. Partly, it is the accuracy with which the turkey is depicted, both strange and beautiful within a golden floral border. But partly, too, it is for how the image freezes a moment in the complex, centuries long-process known as the Columbian Exchange, the global transfer of plants and animals between New and Old Worlds after Christopher Columbus made contact with the Americas in 1492.

Historians have shown that others probably reached the Americas before Columbus, but his voyages were documented and took American products back to Europe. In that sense, it is appropriate that the Exchange is named after him. Turkeys were among the first products he brought back, along with tobacco, pineapples and chillies (and several Taino natives). Their colour changing heads, swaggering gait, distinctive feathers and tail and, above all, their size, larger than other poultry, but still small enough to transport easily on ships, made them living symbols of the weirdness and wonders of the New World.

Turkeys had already been domesticated by American tribes, so were easier to transport than wild animals. This was an important consideration in the days of long sea voyages when space and fresh water were both in short supply on ships. Birds and small animals, like monkeys, were easiest to transport and a trade soon developed in exotic animals. The Portuguese quickly realised this opportunity. Their king, John II, had declined to support Columbus, preferring to focus on the eastern route, around Africa, to Asia. But on Columbus's return from that first voyage, bad weather forced him to land in Lisbon first, so, the Portuguese were the first to learn of his discovery and the products he got back.



Ustad Mansur, the leading painter at Jahangir's court.

#FOOD

## Opposite Trajectory

One hundred and twenty years later, Jehangir obtained his turkey from them. In 1612, he ordered Muqarrab Khan, a trusted courtier, 'to go to the port of Goa and buy for the private use of the government certain rarities procurable there.' Goa barely features in the narratives of the great Mughals, but it was clearly known as an entry point for exotics, many of them from the New World. The Portuguese acquired a reputation as the catalysts of the Columbian Exchange, credited with spreading products like chillies, tomatoes, potatoes and cashews across the world.

The process was complex. The standard narrative presents a trajectory, across the Atlantic and then Indian Ocean, for products from the New World, with certain places, such as the Portuguese enclaves of Goa, Malacca and Macao, being gateway points. But historians have started paying increasing attention to the opposite trajectory across the Pacific that was taken by the so-called Manila galleons, fleets of Spanish ships that sailed between Acapulco in Mexico and Manila in the Philippines from around 1565 to 1815. This was the link that made the world's trading network truly global.

Brian R. Dott, in his book *The Chile Pepper in China*, argues that this direct connection with Mexico, a central point for chile biodiversity, explains their rapid spread through East Asia. Analysing the names for chillies in the region, he finds 57 terms that broadly divide into three categories, which, he suggests, indicates the three routes they took from the Philippines, through South East China, North East China and Formosa (Taiwan). The Portuguese may well have played a role here, taking chillies west through South East Asia and then India. But another route might have been overland from Southern China to North East India, which would explain the prevalence of potent chillies like *bhut jolokia* in that region.



Spanish conquest of Mexico.

Another crop that probably took this route was the papaya. We rarely think much about the antecedents and importance of this mild-tasting fruit, but in 2022, India produced around 5.3 million tonnes of it, far more than the next biggest producer, the Dominican Republic, with 1.3 million tonnes. That represents 38% of world production, which is quite something for a fruit that originated in Mexico (which grows 1.1 million tonnes). Why India took so enthusiastically to papayas is a mystery, but one key fact in the general dissemination of both papayas and chillies is that they grow easily and fast from seeds, which would have helped their transport and replanting after they crossed the Pacific. The Portuguese influence in the Columbian Exchange can also be misleading. It is commonly asserted that they brought potatoes to India, again through Goa, but this seems unlikely. Potatoes are temperate crops and their centres of origin are in the Andes, which were Spanish possessions, while Portuguese Brazil was tropical and unlikely to grow them. Even assuming that they took them from the Spanish, like turkeys, Goa does not provide the right conditions to grow them. It seems far more likely that potatoes were a later introduction, by the British in the 19th century.

What the Portuguese probably did introduce were sweet potatoes, a tropical American crop which grows easily in Goa. Their Portuguese name, batata, was appropriated by potatoes, and even in importance were sidelined by the temperate crop. India is the world's second largest producer of potatoes, after China, but this comes with a cost of cold storage and reliance on intense winter production in relatively limited parts of the country. The argument can be made that India should have promoted sweet potatoes, rather than potatoes, because they grow more widely, have a superior nutrition profile and produce a valuable secondary crop in their protein-rich leaves (potato leaves, by comparison, are mildly toxic).

## Livestock Census

Turkey raising remained very small in India for decades, mainly sustained by the old British clubs that would serve them for Christmas, and occasionally through the year. Americans in India often got them from US Embassy commissaries, part of a vast global shipment of turkeys that leaves the US every November. But in recent years, a surprising new market for turkeys has grown in the North East. The last Livestock Census, whose results were released in 2019, showed Assam with 34% of all turkeys in India, a startling increase from the 9.9% in the 2012 Census. The total number of turkeys in India was still a modest 4.23 lakh in the census, compared to 80.78 crore chickens, but it showed an odd enthusiasm for the bird in Assam. The next Livestock Census is currently underway, and it will be interesting to see if these numbers have held up.

Turkey production has been revolutionised in recent decades by a move away from the seasonal market, to a year-round market based less on whole turkeys than processed products like turkey ham, turkey sausages and extruded turkey meat. Much of this has been led by Israel, which saw in turkeys an easy way to raise a lot of meat from limited space. Turkeys, like most poultry, are acceptable under kosher rules, but also take less space than cattle. The unfortunate result has been the creation of intensive turkey farms, with all the cruelties and health issues seen with broiler chickens. Poultry World, an industry website, recently stated that an unexpected result of the Gaza conflict is that a bill in the Knesset to improve living conditions of chicken and turkeys has been put on hold. It was seen as likely to



cause too many problems for poultry farmers as they strive to ensure food security for Israel. Meanwhile, on the Gaza side, the website quoted Marwan al-Helou, head of the Poultry Breeders and Animal Husbandry Syndicate of Gaza, "with a chilling estimate that nearly 90% of the poultry industry in the enclave have been reduced to rubble as a direct result of the hostilities."

Humans generally benefited from the Columbian Exchange, though, the slaves and indentured labourers who toiled on Caribbean sugar plantations (an Old World crop taken to the New World) or workers on rubber plantations in Malaysia (New World to Old World) might disagree. Does it make sense to ask if turkeys benefited as well? From the strict viewpoint of numbers, perhaps the answer might be yes, 620 million are domestically raised every year across the world. But these are increasingly subject to the cramped conditions and intensive growth and slaughter of the wider poultry industry. Jehangir's resplendent turkey, strutting down the centuries, might question the real value of that exchange.

rajeshsharma1049@gmail.com

## Unclear Origins

Turkeys have also taken their time in India. Jehangir admired his turkey, but there is no evidence he ate it. In Europe, their size and impressive appearance quickly made them a valued addition for feasts, like Christmas, where they displaced other poultry like geese. But Europeans in India looking for a Christmas turkey were disappointed, like the Swedish botanist and priest Olof Toreen, who noted in his diary of his trip to India in 1750 that he 'only found them in one place, and to the best of my remembrance, I was told they were foreign in this country.' Toreen was possibly confused by the Swedish name for turkeys, Kalkon, deriving from Calicut (Kozhikode). In several north European languages, this Kerala port is assumed to be the source of many exotic products, so, quite likely, these weird-looking birds as well. This may have been a trading tactic on the part of the Portuguese to keep their real origins unclear. Their own word for the birds, Galinha de Peru, acknowledged its American origins, Peru being at one point a general term for all the Spanish American possessions. But other languages often assume an Indian origin, like the French d'Inde, which became Dindon. The Turkish name for the birds is similar to Hindi, meaning Indian. The British went out on a



It is commonly asserted that the Portuguese brought potatoes to India through Goa, but this seems unlikely.

limb of their own by assuming they came from Turkey. By the early 19th century, turkey raising for the British had started in a small way in India. In 1835, Daniel Wilson, the bishop of Calcutta, noted that there were turkeys in Chinsurah, the settlement up the Hooghly that had been started by the Portuguese, then passed to the Dutch. Much to Wilson's irritation, the river boatmen refused to bring live birds to Calcutta, which he attributed to 'the wretched, absurd and unalterable distinctions of caste.' Quite possibly, the boatmen just did not want to deal with large, irritable birds on their boats.

Turkeys are not suited to hot and humid climates like Bengal. In Flora Annie Steele and Grace Gardiner's *Complete Indian Housekeeper and Cook* (1888), they write that "turkeys are very easy to rear in India, at least Northern India, owing to the dryness of the climate." They recommend feeding them dahi and plenty of chopped greens. During World War II, most turkeys were commandeered to feed the Allied troops stationed in India, much to the irritation of the wife of John Lall, the commissioner of Agra district, who insisted on a turkey for Christmas. Their master cook, Ramzan, came to the rescue: "He laid breasts of chicken under the shrunken skin of the lean bird until it looked for all the world like Mae West. The roast turkey was a culinary triumph."

#USES

# How 'Wrong' Was 'Right'

How "Wrong" Uses made Listerine, Play-Doh, and WD-40 Household Legends

Sometimes, the most iconic products aren't just popular because they do what they're supposed to, they become beloved because people find clever, unusual ways to use them. Listerine, Play-Doh, and WD-40 are perfect examples of how "wrong" or unintended uses helped propel these products into everyday fame.



## Listerine: From Surgical Antiseptic to Breath Freshener

Listerine was originally developed in the late 19th century as a surgical antiseptic and later marketed as a floor cleaner and a remedy for gonorrhea. Despite its strong, medicinal taste, it wasn't initially a hit as a mouthwash. People found it harsh and unpleasant for everyday oral hygiene.

But clever advertising in the 1920s shifted the focus: Listerine was promoted as a cure for 'halitosis,' a fancy term for bad breath. This was a bit of a marketing pivot because it wasn't originally designed specifically for freshening breath. People began using it as a mouthwash to combat bad breath, turning an antiseptic into a household oral hygiene staple. What was once considered "wrong" or unintended use became Listerine's claim to fame.




## Play-Doh: From Wallpaper Cleaner to Kid's Favorite Toy




Play-Doh's origin story is a classic case of serendipity. Created in the 1930s as a wallpaper cleaner to remove soot and dirt from walls (remember coal-fired homes?), it was later repurposed by a teacher who realized kids loved using it to mold shapes and play.

The original intended use was practical and adult-focused, but when children started using it as a modeling clay, the company embraced this "wrong" use. This accidental discovery transformed Play-Doh into one of the most beloved creative toys in the world, inspiring generations of budding artists and builders.

## WD-40: The Miracle Product with a Million Uses

WD-40 was developed in 1953 as a water-displacing spray to prevent rust on aerospace parts. Its name stands for "Water Displacement, 40th formula," reflecting the many attempts to perfect it. While intended as a corrosion inhibitor, users quickly discovered it could fix all sorts of household problems, from squeaky door hinges to stuck zippers. People began using WD-40 in ways the inventors never anticipated, lubricating bike chains, loosening rusty bolts, removing chewing gum, and even cleaning crayon marks off walls. This unexpected versatility helped WD-40 become a go-to product in garages, workshops, and homes worldwide. Its "wrong" uses are now a major part of its identity.




## The Power of Adaptation




These three products highlight an important lesson: Sometimes, consumer creativity outshines original intentions. When customers experiment and find novel ways to use products, they can create entirely new markets and redefine what a product means. Listerine, Play-Doh, and WD-40 didn't just succeed because of smart marketing or effective formulations, they soared because people looked beyond the label, found new purposes, and made these products indispensable in surprising ways.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# केंद्रीय दल ने अंराई एवं भिनाय में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया

## केंद्रीय दल द्वारा प्री मानसून में अजमेर जिले के दौरे के दौरान विभिन्न केंद्र वित्त पोषित परियोजनाओं में उक्त पंचायत समितियों में ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद किया था


**अजमेर,** (निसं)। अजमेर जिले में केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं जैसे मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जल ग्रहण घटक एवं पर ड्रॉप मोर क्रॉप तथा हर घर नल जल योजना, जल जीवन मिशन की प्रगति का निरीक्षण करने के लिए 23 से 25 अक्टूबर तक भारत सरकार द्वारा केंद्रीय नोडल अधिकारी निर्देशक ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार राज प्रिया सिंह एवं अरुणा सैनी तकनीकी सहायक केंद्रीय भूजल बोर्ड जयपुर ने पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण किशनगढ़, अंराई एवं भिनाय में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण एवं अवलोकन किया।

केंद्रीय दल द्वारा 23 मई से 26 मई तक प्री मानसून में अजमेर जिले के दौरे के दौरान जल शक्ति अभियान कैच द रेन जल संचय जन भागीदारी अंतर्गत विभिन्न केंद्र वित्त पोषित परियोजनाओं में उक्त पंचायत समितियों में ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद किया था तथा मौके पर जाकर प्रगति का आंकलन भी किया गया था, जिसकी रिपोर्ट भारत सरकार को दी गई, जिसमें अजमेर जिले में केंद्र वित्त पोषित परियोजना की भौतिक प्रगति पर संतोषजनक टिप्पणी की गई थी। केंद्रीय नोडल अधिकारी राजवीर सिंह ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार के निदेशक द्वारा पंचायत समिति अंराई में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जल ग्रहण घटक के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवपुरी में जलग्रहण विभाग द्वारा बनाए गए पक्के चेक डैम का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। वर्षा काल के दौरान पक्के चेक डैम में संग्रहित जल का उपयोग पशु पेयजल एवं भूजल स्तर को बढ़ाने में कारगर साबित हो रहा है तथा कृषि भूमि पर बनाए गए फॉर्म पौंड जो लबालब भरे थे उसका उपयोग संबंधित कृषक रबी की फसल में सिंचाई में करेगा तथा उत्पादन के साथ-साथ आए के स्त्रोत बढ़ाने में सहायक होगा।

पंचायत समिति अराई के विकास अधिकारी शिवदान सिंह द्वारा मनरेगा योजना में भवानी सागर तालाब का जीर्णोद्धार कार्य दिखाया गया, जिसमें कुछ कार्य और अधिक मात्रा में कराए जाने के निर्देश केंद्रीय दल द्वारा दिए गए। अंराई पंचायत समिति के दादिया गांव में उद्यान विभाग द्वारा स्थापित ग्रीन हाउस राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत कराया गया, जिसमें लाभार्थी मनोज चौधरी द्वारा सामुदायिक डब्ल्यूएचएस का निर्माण के साथ-साथ खीरे की बंपर क्रॉप ली गई। केंद्रीय नोडल अधिकारी राष्ट्रीय बागवानी मिशन की सफलता को देखकर अभिभूत हुए तथा अन्य कृषकों को भी इस योजना का लाभ देने हेतु विभाग के अधिकारी श्रवण शर्मा को निर्देशित किया।

इस दौरान जलदाय विभाग से लोकेश सांखला अधिशासी अभियंता, संजय जैन, जयसिंह रावत, राजेश जैन अधिशासी अभियंता जल ग्रहण, श्रवण शर्मा कृषि अधिकारी उद्यान विभाग, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अजमेर शिवदान सिंह के साथ अजमेर प्रशासन की ओर से कोऑर्डिनेटर शलभ टंडन कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता जलग्रहण विभाग उपस्थित रहे।

# सोनार दुर्ग का वैकल्पिक मार्ग खुला, पर्यटकों को राहत मिली



सोनार दुर्ग का वेकल्पिक मार्ग खुलने से आमजन व पर्यटकों को राहत मिली है।

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। शुक्रवार को समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के मात्र कुछ घंटों बाद जिला कलेक्टर प्रतापसिंह के निर्देश पर आयुक्त नगरपरिषद लजपालसिंह सोढा द्वारा सोनार दुर्ग का खिड़की वाला दरवाजा खुलवा दिया गया। इससे अब सैलानियों को राहत मिलनी शुरू हो गई है। यह रास्ता सुचारू होने से पर्यटकों को सूरज प्रोल से सीधे दुर्ग की चौथी प्रोल तक पहुंचने का मार्ग मिल गया है।

उल्लेखनीय है कि पर्यटकों की भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए इस आशय के समाचार प्रकाशित किये थे कि "भूखंड देने के बाद भी सोनार दुर्ग में वैकल्पिक मार्ग नहीं खोला, पर्यटक परेशान"। उसके बाद प्रशासन ने प्रसंज्ञान लेते हुए बंद दरवाजा खुलवाकर दुर्ग तक पैदल चलने वालों के लिए रास्ता सुगम बना दिया। जानकारी के अनुसार सूरज प्रोल के पास सीढ़ियां बनाकर एक प्राचीन वैकल्पिक मार्ग बनाया हुआ है। जिसका उपयोग 2011 में तत्कालीन जिला कलेक्टर गिरिराजसिंह कुशवाहा द्वारा खिड़की पाड़ा के पांच परिवारों का पुनर्वास करवाकर उन्हें साँवल कॉलोनी में भूखंड आवांटित किये थे। पांचों परिवार वहां शिफ्ट भी हो गए थे और खिड़की मार्ग शुरू करवाया गया था। गौरलतब है कि दीपावली की पर्यटन सीजन में हजारों पर्यटक एक साथ सोनार दुर्ग को निहारने पहुंचते हैं। उस दौरान सैकड़ों की मात्रा में स्थानीय लोग लक्ष्मीनाथ जी के मंदिर जाते हैं। किले के निवासियों की भी आवाजाही उस वक्त रहती है, अब सबको राहत मिली है।

# संघर्ष से सफलता तक : विक्की ने आईबीएम तक का सफर तय किया

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। कहते हैं कि अगर मन में लगन और आत्मविश्वास हो, तो मुश्किल रास्ते भी आसान हो जाते हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है की एक ऐसे युवा की, जिसने साधारण परिवार से निकलकर अपनी मेहनत, हौसले और संकल्प के बल पर अंतरराष्ट्रीय कंपनी आईबीएम तक का सफर तय किया।

> ■ **विक्की स्वाइन पढ़ाई के साथ अखबार बांटने का काम करते व घर पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते थे**



रामगंजमण्डी के विक्की का अंतर्राष्ट्रीय कंपनी में चयन होने पर सम्मान किया गया।

विक्की स्वाइन पिता मुकुंद स्वाइन एक छोटे से शहर और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखते हैं। घर की परिस्थितियाँ कठिन थी, लेकिन विक्की ने कभी हार नहीं मानी। पढ़ाई के साथ-साथ अखबार बांटने का काम करते और घर पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर परिवार की मदद करते थे। इन संघर्षों ने ही उनके हौसले को और मज़बूत बनाया। इसी दौरान उनकी मुलाकात लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष हेमंत काला से हुई। हेमंत काला ने विक्की की लगन, अनुशासन और प्रतिभा को पहचाना तथा उनकी शिक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। उनके सहयोग से विक्की ने नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखी। बिना किसी कोचिंग संस्थान में जाए, विक्की ने घर पर रहकर ही जेईई परीक्षा की तैयारी की और उत्कृष्ट अंकों के साथ कंप्यूटर साइंस शाखा में इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश प्राप्त किया। आज विक्की अपने कॉलेज के अंतिम वर्ष में हैं और हाल ही में उनका चयन आईबीएम जैसी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कंपनी में हुआ है। यह उपलब्धि केवल विक्की की नहीं, बल्कि उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो सीमित साधनों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस रखते हैं। विक्की स्वाइन की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, अगर विश्वास, मेहनत और सही दिशा हो तो सफलता निश्चित है। विक्की के आईबीएम में चयन की खुशी में लघु उद्योग भारती द्वारा रविवार को उनका सम्मान समारोह आयोजित गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अखलेश मेड़तवाल, कोटा स्टोन स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र काला, बद्री लाल काला, हुकमीचंद सोमानी, ब्रजमोहन धाकड़, सोनू मामा, उमेश माहेश्वरी, राजकुमार धाकड़, आशीष पोरवाल सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने विक्की को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि उनका यह संघर्ष व सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

## स्कूल जा रहे बालकों ने भागकर अपनी जान बचाई

**दौसा,** (निसं)। स्टेट हाइवे दौसा-बांदीकुई-कठूमर सड़क मार्ग पर गणेश मंदिर सरकीकुई कालोता में अवैध खनन बजरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। ग्रामीणों ने बताया कि दिनभर सैकड़ों अवैध खनन के भरे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली बैखोफ दोड रहे हैं। इसके बारे में कई बार खनिज विभाग व पुलिस प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

राजेश चेची ने बताया कि अवैध खनन माफियाओं के ओवरलोड वाहनों से गत वर्ष राहुल गुर्जर, सचिन राजावत सहित कई नव युवकों की जान जा चुकी है। पर प्रशासन आंख मूंदकर कर बैठा हुआ है। एक महीने पहले ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने 5 वर्षीय स्कूली छात्रा को भी कुचल दिया था। ग्रामीणों ने बताया कि दुडकी, चोबडीवाला, बगदेडा, भांवता भावती व गुढ़ा कटला आदि गांवों से बजरी का अवैध खनन किया जा रहा है। रोज़ सैकड़ों वाहन बजरी से भरे हुए ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहन दौसा स्टेट हाइवे पर तेज़ गति से दौड़ते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। वन नाका चौकी कुण्डल के सामने होकर अवैध खनन के सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली रोज़ निकलते हैं। वन विभाग के अधिकारी मूक दर्शक बनकर देखते रहते हैं। जिससे खनन माफियाओं के होंसले बुलंद होते जा रहे हैं।

# शिविर में आपसी सहमति से हुआ खाता विभाजन

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ग्रामीण सेवा शिविर कैम्प ग्राम पंचायत फूलियाकलां में आयोजित किया गया। उपखण्ड अधिकारी फूलियाकलां ओमप्रकाश, तहसीलदार फूलियाकलां रामदेव धाकड़, कनिष्ठ अभियंता, पंचायत समिति शाहपुरा एवं प्रशासक ग्राम पंचायत फूलियाकलां के दिशा-निर्देशन में कई विभागों ने आमजन का कार्य सम्पादित किया और मौके पर ही आमजन को राहत पहुंचाई।

> ■ **ग्रामीण सेवा शिविर कैम्प ग्राम पंचायत फूलियाकलां में आयोजित किया गया**

शिविर के दौरान ग्राम फूलियाकलां तहसील फूलियाकलां निवासी प्रार्थी कालु पुत्र रामकरण, बद्री पुत्र रामकरण एवं शिवराज पुत्र रामेश्वर माली ने ग्राम फूलियाकलां स्थित अपनी सह खातेदारी भूमि खसरा संख्या 4493 की आपसी सहमति से खाता विभाजन करवाने के लिए उपखण्ड अधिकारी फूलियाकलां के समक्ष उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। उपखण्ड अधिकारी फूलियाकलां ने तत्काल तहसीलदार फूलियाकलां को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। जिस क्रम में तहसीलदार फूलियाकलां के निर्देशानुसार राजस्व टीम द्वारा भी तत्परता से प्रार्थियों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए आपसी समझाइश एवं सहमति से विभाजन प्रस्ताव मौके पर ही बनाकर तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया। तहसीलदार ने विभाजन प्रस्ताव पर सहमति विभाजन के आदेश जारी किये जाकर प्रार्थीयों को राहत प्रदान की और वर्षो पुरानी समस्या का मौके पर ही समाधान किया। सहमति से खाता विभाजन होने पर प्रार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और राज्य सरकार तथा पूरे प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस प्रकार ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीण कृषकों को उनके अधिकार दिलाने में सफल हुआ तथा यह कैम्प उनके लिए वरदान साबित हुआ।

# हिस्ट्रीशीटर डेनिस बावरिया हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

## जितेंद्र उर्फ जॉनी ने डेनिस की हत्या के लिए मदिया को उपलब्ध करवाए थे लड़के

**झुंझुनूं,** (निसं)। धनूरी थाने के हिस्ट्रीशीटर डेनिस बावरिया की हत्या के मामले में पुलिस की लगातार धरपकड़ जारी है। पुलिस ने शनिवार को इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ के बाद पुलिस ने अब इस मामले में वारदात के लिए हिस्ट्रीशीटर मंदीप उर्फ मदिया को बदमाश उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जिले के गोठड़ा थाना क्षेत्र के चौढानी की ढाणी तन पसरामपुरा निवासी 22 वर्षीय जितेंद्र उर्फ जॉनी पुत्र ओमप्रकाश मेघवाल को गिरफ्तार किया है, जिसके बाद इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या छह हो गई है।

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार पांच आरोपियों से पूछताछ और मामले की जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी अजय कुमार उर्फ अज्जू, ताराचंद, पंकज जाट को मंदीप उर्फ मदिया ने जितेंद्र उर्फ जोनी के जरिए ही डेनिस बावरिया की हत्या के लिए बुलवाया था। गिरफ्तार जितेंद्र उर्फ जोनी ने पूछताछ पर बताया कि वह स्वयं पहले से ही मंदीप उर्फ मदिया की गैंग से जुड़ा हुआ था तथा मदिया से उसके व्यक्तिगत सम्पर्क भी थे। मदिया गैंग के लिए वह काम भी करता था। इसलिए 19 अक्टूबर को मंदीप उर्फ मदिया ने जितेंद्र उर्फ जोनी को डेनिस बावरिया की हत्या करने के लिए चार-पांच लड़के लेकर आने के लिए कहा था।

मंदीप उर्फ मदिया ने ऐसे लड़कों की डिमांड की थी जो पहले से उसके संपर्क में हो तथा मदिया गैंग में मिलकर वारदात कर रुपए कमाना चाहते हो। जिसके बाद जितेंद्र उर्फ जोनी ने अपने दोस्त अजय कुमार उर्फ अज्जू, ताराचंद, पंकज जाट, धर्मपाल को इस काम के लिए तैयार किया। जब जितेन्द्र उर्फ जोनी ने अजय कुमार उर्फ अज्जू वगैरा को डेनिस बावरिया की हत्या की योजना बताई तो वे तुरंत तैयार हो गए तथा जिस पर जितेन्द्र उर्फ जोनी ने उनको मंदीप उर्फ मदिया गैंग में शामिल होकर रुपए कमाने का लालच देकर मंदीप उर्फ मदिया के पास रॉयल ट्रीट होटल मंडावा रोड सीतसर झुंझुनूं पर भेजा। जहां पर मुलजिमान ने मंदीप उर्फ मदिया, दीपक मालसरिया आदि के साथ योजना बनाकर संगठित रुप से डेनिस बावरिया के साथ मारपीट व तोड़फोड़ व अपहरण करके हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

# अलग-अलग मामलों में तीन बाप-बेटे गिरफ्तार

**मंड्रेला,** (निसं)। रविवार को झुंझुनूं पुलिस ने अलग-अलग मामलों में और अलग-अलग जगहों से तीन बाप-बेटों को गिरफ्तार किया।

मंड्रेला थाने में भारत ईंट उद्योग उद्योग इस्माइलपुर के मालिक अमित द्वारा दर्ज करवाए गए एक ठगी के मामले में मंड्रेला पुलिस ने यूपी से पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। अमित ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि यूपी के पीलीभीत जिले के सूनगढ़ी पीलीभीत थाना क्षेत्र के भिकारीपुर निवासी खलील अहमद तथा उसका बेटा मोहम्मद सलीम उसे ईंट भट्टे पर मजदूर दिलाने के नाम पर अलग-अलग किश्तों में बैंक और नगद 6 लाख 30 हजार रूपए ले गए। उन्होंने 10-15 मजदूर भी उपलब्ध करवाए। लेकिन ठगी के प्लान के अनुसार मजदूर उपलब्ध करवाने के दो दिन बाद ही दोनों आरोपियों ने राष्ट्रीय ओबीसी आयोग में मजदूरों को प्रताड़ित करने की झूठी शिकायत की और दिए गए मजदूर वापिस ले गए। जब अमित ने मजदूर उपलब्ध करवाने के एवज में दिए गए पैसे वापिस मांगे तो दोनों गायब हो गए। मंड्रेला पुलिस ने दोनों बाप-बेटों को यूपी में उनके गांव से ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

इसी तरह सूरजगढ़ पुलिस ने भी जानलेवा हमले के मामले में आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। सूरजगढ़ सीआई धर्मेंद्र मीणा ने बताया कि 18 सितंबर को थाना इलाके के अमरपुरा कलां गांव में एक दीवार को लेकर ही एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। जिसमें दोनों पक्षों के पांच जनें गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मामले में दोनों पक्षों की तरफ से मामला दर्ज किया गया था। लेकिन अब तक के अनुसंधान में मिले साक्ष्य के बाद इस मामले में आरोपी अमरपुरा कलां निवासी होशियारसिंह तथा होशियार सिंह के बेटे संपत्त कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं मुकुंदगढ़ पुलिस ने भी नाहरसिंघानी गांव में आपस में झगड़ा कर रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है।

# संस्कृत शिक्षा विभाग ने आवासीय वेद विद्यालय में प्रवेश की तैयारी शुरू की

**बीकानेर,** (निसं)। संस्कृत विषय में रुचि रखने वाले बीकानेर संभाग के विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। संस्कृत शिक्षा विभाग ने आवासीय वेद विद्यालय में प्रवेश की तैयारी शुरू कर दी है। तीन शिक्षकों सहित एक मंत्रालयिक कर्मचारी और एक सहायक कर्मचारी की नियुक्ति के लिए संस्कृत शिक्षा विभाग की ओर से निदेशालय प्रस्ताव भिजवा दिए गए हैं। मंजूरी मिलते ही अगले सप्ताह से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। नालबड़ी गांव में स्वीकृत भूमि पर नई स्कूल बिल्डिंग बनने तक विद्यालय का अस्थाई संचालन श्रीडूंगरगढ़ ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर एक आडसरबास में किया जाएगा।

संस्कृत शिक्षा विभाग ने नए शिक्षा सत्र से आवासीय वेद विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने के लिए श्रीडूंगरगढ़ ब्लॉक के इस स्कूल भवन को चिन्हित किया है। इसी स्कूल भवन में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई शुरू की जाएगी। संस्कृत शिक्षा विभाग के वरिष्ठ उप निरीक्षक गोपीचंद डूडी ने बताया कि स्कूल भवन को डेवलप करने के लिए संस्कृत शिक्षा विभाग ने 26.79 लाख रुपए का बजट का प्रावधान किया है। इस बजट में से 9.82 लाख रुपए से अस्थाई भवन में 10 -10 शौचालय, स्नानघर और कक्षा कक्षों की मरम्मत का काम होगा। छात्रावास, क्लासरूम, फर्नीचर और विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म तथा हवन पूजन सामग्री के लिए 16.97 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

# राजगढ़ की यही पहचान-नशा मुक्त हो हर इंसान : चंपालाल महाराज

## नशा मुक्ति महाअभियान में 5100 से अधिक श्रद्धालुओं ने नशा नहीं करने की शपथ ली

**अजमेर,** (निसं)। अजमेर जिले के प्रसिद्ध सर्वधर्म धार्मिक स्थल श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर रविवारीय मेले में नशा मुक्ति को लेकर सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत "टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0" व मसाणिया भैरव धाम के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नशा मुक्ति हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि इस अभियान में लगभग पन्द्रह हजार श्रद्धालुओं में से 5100 से अधिक श्रद्धालुओं ने अपने दोनों हाथ उठाकर जीवन में दोबारा नशा नहीं करने का संकल्प लिया, जिसमें पुरूषों के साथ महिलाओं की भी भागीदारी रही। नशा त्यागने वाले पुरुषों व महिलाओं ने नशे करने वाली वस्तुओं को बाबा के श्रीचरणों में छोड़ा। आए हुए श्रद्धालुओं ने स्वयं के लिए तथा परिवार को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए स्वेच्छा से नशा मुक्ति का संकल्प लिया। इस दौरान शराब, तम्बाकू, गांजा आदि नशा त्यागने का संकल्प लिया गया। श्रद्धालु हाथों में नशा मुक्ति के स्लोगन लिखे व बैनर थामे हुए थे।




धाम के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने श्रद्धालुओं को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई।

संकल्प कार्यक्रम में धाम के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजगढ़ धाम की यही पहचान-नशा मुक्त हो कर इंसान। नशे के ज्यादा सेवन से दुर्घटनाओं व कैंसर जैसी बीमारियों से अधिकतर लोग असमय अकाल मृत्यु को प्राप्त होते हैं। युवा पीढ़ी के कई युवा जिनको नशे की लत लग चुकी है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय है। दुर्घटनाओं में अपंगता व मृत्यु, समाज में गरीबी व भयंकर बीमारियों से अकाल मृत्यु का मूल कारण नशा ही होता है, इसलिये नशे का त्याग अवश्य ही करना चाहिये। युवा, महिलाओं व लोगों को नशामुक्त करने के लिए राजस्थान सरकार चिकित्सा विभाग सामाजिक सरोकार में श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ के साथ अपनी भागीदारी निभाते रहेंगे।

नशामुक्ति महाअभियान की रैली को पूर्व आईपीएस महेंद्र सिंह चौधरी, हरीश कुमार न्यायाधीश चूरू ने चंपालाल महाराज के सानिध्य में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अजमेर की जिला सलाहकार डॉ. पूनिता जैफ ने संबोधित किया। धाम में अब तक नशामुक्ति महाअभियान के अंतर्गत पिछले कई वर्षों में लाखों लोगों का नशा छुड़ाया गया है।

धाम के प्रवक्ता सेन ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश जोशी, रक्तिम तिवाड़ी, जय मखीजा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अजमेर की जिला सलाहकार डॉ. पूनिता जैफ व जितेन्द्र हरचंदानी, जिला महामारी रोग विशेषज्ञ मुकेश खोरवाल, कुलदीप तंवर तथा भैरव भक्त मण्डल के ओमप्रकाश सेन, रमेश सेन, राहुल सेन, अविनाश सेन, प्रकाश रांका, सुनील रांका, दिलीप राठी, कैलाश सेन, सुरेश कांकाणी, सतीश सेन, कमल शर्मा, विजय सिंह भवानी खेड़ा, रामप्रसाद मौर्य आदि का सहयोग रहा।

# 11 हजार वोल्ट बिजली लाइन से लगा करंट, किसान झुलसा

## खेत में झूलते तारों से लोहे का पाइप छुआ, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर के मेड पंचायत की झाड़ोदिया की ढाणी में 11 हजार वोल्ट बिजली लाइन से किसान झुलस गया। किसान खेत में पाइप लेकर जा रहा था। इस दौरान झूल रहे तार छू गए। उसे तुरंत मेड सीएचसी ले जाया गया, जहां से निम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। किसान का गंभीर हालत में इलाज जारी है। घटना के बाद आमजन में बिजली निगम की लापरवाही के प्रति गुस्सा है।

> ■ **घायल को मेड सीएचसी ले जाया गया, जहां से निम्स अस्पताल रेफर कर दिया**



घायल को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया।

रतन मीणा ने बताया कि किसान मेड पंचायत की झाड़ोदिया की ढाणी निवासी विनोद मीणा सुबह खेतों में पानी देने के लिए पाइप लेकर जा रहा था। खेत के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के तार झूल रहे थे, जिससे पाइप छू गया और विनोद को करंट लग गया और झुलसकर जमीन पर गिर गया।आसपास के लोग उसकी चीख सुनकर मौके पर पहुंचे व उसे झुलसी हालत में तुरंत मेड सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे निम्स अस्पताल रेफर कर दिया। किसान के दोनों पैरों और हाथों में गंभीर जलन है। मनोज मीणा, सोनू मीणा, हेमराज और रामसिंह ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि झूलते तारों के बारे में कई बार विभाग को अवगत कराया गया था, लेकिन समय रहते तारों को ठीक नहीं किया गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि खेत के पास लंबे समय से बिजली के तार काफी नीचे लटके हुए हैं, जिनकी कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों ने मांग की है कि बिजली विभाग जल्द से जल्द क्षेत्र में लटकती लाइनों की मरम्मत करवाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

## संक्षिप्त

### सत्र में आत्मिक शांति का अनुभव

**दौसा।** रोटरी क्लब दौसा एवं इनर व्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आज प्रातः योगाकर्ष, गुप्तेश्वर रोड, दौसा पर एडवांस मेडिटेशन सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन योगाचार्य आचार्य अंकित कुमार टांक द्वारा किया गया, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को ध्यान की गहराइयों से जोड़ते हुए आंतरिक शांति, मानसिक स्थिरता और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत अनुभव कराया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6:00 बजे शांत वातावरण में ओंकार ध्वनि और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। योगाचार्य अंकित टांक ने बताया कि एडवांस मेडिटेशन केवल मन को शांत करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा और चेतना को जागृत करने की प्रक्रिया है। जब मन स्थिर होता है, तभी जीवन संतुलित होता है। प्रतिभागियों ने ध्यान सत्र के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें मानसिक शांति, आंतरिक सुकून और नई ऊर्जा की अनुभूति हुई। रोटरी क्लब दौसा के असिस्टेंट गवर्नर शिवशंकर सोनी एवं इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा बत्रा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योगाचार्य अंकित टांक और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। सत्र में 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया और स्वस्थ मन, शांत जीवन के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन समाज में मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

### प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**टोंक।** राधा कृष्ण सेवा समिति डिग्गी के तत्वाधान मे रजक (बसेटा) समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बारादरी बालाजी मालपुरा में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री कन्हैया लाल चौधरी रहे, इस दौरान मन्त्री चौधरी ने समाज के बालक-बालिकाओं को पढ़ाई के साथ-साथ हाथ का हुनर भी सीखने के लिए प्रेरित किया एवं समाज की डिग्गी धर्मशाला में सामुदायिक भवन निर्माण लिए 10 लाख रुपये की मंच के माध्यम से घोषणा की, जिसके बाद समाज बंधुओं ने मंत्री का आभार एवं धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभु बाढ़ोलिया ने जो माता पिता अपने बच्चों को मेहनत की गाढ़ी कमाई से पढ़ाते हैं, उनका मनोबल बढ़ता है और समाज में एक दूसरे को देखकर प्रतिस्पर्धा पढ़ाई की बढ़ती है एवं खेल कूद में भी प्रतिभा उभरती है, जिससे बच्चो का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस अवसर पर 100 से अधिक बच्चों को सम्मानित किया गया।

### ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित

**टोंक।** उनियारा उपखण्ड के ग्राम पंचायत फुलेता में सेवा पर्व पखवाड़ा के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें जिला प्रमुख सरोज बंसल व विधायक राजेंद्र गुर्जर ने जनसुनवाई की। इस अवसर पर जिला प्रमुख एवं विधायक ने जिला परिषद मद से स्वीकृत विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान जिला प्रमुख एवं विधायक ने मौके पर आवास के पट्टे एवं जॉब कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर भाजपा संगठन जयपुर शहर सह प्रभारी नरेश बंसल, महावीर पालीवाल, नेमीचंद योगी, प्रशासक सरिता मीना एवं अधिकारी गण व ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

### रामावतार मीणा नये एसडीएम होंगे

**कोटपूतली।** राज्य सरकार द्वारा विगत शनिवार को 67 आरएएस अधिकारियों के स्थानान्तरण की सूची जारी की गई है। जिसमें यहां कार्यरत उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार चौधरी (द्वितीय) का स्थानान्तरण अकलेरा (झालावाड़) किया गया है एवं उनके स्थानान्तरण पर कोटा के कनवास से रामावतार मीणा को स्थानांतरित कर लगाया गया है। एसडीएम मीणा सोमवार को कार्यभार ग्रहण करेंगे। उल्लेखनीय है कि एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी लगभग 1.5 वर्षों से कोटपूतली में तैनात थे।

### पिच्छिका परिवर्तन समारोह मनाया

**निवाई।** श्री साधु सेवा तीर्थ पर आचार्य शशांकसागर महाराज का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह धूमधाम से मनाया गया। हितेश छाबड़ा व सुनील भाणजा ने बताया कि समारोह का शुभारंभ भगवान पदमप्रभु, आचार्य सिद्धांतसागर महाराज व आचार्य सुनीलसागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं चित्रानावरण करके किया गया।

# उपजिला अस्पताल पावटा में अब बिना लाइन के बनवा सकेंगे ओपीडी पर्ची



पावटा का उपजिला अस्पताल जहां अब मरीजों की पर्ची को सुविधाजन बनाने का प्रयास किया है।

**पावटा।** उपजिला अस्पताल पावटा में मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। अब ओपीडी पर्ची के लिए लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी। मरीज या उनके परिजन घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन पर आभा एप का उपयोग करके रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अलावा उपजिला अस्पताल में लगाए गए क्यूआर कोड स्कैन करके भी पंजीकरण किया जा सकता है। इस एप से मरीज का एक डिजिटल हेल्थ कार्ड, जिसे आभा कार्ड कहते हैं, बनाया जाएगा। यह 14 अंकों का एक यूनिक आईडी कार्ड होता है, जिसमें मरीज की पूरी मेडिकल हिस्ट्री

> ■ अस्पताल में लगाए गए क्यूआर कोड स्कैन करके भी पंजीकरण किया जा सकता है

जैसे डायग्नोस्टिक रिपोर्ट और दवाइयों की जानकारी डिजिटल रूप में सुरक्षित रहती है। मरीज के स्वास्थ्य से संबंधित सभी जानकारी एक ही स्थान पर डिजिटल रूप में उपलब्ध होगी। किसी भी डॉक्टर द्वारा मरीज की हेल्थ हिस्ट्री आसानी से देखी जा सकेगी। स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेना आसान होगा। इलाज के दौरान मेडिकल रिकॉर्ड की कमी की समस्या नहीं होगी। उपजिला अस्पताल प्रभारी डॉ.रवि बंसल ने बताया कि यह सुविधा स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए काफी उपयोगी है। रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। एप के माध्यम से ओटीपी सत्यापन के बाद मरीज का नाम, लिंग, जन्मतिथि, और अन्य जानकारी दर्ज करनी होगी। मरीजों और उनके तीमारदारों को नई प्रणाली के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह पहल अस्पताल में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे मरीजों को लंबी लाइनों से राहत मिलेगी और अस्पताल प्रशासन का कामकाज भी सुचारु होगा। मरीजों को बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास जारी है। अस्पताल में ऑनलाइन और ऑफलाइन के बाद अब आभा एप से पंजीकरण की सुविधा शुरू कर दी गई है। मरीज आभा एप से स्कैनर स्कैन कर अपना पंजीकरण करवा सकते है।

### चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**नारायणपुर।** स्थानीय थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे में चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस तत्परता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। थानाधिकारी रोहिताश कुमार ने बताया कि परिवादी संजय कुमार जांगिड ने शनिवार को थाना नारायणपुर में मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बाईपास पर एक व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसाइकिल के साथ खड़ा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उस व्यक्ति को मोटरसाइकिल सहित थाने लाया गया। पूछताछ और दस्तावेजों की जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल चोरी की है। जिस पर पुलिस ने आरोपी मुकेश मीणा (45) पुत्र मनोहर लाल मीणा, निवासी बेरी बाँध थाना प्रागपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि चोरी की अन्य वारदातों का भी खुलासा किया जा सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार गश्त और निगरानी कर रही है।

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला किसान

**टोंक।** मेहंदवास थाना क्षेत्र में खेत पर गए एक किसान पेड़ पर लटका मिला, जिसकी सूचना अन्य किसानों ने रास्ते से जाते समय मिलने पर थाना पुलिस को दी। सूचना पर पंहुचे मेहंदवास थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी व थाना टीम ने पेड़ पर लटके शव को नीचे उतारकर सआदत अस्पताल टोंक ले गए, जहां पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि रविवार सुबह बनास नदी के पास के स्थित गांव छानवास सूर्या निवासी नानू लाल पुत्र नारायण गुर्जर उम्र 42 वर्ष जो खेत पर कृषि कार्य करने गया था, जो अज्ञात कारणों से खेत के एक पेड़ पर लटका मिला, मौके पर उसके गले में रस्सी का फंदा मिला है। बाद में दोपहर को आसपास के किसानों को इसका पता लगा तो वे मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और शव को उतार कर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# आमजन को खतरा पहुंचाने वाली स्लीपर बसें जब्त

**चौमूं / कालाडेरा।** राजस्थान परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा और यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, चौमूं क्षेत्र में दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को दो स्लीपर यात्री बसें – 44 9944 तथा 11 1111, को बस बॉडी कोड-119/52 के प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन करते पाए जाने पर जब्त किया गया। चौमूं परिवहन अधिकारी अनूप सिंह सहरिया ने बताया कि कार्रवाई लगभग 25 अक्टूबर 2025 शाम करीब 3 बजे की गई। इस कार्यवाही के दौरान अभियान शुरू करने से पहले ही है जिला परिवहन कार्यालय चौमूं में दो बसों की वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई थी। जब इनमे से एक बस 44 9944 को जब्त किया गया तो यात्रियों को इन बसों के द्वारा उनके गंतव्य स्थान तक छोड़ने का प्रस्ताव दिया गया। लेकिन यात्रियों ने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया और इसी अनाधिकृत एवं असुरक्षित बस में जाने की ज़िद पकड़ ली। जिसे परिवहन विभाग ने स्वीकार नहीं किया और स्थानीय प्रशासन पुलिस

> ■ जैसलमेर बस अग्नि कांड के बाद परिवहन विभाग का सख्त रवैया

तथा उच्चाधिकारियों को वस्तुस्थिति अवगत कराया। जिला परिवहन अधिकारी अनूप सहरिया मौके पर अपने परिवहन निरीक्षकों के साथ कार्यालय में जब्त करने से सुबह यात्रियों के प्रस्थान करने तक उपस्थित रहे। है स्थानीय पुलिस प्रशासन और उच्चाधिकारियों के यात्रियों को समझाइस तथा समन्वयके बाद बस में बैठे यात्रियों को सुबह क़रीब 4 बजे अन्य बसों में उनके द्वारा प्रस्तावित संस्थान जयपुर सिंधी कैम्प बस स्टॉप तक छोड़ा गया तथा 44 9944 बस को जब्त किया गया। इस दौरान शाम को बस में सवार सभी यात्रियों के लिए जिला परिवहन कार्यालय के परिवहन निरीक्षकों ने संवेदनशीलता और मानवता दिखाते हुए सभी यात्रियों के लिए भोजन पानी वह अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई। सबसे बड़ी बात यह है कि इस बस में आग बुझाने वाली प्रणाली भी नहीं लगी पायी गई। जबकि अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ गैस सिलेंडर इस बस में पाया गया जोकि बेहद ख़तरनाक साबित हो सकता था। उल्लेखनीय है कि यात्री वाहनों में ज्वलनशील पदार्थों का परिवहन निषेध है। इन दोनो बसों में से एक बस 11 1111 के यात्री बस को ज़ब्त करते ही अपने गंतव्य स्थान के लिए वैकल्पिक बस से रवाना हो गए थे। लेकिन दूसरी बस के यात्रियों ने वैकल्पिक बस में जाने का प्रस्ताव क़रीब सुबह 4 बजे लिया गया। 44 9944 नंबर की बस में बस के चैचिस जो पीछे से 800 मिलीमीटर काटकर वाहन स्वामी ने अपने निहित व्यावसायिक हितों के लिए लगेज स्पेस का निर्माण करवा रखा था इसी अनाधिकृत लगेज स्पेस में का गैस सिलेंडर मिला जो कि बेहद ख़तरनाक साबित हो सकता था।

### बस स्टैंड से बाजार तक वाहनों की लंबी कतारें

**मनोहरपुर।** कस्बे में त्योहारों की रौनक के बीच शनिवार को मनोहरपुर जाम की समस्या से कराह उठा। जयपुर-शाहपुरा मार्ग, शाहपुरा-जयपुर रोड, मुख्य बाजार, बस स्टैंड से खेड़ा रोड तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घंटों तक यातायात पूरी तरह से जाम रहा, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। देखा गया है कि त्योहार पर खरीदारी करने और पूजा सामग्री लेने आए आसपास के गांवों व ढाणियों के लोग जैसे ही बाजार पहुंचे, सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया। देखते ही देखते हालात बिगड़ गए। इस बीच, मनोहरपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद जाम में फंसे वाहनों को बाहर निकलवाया और यातायात को सुचारू कराया। व्यापारियों का कहना है कि मनोहरपुर में आए दिन जाम लगना आम बात हो गई है। ग्राहकों को बाजार तक पहुंचने में दिक्कत होती है, जिससे व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। कई बार सीएलजी मीटिंग और नगर पालिका बैठकों में बस स्टैंड से गांधी चौक तक सड़क चौड़ीकरण की मांग उठाई।

### मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान

**फुलेरा।** स्थानीय बिचुन रोड स्थित बलाई समाज सामुदायिक भवन में रविवार को बलाई समाज विकास परिषद फुलेरा की ओर से दीपावली स्नेह मिलन समारोह बड़े उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया गया। समाज के लोगों ने दीपों की जगमगाहट के बीच एकजुटता और शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया। परिषद अध्यक्ष प्रमोद कालावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रमुख निर्णय के तहत आगामी 28 दिसंबर 2025 (रविवार) को भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के 10 वीं और 12 वीं के मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सदस्यों और नवचयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि समाज के बच्चों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करने हेतु परिषद भवन में निःशुल्क कोचिंग कक्षाएँ शुरू की जाएँ।

# चौमूं में दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने सुनी 'मन की बात'

**चौमूं / कालाडेरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 127 वे संस्करण को चौमूं शहर के सुभाष सर्किल स्थित पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के कार्यालय पर राजस्थान सरकार में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ प्रेमचंद बैरवा का पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी का दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए विकसित भारत के निर्माण हेतु प्रत्येक नागरिक से सक्रिय योगदान और जनभागीदारी का होना आवश्यक है। उन्होंने सभी में राष्ट्रप्रेम और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक सशक्त करने पर जोर दिया। उन्होंने देशवासियों से स्वदेशी को अपनाने, पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने और 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे जन-जागरण अभियानों के माध्यम से प्रकृति व मातृत्व के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का आ ान किया। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा और दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों ने हम सभी में नई ऊर्जा, प्रेरणा और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण की भावना को और दृढ़ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी होता है, जिससे कार्यकर्ताओं में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार तो होता ही है साथ ही उनके हर शब्द में विकसित भारत का विजन और जनशक्ति का विश्वास झलकता है। विधानसभा क्षेत्र चौमूं में विधानसभा के बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यकर्ताओं के साथ संस्करण को सुना गया। इस अवसर पर जयपुर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, नगर मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, बांसा मण्डल अध्यक्ष शंकर गागोरिया, गोविन्दगढ़ मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष लालचंद यादव सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्युत मेंटेनेंस की हकीकत सामने आई

**सांभरझील, (निसं)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड सांभर लेक द्वारा हर वर्ष की भांति दीपावली से करीब 15 रोज पहले की जाने वाली विद्युत मेंटेनेंस की हकीकत सामने आ गई है, यानी की गई विद्युत मेंटेनेंस को निगम अभी तक भी मेंटेन नहीं कर पाया है। सांभर उपखंड मुख्यालय है जो उप जिला दर्जा प्राप्त है अगर आपको कोई महत्वपूर्ण काम करना है और आप विद्युत पर डिपेंड है तो आप सांभर में निगम के भरोसे कोई काम नहीं कर सकते हैं यानी आपको विद्युत का विकल्प खुद को ढूंढ कर रखना होगा। अघोषित विद्युत कटौती या आए दिन कोई न कोई छोटा-मोटा फॉल्ट सांभर के लोगों को दुखी करता रहता है, यह भी उसे वक्त खास तौर पर जब लोगों को लाइट की खास जरूरत होती है और अचानक विद्युत सप्लाई बंद हो जाए तो फिर सब कुछ भगवान भरोसे है।

# अन्नकूट महाप्रसादी में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** वनस्थली मोड पर स्थित संकट हरण हनुमानजी महाराज के मंदिर में स्वर्णकार समाज के तत्वावधान में रविवार को अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसको लेकर श्रद्धालुओं द्वारा हनुमानजी के सिंदूर एवं चौला चढ़ाकर झांकी सजाई गई। महिला मंडल द्वारा दोपहर 2 से 4 बजे तक हरीनाम संकीर्तन किया गया। इस दौरान हनुमानजी के भोग लगाकर अन्नकूट प्रसादी करवाई गई। इस अवसर पर

> ■ हनुमानजी के सिंदूर एवं चौला चढाकर झांकी सजाई गई। महिला मंडल द्वारा दोपहर 2 से 4 बजे तक हरीनाम संकीर्तन किया गया

चौथमल सोनी, द्वारका सोनी, नंदकिशोर सोनी, कल्याणमल सोनी, कन्नू सोनी, रामबाबू सोनी, मधुसूदन सोनी, कैलाश सोनी, मोहनलाल सोनी, हेमराज सोनी, सरवन सोनी, राधे सोनी, दयाराम जाट, रतिराम चौधरी, सत्यनारायण शर्मा, कैलाश शर्मा, भवानी सोनी, सरपंच मदनलाल मीणा, ओमप्रकाश वर्मा, रामलाल मीणा, हरिनारायण मीणा, सीताराम चौधरी, केदार चौधरी व राजाराम चौधरी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**राजसमंद।** मेरा युवा भारत राजसमंद एवं मां पिपलाज युवा मंडल खीमा खेड़ा के संयुक्त तत्वाधान में 2 दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, भीम संपन्न हुई। यह जानकारी प्रदान करते हुए युवा मण्डल सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रकाश कुमार भाट ने बताया की इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, सितोलिया, लंबी कूद और भाला फेंक की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में भीम तहसील से कुल 210 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में विजेता बरार, उपविजेता मंडावर, महिला वर्ग में विजेता बरजाल, उपविजेता बरजाल, सितोलिया में प्रथम बरार, द्वितीय खीमा खेड़ा, भाला फेंक में प्रथम जितेंद्र सिंह, द्वितीय कुशाल सिंह, द्वितीय निर्मला कुमारी, तृतीय कोमल कुमारी रही। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भीम सीबीईओ मिट्ठू सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक है।

# 'विकास के लिए विशेष पैकेज जारी करे'

**भरतपुर (निस)।** नदबई के समग्र विकास के लिए समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि सरकार नदबई के लिए विशेष पैकेज जारी करें जिसमें नदबई को एजूकेशन हब व वस्त्र उत्पादन हब बनाने की नीतिगत निर्णय शामिल हो।

गुप्ता द्वारा लिखे गये पत्र में कहा है कि नदबई क्षेत्र कृषि उत्पादन की दृष्टि से अग्रणी है किन्तु युवाओं को रोजगार के लिए कोई कल-कारखाने नहीं है। ऐसी स्थिति में यहां के युवा रोजगार की तलाश में पलायन के लिए मजबूर हो रहे है। जिसके लिए जरूरी है कि नदबई क्षेत्र को जो भरतपुर जिले की शिक्षा नगरी के रूप में उभर कर आया है उसे प्रोत्साहित करने के लिए एज्युकेशन हब घोषित किया है। नदबई-हलैना मार्ग पर महिला सैनिक विद्यालय खोला जाये जो क्षेत्र की बालिकाओं को सेना एवं राष्ट्र सेवा में अवसर मिल सके। नदबई को कोचिंग एवं शिक्षा के क्षेत्र में कुचामन सिटी की तर्ज पर विकसित करने का प्रस्ताव। नदबई हलैना मार्ग पर महिला सैनिक विद्यालय की स्थापना का सुझाव, जिससे बालिकाओं को सैन्य एवं राष्ट्र सेवा के अवसर मिल सकें। नदबई में पारंपरिक परिधान निर्माण एवं कढ़ाई कार्य को संगठित रूप से प्रोत्साहित किया जाए। ब्रांड के तहत स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ा जाए। महिलाओं एवं युवाओं को रोजगार व स्व-रोजगार के अवसर प्रदान हों। औद्योगिक एवं रोजगार विकास-स्टेट फूड प्रोसेसिंग सेंटर को खटोटी गाँव में स्थानांतरित कर औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने का सुझाव। नदबई में मिनी इंडस्ट्रियल एरिया की स्थापना का प्रस्ताव। अटारी ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव - पहले से मौजूद चिलिंग प्लांट, ग्रामीण हाट एवं सरसों तेल स्पेलर के आधार पर आर्थिक एवं सामाजिक विकास के नए मॉडल के रूप में स्थापित करने की योजना। गुप्ता ने कहा कि नदबई में शिक्षा, कौशल, श्रम शक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना का अद्वितीय संगम है। यदि इस क्षेत्र को योजनाबद्ध रूप से विकसित किया जाए तो यह पूर्वी राजस्थान का प्रमुख शैक्षणिक, औद्योगिक एवं आर्थिक केंद्र बन सके।

## सार-समाचार

### गिर्राज मीणा बने प्रदेश सभा अध्यक्ष



**दौसा।** राजस्थान अकाउंटेंट एसोसिएशन के प्रदेश स्तर के चुनाव रविवार को जयपुर में संपन्न हुए। जिसमें करनावर निवासी गिर्राज प्रसाद मीणा प्रदेश सभाध्यक्ष के पद पर 41 मतों से विजयी रहें। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष निरंजन मीणा ने बताया कि प्रदेश सभा अध्यक्ष के पद पर करनावर बांदीकुई निवासी गिर्राज प्रसाद मीणा ने 41 वोटों से जीत हासिल की। गिर्राज प्रसाद मीणा को 150 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी चैन सिंह राठौड़ को 109 वोट मिले। गिर्राज प्रसाद मीणा वन विभाग दौसा में सहायक लेखा अधिकारी प्रथम के पद पर पदस्थापित हैं। उनकी जीत से दौसा जिले को राज्य स्तर पर अलग पहचान मिलेगी। जीतने के बाद नवनिर्वाचित सभा अध्यक्ष गिर्राज प्रसाद मीणा ने कहा कि वे लेखा से संबंधित समस्याओं का समय पर निराकरण करवाएंगे। वे सरकार से मांग करेंगे कि समय पर डीपीसी एवं पदोन्नति हो, ईसीएस ट्रेज़री के माध्यम से लेखाधिकारी के पद पर पदोन्नति में 80:20 का आरक्षण जैसी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करेंगे।

### ट्रांसफार्मर से तांबा व आयल चोरी

**दौसा।** ग्राम पंचायत काली पहाड़ी टाटयया की ढाणी में शनिवार रात को अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर से तेल और तांबा चुराकर फरार हो गये। विश्राम मीणा ने बताया कि बिती रात करीब 2 बजे अज्ञात चोरों ने 11 हजार केवी की मुख्य लाइन को काटकर ट्रांसफार्मर को निचे गिराकर तांबा और तेल चोरी करके लें गए और खाली ट्रांसफार्मर को वहीं छोड गए। पूरी रात ढाणी में अंधेरा छाया रहा। रविवार सुबह सुचना पर मौके पर पहुंचे फिडर ईन्चार्ज महाराज सिंह गुर्जर व लाईनमैन सतीश गुर्जर ने मौक्रा स्थिती का जायजा लिया और उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सदर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

### सम्मान समारोह आयोजित

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज थानागाजी में श्री परशुराम सेवा समिति द्वारा आयोजित तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत कर प्रतिभाओं का सम्मान किया।

वन रा'य मंत्री शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालक-बालिकाएं अपनी प्रतिभा के बल पर अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन कर भारत माता की सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता एवं हमारी सरकार की विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप जल्द ही लगभग 20 करोड़ के बजट से भर्तृहरि पुलिया का पुनर्निर्माण कार्य एवं कुशलगढ़ मोड़ से थैंक यू बोर्ड तक क्षितग्रस्त सड़क का पुनर्निर्माण किया जाएगा, जिसका आमजन के साथ-साथ पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा।

### आशा को मिला स्वर्ण व रजत पदक

**निवाई।** वनस्थली विद्यापीठ की छात्रा आशा चौधरी निवासी बूरीयों का खड़ा ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। आशा ने हाल ही में चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय स्तर बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इसी प्रकार आशा ने मैराथन प्रतियोगिता में भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया है। आशा चौधरी ने इन उपलब्धियों का श्रेय अपने पिता श्योजीराम चौधरी, माता पार्वती, दादा रामा बूरी व भाई राजवीर को दिया है। आशा वर्तमान में वनस्थली विद्यापीठ की छात्रा है।

### गुलाब बारोलिया प्रधान बने

**मनोहरपुर।** श्री त्रिवेणी गंगा मंदिर रैगर धर्मशाला सभा (रजिस्टर्ड) त्रिवेणी धाम साईवाड़ जयपुर के प्रधान पद के रविवार को हुए चुनावों में गुलाबचंद बारोलिया 195 मतों से विजयी रहे। चुनाव अधिकारी सीएम चंदोलिया ने बताया कि ट्रस्ट के आजीवन 335 सदस्यों ने मतदान किया। जिसमें गुलाबचंद बारोलिया को 264 मत मिले व प्रतिद्वंदी शंकर लाल कुलदीप को 67 मत मिले। जिससे गुलाबचंद बारोलिया 195 मतों से जीते। इससे पूर्व 15 अक्टूबर 2025 को उपप्रधान पद पर सुखदेव अटल, महामंत्री पद पर सूरजमल कानव, कोषाध्यक्ष पद पर बीरबल बाकोलिया, मंत्री पद पर डी एस महोलिया, सह कोषाध्यक्ष पद पर रामचंद्र परसोया निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। निर्वाचन अधिकारी सी एम चान्दोलिया, चुनाव अधिकारी खूबराम, सुरेंद्र मौर्य ने निष्पक्ष और पारदर्शिता मतदान करवा कर सभी प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र देकर त्रिवेणी गंगा मंदिर ट्रस्ट के प्रति कार्य निर्वहन की शपथ ग्रहण करवाई। इसके लिए नव निर्वाचित पदाधिकारी ने समाज व निर्वाचन अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### जांच परीक्षण शिविर कल

**शाहपुरा।** त्रिवेणी धाम में स्थित यादव धर्मशाला में ब्रह्मलीन संत श्री नारायण दास जी महाराज की प्रेरणा से खोजीपीठ त्रिवेणी धाम शाहपुरा जयपुर के पीठाधीश्वर महंत श्री राम रिछपालदासजी महाराज के सानिध्य में द्वितीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर एवं कैंसर (स्वास्थ्य) जांच परीक्षण शिविर 28 अक्टूबर को प्रातः 9:00 बजे से 2:00 तक आयोजित होगा। शिविर में रोगियों हेतु लैंस, प्रत्यारोपण, दवाई, चश्मा, आवास एवं भोजन की सभी सुविधा निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

### शक्ति सिंह सम्मानित होंगे

**फुलेरा।** अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एंव इण्डो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाईजेशन के सयुक्त तत्वाधान में "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर "संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस" समापन महोत्सव आयोजन के अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर को फुलेरा निवासी पेंशनर समाज अध्यक्ष शक्ति सिंह को "लौह पुरूष एकता अवार्ड" से सम्मानित किया जाएगा। यह मंच वैश्विक शान्ति समरसता एंव विचार प्रस्तुतिकरण में शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाज सेवा, औधोगिक सेवा, प्रशासनिक सेवाओं की चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित करता है।

### जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**शाहपुरा।** अमरसरवाटी क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रवक्ता संदीप कलवानिया के नेतृत्व पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। प्रदेश प्रवक्ता ने ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे विभिन्न क्रियाकलापों के बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष से आगामी रणनीति के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान डोटासरा ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से प्रतिनिधि मंडल में कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर पीसीसी चीफ ने प्रवक्ता संदीप कलवानिया को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कलवानिया के जन्म दिवस पर बधाई

**शाहपुरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट संदीप कलवानिया का रविवार को जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शुभचिंतक एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलवानिया को बधाइयां देकर स्वागत किया। एडवोकेट संदीप कलवानिया ने जन्मदिन के अवसर पर आराध्य देव गोविंद देव जी, मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की। इसके अलावा गौशाला में गायों को चारा गुड़ डालकर अपने दिन की शुरुआत की।

### सैनी बने प्रदेश संयोजक

**शाहपुरा।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर के निर्देश पर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गैदर ने शाहपुरा निवासी पूर्व पार्षद जगदीश सैनी गुड्डू को मन की बात कार्यक्रम का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया। सैनी की नियुक्ति पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, जिलामंत्री रविश खटाना, पूर्व जिला महामंत्री बृजेश सोनी सहित कई कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित कर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

## संक्षिप्त

### नीरज सैन सम्मानित होंगे

**पावटा।** राष्ट्रीय एकता दिवस एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती समारोह के अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इन्डो - नेपाल समरसता ऑर्गोनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में 31 अक्टूबर को राजधानी जयपुर में आयोजित होने वाले संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस महोत्सव में लौह पुरुष एकता अवार्ड के लिए क्षेत्र में समाज सेवा के लिए उदारता पूर्वक सहयोग कर रहे संकल्प हरियाली समिति संयोजक पावटा निवासी नीरज सैन का चयन किया गया। सैन के इस सम्मान को लेकर संकल्प हरियाली गौ सेवा संयोजक सुभाष यादव, पंकज गुप्ता, निलेश चौधरी, डॉ दानवीर, लोकेश टांक, राकेश सारण, राहुल खंडेलवाल, उमेश अठावाल, रामकरण राठी, अक्षय सिंह, रुबी यादव, भीमसिंह, भानू सैन, मुकेश स्वामी सहित समिति सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 2 को

**निवाई।** रक्तांचल पर्वत पर 2 नवंबर को पंचमुखी हनुमानजी की मूर्ति का सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसका विधिवत शुभारंभ 28 अक्टूबर से होगा। संत रामभरोसे महाराज ने बताया कि रक्तांचल पहाड पर 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक हनुमानजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व विशाल भण्डारे का भव्य आयोजन होगा। जिसको लेकर संपूर्ण तैयारियों कर दी गई है। रविवार को हनुमानजी की मूर्ति को रक्तांचल पर्वत के शीर्ष पर ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि 3 नवम्बर को सर्व समाज के लिए विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। जिसमें सैंकड़ों संत व श्रद्धालु भाग लेंगे।

### अन्नकूट महोत्सव की तैयारी

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के प्राचीन बिहारी जी मंदिर में कल अन्नकूट का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां आज शुरू कर दी गई हैं। मंदिर में करीब 30 हजार श्रद्धालु अन्नकूट की प्रसादी ग्रहण करेंगे। बिहारी जी के मंदिर में 19 वां अन्नकूट कार्यक्रम है। अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रम में 140 क्विंटल प्रसादी बनेगी।श्री बांके बिहार मंदिर विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश कुमार सिंघल ने बताया की कल किले स्थित बिहारी जी मंदिर के 19 वां अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आज से सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर परिसर में करीब 30 हजार श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। 60 हलवाई अन्नकूट की प्रसाद बनाने में लगे हुए हैं। कल बांके बिहारी मंदिर में 56 भोग की झांकी भी सजाई जाएगी। जमीन पर बैठाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाया जाएगा। जो लोग जमीन पर नहीं बैठ सकते उनके लिए टेबल कुर्सी की व्यवस्था की गई है। 350 मन कच्ची सामठी से प्रसादी तैयार की जा रही है। कल सुबह 11 बजे से अन्नकूट प्रसादी का कार्यक्रम शुरू कर दिया जाएगा। कल करीब 30 हजार श्रद्धालु अन्नकूट की प्रसाद ठाहण करेंगे।

### अन्नकूट कार्यक्रम में पहुंचे हजारों लोग

**अलवर।** दीपावली से अगले रविवार को आयोजित होने वाला अन्नकूट कार्यक्रम इस वर्ष भी भव्य रूप से आयोजित किया गया । योगेश मिश्रा ने बताया कि प्रात 11-15 बजे अखाड़े वाले हनुमान जी, एफसीआई गोदाम के पास,शान्ति कुंज अलवर पर भगवान की पूजा-अर्चना कर, कड़ी, बाजरा, मूंग, मिक्स सब्जी एवं खीर का भोग लगाकर अन्नकूट कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अन्नकूट कार्यक्रम में जिले भर से पधारे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह जी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, विधायक मांगेलाल मीणा, विधायक ललित यादव, मुकेश जूली, संजय यादव, आर्यन जुबेर, रामदास मिश्रा, शिवदास मिश्रा, हेमंत शर्मा, राजेश मिश्रा, विशंभर दयाल वशिष्ठ, मोहन स्वरूप भारद्वाज, गफूर खान, रिपु दमन गुप्ता, जमशेद खान, राकेश बैरवा, जे डी आर्यन, प्रीतम मेहंदीरत्ता, डालचंद वर्मा, ललिता मीणा, रोहिताश चौधरी, अजीत यादव, श्वेता सैनी, अशोक कुद्दल, गोपीचंद शर्मा, शिवचरण गुप्ता, बिजेन्द्र महलावत, बलराम यादव, संजीव बारेठ, चन्द्रभान गुर्जर, राजेश कृष्ण सिद्ध गौरीशंकर विजय, प्रधान विनोद कुमारी सांगवान, जाकिर प्रधान, राजेंद्र शर्मा फूलचंद शर्मा, चौथमल सैनी इम्तियाज, के के खंडेलवाल , शिवसहाय मीणा, आकाश मिश्रा, फूलचंद शर्मा, अशोक धानका, मुकेश शर्मा, राकेश शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# पुलिस शहीद दिवस पर यातायात जागरूकता रैली निकाली

**भरतपुर** (निस)। पुलिस शहीद दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली का शुभारंभ अति. पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीना ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया।

जागरूकता रैली रिजर्व पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर, मल्टीपरपज चौराहा, मानसिंह सर्कल, बिजली घर चौराहा से शहर के मुख्य बाजार होते हुए, गंगा मंदिर, लक्ष्मण मंदिर, कुम्हेर गेट सर्किल, हीरादास सर्किल एवं काली बगीची होते हुए ट्रैफिक कार्यालय पर समाप्त हुई! जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद आईपीएस ने बताया कि राष्ट्र और उसके नागरिकों की सेवा में पुलिस जवानों की शहादत को उजागर करने के लिए पुलिस स्मृति दिवस (पुलिस शहीद दिवस) 21 अक्टूबर 2025 और राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2025 के मध्य जिला पुलिस द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज पुलिस जवानों द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता हेतु साइकिल एवं बाइक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है उन्होंने बताया कि जागरूकता रैली का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना, आमजन को यातायात नियमों से अवगत कराना एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है ! प्रत्येक नागरिक को अपने तथा दूसरों के जीवन की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीना, सीओ ट्रैफिक नरेंद्र कुमार सीओ सायबर अनिल जसोरिया, सीओ ठाामीण आकांक्षा कुमारी, सीओ एसटी/एससी सैल रामनाथ सिंह, यातायात प्रभारी अजय मीणा, एसएचओ मथुरागेट मदनलाल मीणा, एसएचओ सेवर सतीश कुमार सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय, यातायात शाखा एवं पुलिस लाईन के अधिकारी एवं पुलिस जवान आदि उपस्थित रहे।



यातायात जागरूकता रैली को अति. पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीना ने रवाना किया।

**■ जागरूकता रैली रिजर्व पुलिस लाइन से मल्टीपरपज चौराहा, मानसिंह सर्किल, बिजली घर चौराहा से शहर के मुख्य बाजार होते हुए गतव्य पर गई**

### जगदीश बोकण कोषाध्यक्ष बने

**निवाई।** देवधाम जोधपुरिया में भगवान श्री देवनारायण ट्रस्ट के चुनाव को लेकर रामचन्द्र गुर्जर टोडा की अध्यक्षता में व निर्वाचन अधिकारी नेहनूलाल गुर्जर की देखरेख में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर को भगवान श्री देवनारायण ट्रस्ट के अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इसी प्रकार महामंत्री के पद पर रतनदीप गुर्जर व कोषाध्यक्ष के पद पर जगदीश बोकण जयपुर को मनोनीत किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के नवनियुक्त अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष का समाज के लोगों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान युवाओं ने भगवान श्री देवनारायण के जमकर जयकारे लगाए। जिससे आस-पास का वातावरण देवमय हो गया। इस अवसर पर प्रधान रामअवतार लांगडी, शिवप्रताप हरसाणा, सूरज्ञानसिंह खाटरा, आरडी गुर्जर, नादानसिंह गुर्जर, मांगीलाल गुर्जर, शिवदयाल गुर्जर, हेमराज भगत व नन्दलाल लांगडी सहित मंदिर ट्रस्ट के सैंकडों स्थाई एवं अस्थाई सदस्य मौजूद थे।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**पावटा।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर द्वारा एक विशेष अभियान के तहत वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। जिसकी पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन व प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अथक प्रयास करते हुए प्रकरण में फरार चल रहे अभियुक्त मुल्जिम मालीराम पुत्र भैरुराम उम्र 24 साल निवासी रावतो की ढाणी टोरडा ब्राह्मणान, मनीष पुत्र धुणाराम उम्र 22 साल निवासी ढाणी चोलावा रूपपुरा को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की।

# बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी : माया नारोलिया

**■ बिहार में एनडीए की सरकार निश्चित रूप से बनेगी, क्योंकि भाजपा की सरकार ने हमेशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया है।**

**भरतपुर** (निस)। मध्य प्रदेश की सांसद माया नारोलिया रविवार को भरतपुर पहुंचीं, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी चुनाव हो रहे हैं, वहां भारतीय जनता पार्टी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। माया नारोलिया ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार निश्चित रूप से बनेगी, क्योंकि भाजपा की सरकार ने हमेशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा बैंक योजना, मेधावी छात्र योजना, आयुष्मान भारत कार्ड योजना सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। सांसद ने बताया कि मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना के तहत एक करोड़ 26 लाख बहनों के खाते में 1500 रू प्रति माह की राशि डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण, युवा रोजगार, किसान सम्मान निधि, और गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग को आगे बढा रही है।

माया नारोलिया ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांठोस की न तो कोई नीति है और न ही नियत, वह केवल झूठे आरोप-प्रत्यारोप लगाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा में वंशवाद नहीं, कार्यकर्ता भाव से काम किया जाता है। पार्टी की पंच निष्ठा नीति के चलते केंद्र और राज्यों में विकास की नई धारा बह रही है। उन्होंने कहा कि जनता अब सब कुछ समझती हैकृअब लालटेन का युग चला गया है, जनता विकास चाहती है और विकास भाजपा की पहचान है। सांसद ने कहा कि भाजपा की नीति और नियत स्पष्ट है, जो सर्वांगीण विकास की दिशा में काम करती है और जनता को हर स्तर पर राहत पहुंचाती है।

### विधायक ने सुनी 'मन की बात'

**नारायणपुर ।** क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने रविवार को अपने ज्ञानपुरा स्थित आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का लाइव प्रसारण कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों के साथ सुना। कार्यक्रम के बाद विधायक शेखावत ने उपस्थित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी बिजली, पानी, सड़क व जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक विचार प्रत्येक नागरिक में राष्ट्र निर्माण, सेवा भावना और आत्मनिर्भरता की चेतना जगाते हैं। शेखावत ने कहा कि मन की बात जैसे कार्यक्रम समाज में जनभागीदारी और विकास की भावना को सशक्त करते हैं तथा हमें एकजुट होकर नए भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

# जाट प्रतिभा-भामाशाह सम्मान समारोह सम्पन्न

**भरतपुर** (निस)। महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति के स्थापना दिवस एवं जाट प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान रहे तथा अध्यक्षता इंजीनियर सरदार सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह, माया नारोलिया सांसद व डॉ. नरेन्द्र सिंह फौजदार समारोह में उपस्थित रहे। अतिथियो द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों, प्रशासनिक सेवाओं में चयनित अभ्यार्थियों तथा राज्य व राष्ट्र स्तरीय मेडल प्राप्त खिलाडियों का सम्मान किया गया। भगतसिंह मॉर्डन स्कूल, शारदा स्कूल व संतकृपाल स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि संजीव बालियान ने कहा कि जाट साम्राज्य की राजधानी रहे महाराजा सूरजमल द्वारा बसाये भरतपुर में पांच मंजिला भव्य जाट भवन का निर्माण एक ऐतिहासिक घटना है । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इंजीनियर सरदार सिंह ने कहा कि भविष्य में यह भवन सर्वसमाज की सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। डॉ. शैलेश सिंह विधायक डीग - कुम्हेर ने कहा कि इस भवन की समाज के युवाओं के उत्थान एवं दिशानिर्देशन में प्रमुख भूमिका होगी।

डॉ. नरेंद्र सिंह फौजदार ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करने से आने वाली पीढियों के होनहार बच्चों को प्रोत्साहन मिलता है। सांसद माया नारोलिया ने कहा कि महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति द्वारा सामाजिक कुरीतियों को हटाने के लिए चलाए जा रहे सतत सामाजिक जागरूकता अभियान सराहनीय है, विशेषत: मृत्युभोज के खिलाफ अभियानों से जाट समाज के मृत्युभोजों में कमी आई है। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि समिति युवा एवं बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करती है। महासचिव सुधीर पाल सिंह ने कहा कि सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय के सिद्धांत के तहत सर्व समाज के हित में काम करना समिति का उद्देश्य है। अनिल अनोखी, इन्दर सिंह पाले, सी.पी. सिंह आदि ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर ओमप्रकाश सोगरवाल, थानसिंह सोलंकी, प्रमोद सिंह, जलसिंह फौजदार, महावीर सिंह तोमर, स्वरूप सिंह, विनोद कुंतल, रामवीर सिंह डागुर, राहुल सोलंकी, मनोज चौधरी अनन्त महिला शक्ति अध्यक्ष पूनम चौधरी, अजय प्रेमी, अभिषेक फौजदार, मनुदेव सिनसिनी, प्रोफेसर बनैसिंह सहित समाज के 1000 से अधिक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



भरतपुर में जाट प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

### एन आर बालोत निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने

**दौसा।** अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ जिला शाखा दौसा के चुनाव रविवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी सीताराम शर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह उमरवाल, पर्यवेक्षक कैलाश शर्मा एवं गोवर्धन सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुये, जिसमें जिला अध्यक्ष पद पर एनआर बालोत एवं महासंघ प्रमुख पद पर भगवान वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सीताराम शर्मा ने बताया कि जिला अध्यक्ष पद पर एनआर बालोत एवं महासंघ प्रमुख के लिए पूर्व जिला अध्यक्ष भगवान वर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया। दोनो पदों के लिए एक-एक नामांकन प्राप्त होने पर नामांकन प्रक्रियापूर्ण होने के बाद जिला अध्यक्ष पद पर एनआर बालोत एवं महासंघ प्रमुख पद पर भगवान वर्मा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये जाने के बाद पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इधर एनआर बालोत के जिला अध्यक्ष एवं भगवान वर्मा के महासंघ प्रमुख निर्वाचित होने पर महासंघ के महासंघ के घटक संगठनों के पदाधिकारियों ने सौ गज का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष एनआर बालोत ने कहा कि कर्मचारी संगठनों के गठन का मुख्य उद्देश्य आम कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना है। मैं जिले में कार्यरत महासंघ एकीकृत के समस्त घटकों के आम कर्मचारियों के हक और अधिकारो की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर संघर्षरत रहूंगा। नव मनोनीत महासंघ प्रमुख भगवान वर्मा ने कहा कि महासंघ एकीकृत कर्मचारियों का एक विशाल परिवार है, आप सभी से अपील है कि किसी भी प्रकार की कर्मचारी की कोई समस्या है। तो सरकार और प्रशासन से आर पार की लड़ाई लड़ने में भी पीछे नहीं हटेंगे। इसके बाद एक साथ सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। मंच संचालन जिला प्रवक्ता अशोक भागोती व वीपी सिंह नरूका ने किया। इस दौरान राजस्थान प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह उमरवाल, महामंत्री धर्मराज शर्मा, सभाध्यक्ष जागीरदार मीणा, पंचायत शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रायसिंह गुर्जर, महामंत्री परमानंद शर्मा, महिला बाल विकास विभाग जिलाध्यक्ष पर्यवेक्षक आशा मीना, वन विभाग से गोपाल सिंह, कॉलेज शिक्षा से डॉ. प्रकाश बैरवा, कृषि विभाग से विश्राम मीणा, पुस्तकालय संघ से राजेंद्र पोसवाल, रेखा शर्मा, शारीरिक शिक्षक संघ से रामकरण मीणा, सहायक कर्मचारी संघ शिव कुमार शर्मा, अंबेडकर संघ से रंगलाल बैरवा, हरदयाल बैरवा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी हरिसिंह कालेडा, शिंभुदयाल लांगडी, ज्ञान सिंह गुर्जर, बसंतीलाल गुर्जर सहित जिले के सैकड़ों कार्मिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

**अलवर।** क्षत्रिय कार्मिक समिति अलवर की ओर से होटल अलवर रॉयल में दीपावली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का सुप्रारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिला संजय सिंह नरूका एवं उम्मेद भाया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व बीज निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने दीप प्र्वलित कर की। कार्यक्रम का संचालन समिति के युवराज सिंह तंवर ने किया।

**■ शिक्षा और संस्कार से ही समाज एवं देश की उन्नित संभव- जितेंद्र सिंह**

कार्यक्रम में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित अभ्यर्थियों प्रियंका नरूका, शालू नरूका, गजेन्द्र चौहान, पूजा चौहान, सुदीप सिंह तंवर सहित सेवानिवृत कार्मिकों, पदोन्नत कार्मिकों एवं विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा एवं संस्कार से ही घर परिवार, समाज एवं देश की उन्नित संभव है। सिंह ने समाज के सभी कार्मिक एवं युवा प्रतिभाओं से सर्व समाज एवं देशहित में कर्मयोगी बनकर कार्य करने का किया आव्हान।सिंह ने सर्व हित में सेवाभाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व बीज निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी लोग एकजुट होकर सकारात्मक प्रयास करे। राठौड ने ईडब्ल्यूएस के सरलीकरण के विषय में अपने विचार रखें। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि संजय सिंह नरूका ने कहा कि क्षित्रय कार्मिक संगठन समाज हित में निरंतर बेहतर कार्य कर रहा है, सभी को एकजुट करने में समिति का योगदान अहम है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष उम्मेद भाया ने अपने संबोधन में कहा संस्कार, मर्यादा, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण पंच प्रण का पालन करते हुए सामाजिक उत्थान में भूमिका अदा करने का आव्हान किया।

इस अवसर पर क्षित्रय कार्मिक समिति के पदाधिकारीगण एवं प्रमुख सदस्यगण डॉ सुनील चौहान पीएमओ, डॉ जी एस राठौड़, डॉ पवन सिंह शेखावत, भूप सिंह नरूका, भूप सिंह चौहान, लाल सिंह राघव, नरेंद्र सिंह जादौन, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनीता राघव, कमल सिंह राठौड़, सूबे सिंह जादौन, रोशन सिंह शेखावत, प्रियांशु राठौड़ , शिक्षाविद डॉ.एम पी एस चंद्रावत एवं सैकडों की संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।



अलवर में क्षत्रिय कार्मिक समिति का दिवाली मिलन समारोह हुआ।

### उनियारा को मिली नई उपखण्ड अधिकारी

**टोंक।** उनियारा उपखण्ड को एक माह में ही दुबारा उपखण्ड अधिकारी का स्थानान्तरण करने पर नई उपखण्ड अधिकारी सुश्री पूजा मीना को नियुक्ति मिली है। पूर्व उपखण्ड अधिकारी सोहन सिंह का ट्रांसफर अलवर कर दिया गया है, नरुका ने 13 अक्टूबर को ही उनियारा में कार्यभार संभाला था, जो 16 सितंबर को शत्रुघ्न मीना के स्थानांतरण के बाद नियुक्त किया गया था। नरूका के बाद एक माह के भीतर ही पूजा मीना का स्थानान्तरण कर उनियारा नियुक्त किया गया है। पूजा मीना ने 2018 की भर्ती परीक्षा में 78वीं रैंक हासिल की थी, इससे पहले वे जयपुर (चौमू) और बारां जिलों में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। पूजा मीना समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से आरएएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता के टिप्स भी साझा करती रहती हैं। अब देवली और उनियारा उपखंडों में महिला अधिकारी नियुक्त हो गई हैं और दोनों ही सवाई माधोपुर जिले की मूल निवासी हैं। पंचायत चुनावों के मद्देनजर सरकार द्वारा लिया गया।

## सार-समाचार

### शहर में निकाली प्रभात फेरी



**निवाई।** श्री विश्वनाथ सागर मंडली निवाई व रक्तांचल योग शिविर मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सुबह इंदिरा कॉलोनी में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा व आतिशबाजी करके भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कॉलोनी का वातावरण हरे राम हरे कृष्णा हरे राम हरे कृष्ण के नाम से गुंजायमांन हो उठा। कमलेशकुमार पारीक ने बताया कि प्रभात फेरी श्याम मंदिर से रवाना होकर इंदिरा कॉलोनी, जैन कॉलोनी होते हुए वापस श्याम मंदिर पहुंची। भजन गायक महेश दरगड़ रमेश सोनी व सर्वेश द्विवेदी ने प्रभात फेरी में हरे राम हरे कृष्णा की रामधुनी करते हुए सभी श्रद्धालु कॉलोनी में भ्रमण किया। प्रभात फेरी में कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### 'खेलों का विकास मेरी प्राथमिकता'

**दौसा।** दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि खेल गतिविधियां बालक-बालिकाओं में सहभागिता एवं प्रतिस्पर्धा की भावना विकसीत करती है, इसलिये खेलों को बढावा दिया जाना चाहिये। दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा रविवार को स्टेट लेवल जिम्नास्टिक चैम्पियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि दौसा देवनगरी के साथ ही खेल नगरी के नाम से पहचानी जाती है। खेल के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किये जाने चाहिये। उन्होने कहा कि छात्र जीवन में खेलों में का विशेष महत्व है, खेलो के माध्यम से बालक-बालिकाओं मे सहभागिता एवं प्रतिस्पर्धा की भावना विकसीत होने के साथ ही शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। उन्होने स्थानीय विधायक कोष से 5 लाख रुपये देने की घोषणा करते हुये कहा कि बिना राजनैतिक भेदभाव के सामुहिक रुप से खेलो के विकास के लिए प्रयास करने चाहिये। विधायक कोष से जिम्नास्टिक संघ को 5 लाख रुपये की घोषणा करता हूं। इस दौरान जिम्नास्टिक संघ के सचिव चैनसिंह राठौड़, दौसा जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष बाबूलाल बैरवा, पंचायत समिति सिकंदरा प्रधान सुलतान बैरवा, रवि जीरोता सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान विधायक दीनदयाल बैरवा ने खिलाडियो को सम्मानित किया।

### जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार

**पावटा।** सट्टे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस की टीम जुआ और सट्टा खेलने वाले अपराधियों पर लगातार नकेल कसने का काम कर रही है। विराटनगर थाना पुलिस ने भी सट्टे के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से रुपए भी बरामद किए गए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाई हेतु विशेष अभियान की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन व विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर विराटनगर थाना क्षेत्र के ठााम छितौली में रुपयों पर हार जीत का दाव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेलने वाले अभियुक्त दीपक शर्मा, पप्पू उर्फ धोलाराम, धर्मपाल को जुआ सामठी 4900 रुपए व 52 ताश के पत्तों सहित गिरफ्तार किया है।

### आर्थिक सहायता राशि सौंपी

**दौसा।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के पदाधिकारियों ने रविवार को कालोता गांव पहुंचकर मृतक टेकचंद तिवाड़ी के परिजनों को राशन सामठी आर्थिक सहायता राशि प्रदान दी गई। टेकचंद तिवाड़ी पुत्र दिनेश तिवाड़ी जो हैदराबाद में मजदूरी का कार्य करता था। उसकी 1 महिने पहले असामाजिक तत्वों द्वारा हैदराबाद में निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिससे परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था। टेकचंद परिवार में कमाने वाला अकेला था परिवार में उनकी पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं इस परिवार को ब्राह्मण महासंघ के द्वारा रोज़गार के लिए सिलाई मशीन एवं नकद आर्थिक सहायता संघ के द्वारा प्रदान की गई एवं एक महीने की राशन सामठी संघ के राष्ट्रीय सचिव राजकुमार बालाजी द्वारा परिवार को प्रदान की गई। इस दौरान कोर कमेटी सदस्य एवं जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार पाराशर, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पाखर, शिक्षा प्रकोष्ठ महासचिव सुभाष चतुर्वेदी, प्रदेश प्रभारी गिर्राज सीटीआई, युवा जिलाध्यक्ष राजकुमार अवस्थी कमालपुर, कार्यकारी अध्यक्ष यशोदानंदन शर्मा, जिला प्रवक्ता राकेश महंत, बांदीकुई तहसील अध्यक्ष बनवारी मुंशी, जिला सचिव वीनू जोशी कुण्डल, दौसा तहसील अध्यक्ष रामोतार चौबे कुण्डल, रामोतार तिवाड़ी कालोता, ओमप्रकाश तिवाड़ी, हरिओम तिवाड़ी, भवानी शंकर उपाध्याय कुण्डल, मोनू उपाध्याय कुण्डल आदि विप्र बन्धु मौजूद रहे।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटपूतली ।** जिले की प्रागपुरा थाना पुलिस ने अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने जानकारी देते हुये बताया की जयपुर रेंज आईजी द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन, विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं थानाधिकारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में विषेष टीम का गठन किया गया। टीमों द्वारा प्रकरण में फरार मुल्जिम मालीराम (24) पुत्र भैंरूराम गुर्जर निवासी रावतों की ढ्ाणी टोरडा ब्राह्मण व मनीष (22) पुत्र धुणाराम गुर्जर निवासी ढ्ाणी चौलावा रूपपुरा, प्रागपुरा को गिरफ्तार किया हैं। एसपी ने बताया कि विगत 14 सितम्बर को जिले के एक परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरी पुत्री का अपहरण कर अभियुक्त मालीराम पुत्र भैंरूराम व मनीष पुत्र धुणाराम ने सामूहिक दुष्कर्म किया हैं।

### शहीद अशोक जाट को श्रद्धांजलि दी

**सिरस।** वजीराबाद खेड़ा गांव में शहीद अशोक जाट की पुण्यतिथि पर लोगों ने शहीद को श्रद्धांजलि दी। शहीद अशोक जाट छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों से मुकाबला करते हुए शहीद हो गए थे। शाहिद की पुण्यतिथि पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस के एएसआई सुबे सिंह, शाहिद के पिता रामकरण मावल्या, प्रहलाद जाखड़, धर्मराज जाखड़, पोखर बूरी, रमेश मावल्या, नंदलाल, मुकेश, शैतान मीणा, रामजीवन मीणा, कैलाश मीणा, सुरेश पराना, गणेशबूरी, कृष्णबूरी, सांवरा बूरी, रमेश बूरी, राजेश जैन, मनोज जैन, रामेश्वर मीणा सहित कई लोगों ने शहीद की तस्वीर पर फूल माला व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### वनस्थली स्कूल विजेता

**टोंक।** जिला मुख्यालय पर चल रही दो दिवसीय 70वीं जिला सीनियर वालीबॉल प्रतियोगिता रविवार को अम्बेडकर स्टेडियम में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में ग्राम चांदली की टीम विजेता रही तथा एमजी स्पोर्ट्स एकेडमी टोंक उप विजेता रही। वही महिला वर्ग में वनस्थली विद्यापीठ विजेता और एमजी स्पोर्ट्स एकेडमी उप विजेता रही। विजय होने पर विजेता टीमों के खिलाड़ी और प्रशंसक हर्षोल्लास से एक-दूसरे को मुंह मीठा कराकर खुशी जाहिर की तथा खिलाड़ियों को आयोजकों की ओर से पुरस्कार भी दिए गए। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संयोजक सैय्यद अबुबकर नकवी, अध्यक्ष शिक्षाविद सुनील बंसल, विशिष्ट अतिथि रोटेरियन के आर खान रहे, इन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया।



एक आखिरी बार, सिडनी से अलविदा: ऑस्ट्रेलिया में शायद आखिरी बार ही इंटरनेशनल क्रिकेट खेला। -रोहित शर्मा

भारतीय खिलाडी, अपने सन्यास को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## डी गुकेश



वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश और दिव्या देशमुख ने यूरोपियन क्लब कप चेस टूर्नामेंट में डबल गोल्ड मेडल जीते हैं। इनके अलावा, ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन, अभिमन्यु और पौराणिक ने भी प्रभावित किया। ग्रीस के रोडेस में खेले गए इस टूर्नामेंट में गुकेश ने सुपरचेस और दिव्या देशमुख ने सेरकल डी'एचेक्स डी मोंटे-कार्लो की ओर से खेलते हुए इंडिविजुअल गोल्ड जीते। इस साल के टीम इवेंट का टाइटल सुपरचेस ने जीता, जबकि अल्कलॉइड दूसरे और डिफेंडिंग चैंपियन नोवी बोर तीसरे स्थान पर रहे।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया में भी, भारत ने दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए 12 टी20 मैचों में से 7 जीते हैं। कप्तान के रूप में भारत के एमएस धोनी ने 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 9 जीते हैं।

## हंशिका और सारिका को रजत; भारतीय महिला टीम बनी चैंपियन

नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर। सर्बिया के नोवी साद में अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया है और चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया है। हंशिका लांबा (53 किग्रा) और सारिका (59 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीते। दोनों पहलवान फाइनल में पहुंचीं, लेकिन जापानी प्रतिद्वंद्वियों से हार गईं। अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर, भारतीय महिला कुश्ती टीम ने 125 अंक हासिल करके 2025 अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की चैंपियन ट्रॉफी जीत ली। अमेरिका 102 अंकों के साथ दूसरे और जापान 92 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने अपने-अपने भार वर्ग में 5 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता इस प्रकार हैं :55 किग्रा: निशु, 57 किग्रा: नेहा शर्मा, 65 किग्रा: पुलकित, 68 किग्रा: सृष्टि, 76 किग्रा: प्रिया यह भारतीय कुश्ती के लिए गर्व का क्षण है और हमारी युवा महिला पहलवानों की कड़ी मेहनत और प्रतिभा को दर्शाता है।

## फ्रेंच ओपन में चीनी शटलर, तीन फाइनल में पहुंचे

बीजिंग, 26 अक्टूबर। चीनी खिलाड़ियों ने शनिवार को फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट की तीन स्पर्धाओं में फाइनल में जगह पक्की कर ली।

महिला एकल वर्ग के एक प्रमुख मुकाबले में, चीनी स्टार चेन यूफेई ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की एन से-यंग को 87 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 18-21, 21-16 से हराया। महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में, चीन की वांग झीयी ने हमवतन हान यू को 21-14, 20-22, 21-14 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। महिला युगल सेमीफाइनल में भी चीनी खिलाड़ियों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें ली यिजिंग और लुओ जुमिन ने ओलंपिक चैंपियन चेन किंगचेन और जिया यिफान को 21-16, 21-17 से हराया। फाइनल में ली और लुओ का सामना जापानी जोड़ी युकी फुकुशिमा और मायू मात्सुमोतो से होगा। मिश्रित युगल सेमीफाइनल में, चीनी जोड़ी फेंग यान्झे और हुआंग डोंगपिंग ने वापसी करते हुए हांगकांग, चीन की तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट को 20-22, 21-17, 21-16 से हराया। अब उनका अगला मुकाबला थाई जोड़ी डेचापोल पुआवारानुक्रोह और सुपिस्सारा पेवसम्प्रान से होगा। चीन के ली शिफेंग ने पहला गेम 21-15 से जीता, जिसके बाद डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में 21-19, 21-13 से जीत हासिल की, जबकि घरेलू प्रबल दावेदार क्रिस्टो पोपोव ने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न को सीधे गेम में हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

पुरुष युगल फाइनल दक्षिण कोरिया के किम वोन-हो और सियो सेउंग-जे और इंडोनेशियाई जोड़ी फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी के बीच होगा। पांचों फाइनल रविवार को होने हैं।

## पंजाब एफसी ने एआईएफएफ सुपर कप के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की

मोहाली, 26 अक्टूबर। पंजाब एफसी ने एआईएफएफ सुपर कप 2025-26 के लिए अपनी 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। टीम का पहला ग्रुप 'सी' मैच गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ कल गोवा के जीएमसी बाम्बोलिम एथलेटिक स्टेडियम में खेला जाएगा। हेड कोच पानागिओटिस डिल्मपेरिस ने एक संतुलित टीम चुनी है जिसमें पांच नए खिलाड़ी शामिल किए गए हैं, जबकि बाकी खिलाड़ी डूरंड कप की टीम का हिस्सा रहे थे। अनुभव और युवा जोश के इस मिश्रण के साथ टीम इस प्रतियोगिता में मजबूत शुरुआत करने की उम्मीद कर रही है। मैच शाम 4:30 बजे शुरू होगा।

नई साइनिंग में विदेशी खिलाड़ी समीर ज़ेल्जकोविच, डेनियल रामिरेज फर्नांडीज और पाब्लो रेनन दोस सैंटोस शामिल हैं। इनके अलावा भारतीय खिलाड़ी अर्शदीप सिंह और बिकाश सिंह सागोलसेम को भी टीम में जोड़ा गया है। ये सभी खिलाड़ी टीम में गहराई, रचनात्मकता और रक्षात्मक मजबूती लाते हैं, जिससे पंजाब एफसी ग्रुप स्टेज में बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है।

घोषणा पर हेड कोच पानागिओटिस डिल्मपेरिस ने कहा, हमने एक संतुलित टीम तैयार की है जो हमारे वरिष्ठ खिलाड़ियों के अनुभव, अकादमी के युवाओं की ऊर्जा और कुछ रोमांचक नए खिलाड़ियों के जोश का संयोजन है। पिछले कुछ हफ्तों में खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग में कड़ी मेहनत की है, और उनकी एकाग्रता व तीव्रता से मैं बेहद संतुष्ट हूं।

## लगातार सातवीं जीत के साथ पटना का सफर जारी, जयपुर घर लौटेगी

नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर। तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने रविवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के एलिमिनेटर-1 मुकाबले में जयपुर पिंक पैंथर्स को 48-32 के अंतर से हरा दिया। लगातार सातवीं जीत के साथ पटना ने जहां एलिमिनेटर-2 मुकाबले में जगह बनाई जबकि एक दिन पहले मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स को हराने वाली जयपुर को घर वापसी करनी होगी। त्यागराज इंडोर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पटना की जीत में हमेशा की तरह अयान (20) हीरो बनकर उभरे। अयान इसी के साथ इस सीजन के सबसे सफल रेडर बन गए। डिफेंस में नवदीप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हाई-5 लगाया और सबसे अहम बात यह है कि उन्होंने पटना को ऐसे मुकाम पर आलआउट से बचाया था जब जयपुर वापसी के दरवाजे पर खड़ी थी। जयपुर के लिए अली समाधी और विनय ने 10-10 अंक लिए।

# भारत बनाम बंगलादेश मैच बारिश के कारण हुआ रद्द

नवी मुम्बई 26 अक्टूबर। भारत और बंगलादेश के बीच रविवार को खेला जा रहे महिला विश्वकप का 28वां मैच बारिश के कारण रद्द घोषित कर दिया गया है।



भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश ने वर्षा बाधित मुकाबले में निर्धारित 27 ओवरों में नौ विकेट पर 119 रनों का स्कोर खड़ा किया। बंगलादेश की ओर से शर्मीन अख्तर ने सर्वाधिक 36 रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और विकेट गंवाते रहे। शोभना मोस्तारी ने (26), रूब्या हैदर ने (13) और ऋतु मोनी ने 11 रनों का योगदान दिया। बंगलादेश के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

भारत की ओर से राधा यादव ने तीन और श्री चारणी ने दो विकेट लिये। रेणुका सिंह, दीप्ति शर्मा और अमनजोत कौर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

119 रनों के जवाब में भारत ने 8.4 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए 57 रन बना लिये है। इसी दौरान फिर से बारिश शुरु हो गई। स्मृति मंधाना (नाबाद 34 ) और अमनजोत कौर (नाबाद 15 ) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थी।

इसके बाद लगातार हो रही बारिश के कारण मैच को रद्द कर दिया है, भारत के लिए इस मैच में सबसे बुरी ख़बर प्रतिका रावल का चोटिल होना है। यह देखना होगा कि वह सेमीफ़ाइनल के लिए फ़िट हो पाती हैं या नहीं। बहरहाल बंगलादेश अब अंक तालिका को सातवें स्थान पर रहते हुए समाप्त करेगा। बारिश से प्रभावित मैच को पहले 43 ओवर और फिर 27 ओवर का मैच हुआ। बंगलादेश ने डीएलएस पद्धित के हिसाब से भारत को 126 रनों का लक्ष्य दिया और मांधना और अमनजोत की जोड़ी ने भारत को एक ठोस शुरुआत दिलाते हुए अर्धशतकीय साझेदारी की लेकिन फिर बारिश ने ख़लल डाला और आखिरकार मैच को बिना किसी परिणाम के रद्द करना पड़ा।

# 'पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त': इरफ़ान पठान

नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शतकधारी रोहित शर्मा और अर्धशतक बनाने वाले विराट कोहली की तारीफ करते हुए पूर्व भारतीय आलराउंडर इरफ़ान पठान ने कहा कि अपनी पारी से दोनों बल्लेबाजों ने दिखा दिया कि 'पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त'। जियोस्टार के क्रिकेट लाइव पर एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए विशेषज्ञ इरफ़ान पठान ने रोहित शर्मा और विराट कोहली की प्रतिभा के बारे में बात की ,आज जिस तरह से चीज़ें सामने आईं, ऐसा लगा जैसे ये होना ही था। इन दोनों महान खिलाड़ियों (विराट और रोहित) को एक साथ मैच खत्म करते देखने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। विराट को ऑस्ट्रेलिया में 50 का औसत बनाए रखने के लिए इस मैच में लगभग 70-74 रनों की जरूरत थी, और उन्होंने ठीक वैसा ही किया। अगर यह न्याय नहीं है, तो और क्या है?



इरफ़ान ने कहा,रोहित ने बहुत मेहनत की, उन्होंने अपना वजन कम किया, पूरी मेहनत की, और उनकी बेहतर फिटनेस तब दिखी जब वे दूसरे मैच में रन-आउट से जल्दी उबर गए। दोनों ने दिखा दिया कि 'पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त'।

# इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया

विशाखापत्तनम, 26 अक्टूबर। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐमी जोंस (नाबाद 86), और टैमी ब्यूमोंट (40) की शानदार पारियों के दम पर इंग्लैंड ने रविवार को महिला विश्वकप के 27वें मुकाबले में न्यूजीलैंड को 124 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।



न्यूजीलैंड के 168 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए ऐमी जोंस और टैमी ब्यूमोंट की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़े। 15वें ओवर में लिया तहूहू ने टैमी ब्यूमोंट को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। ब्यूमोंट ने 38 गेंदो में सात चौके लगाकर 40 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हीथर नाइट ने ऐमी जोंस के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 28वें ओवर की पहली गेंद पर सोफी डिवाइन ने हीथर नाइट को पगबाधा आउट कर हार की दहलीज पर खड़ी न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। हीथर नाइट ने 40 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाये।

सेमीफाइनल में पहले ही जगह बना चुके इंग्लैंड ने 29.2 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। ऐमी जोंस ने 92 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 86 रन बनाये। जोंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड की ओर से सोफी डिवाइन और लिया तहुहू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड, इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक पायी और 38.2 ओवर में 168 के स्कोर पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर ने सर्वाधिक 43 रनों की पारी खेली। एमेलिया केर ने (35), कप्तान सोफी डिवाइन (23), मैडी ग्रीन (18), इसाबेला गेज (14), सूजी बेट्स और जस केर ने 10-10 रनों का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने तीन विकेट लिये। नेट शिवर ब्रंट और ऐलिस कैप्सी को दो-दो विकेट मिले। सोफी एक्लस्टोन और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## सोफी डिवाइन की अश्रुपूर्ण विदाई

विशाखापत्तनम, 26 अक्टूबर। महिला क्रिकेट के इतिहास में दर्ज हो जाने वाले इस दिन, एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम न केवल इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच



मुकाबले का, बल्कि इस खेल की सबसे अदम्य हस्तियों में से एक सोफी डिवाइन की मार्मिक विदाई का भी गवाह बना।

अपने करियर पर विचार करते हुए, डिवाइन की आवाज़ में विनम्रता और गर्व दोनों झलक रहे थे। उन्होंने कहा, "यह कभी भी परिणाम के बारे में नहीं था, बल्कि अपने साथियों के साथ खेलने के बारे में था, उन जड़ों तक वापस जाने के बारे में था जिनकी वजह से मैंने 19 साल पहले बल्ला और गेंद उठाई थी।" उनके शब्दों में सच्ची खेल भावना का सार निहित था, यह याद दिलाता है कि क्रिकेट, अपने मूल में, जुनून, दोस्ती और उत्कृष्टता की खोज के बारे में है, न कि केवल जीत या हार के बारे में।

# मुझे ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाज़ी करने में बहुत मज़ा आया : हर्षित राणा

नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में चार विकेट लेकर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करने में बहुत मजा आया।

जियोस्टार के क्रिकेट लाइव पर एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए, हर्षित राणा ने इस सीरीज में गेंदबाजी के अपने अनुभव पर कहा, "मुझे ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करने में बहुत मजा आया क्योंकि मैं एक साल पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान यहां था, इसलिए मैं पहले से ही परिस्थितियों से वाकिफ था। मुझे पता था कि कहां गेंदबाजी करनी है और कौन सी लेंथ मेरे लिए सही रहेगी। गौती भाई (मुख्य कोच गौतम गंभीर) और मोर्न मोर्कल (गेंदबाजी कोच) का शुक्रिया, जिन्होंने मुझे लगातार सही दिशा में गेंदबाजी करने के लिए प्रेरित किया। सपोर्ट स्टाफ भी बेहतरीन था, वे मुझे अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहते रहे। यह एक सपने जैसा है क्योंकि पिछले एक साल में बहुत कुछ हुआ है। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में डेब्यू करना और अब आज यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, यह मेरे लिए बहुत ही भावुक और खास सफर रहा है।"

दिन के अपने पसंदीदा पल और उसमें रोहित शर्मा की भूमिका के बारे में राणा ने कहा, मिच ओवेन का विकेट मेरा सबसे पसंदीदा था। इसके पीछे एक कहानी है। शुभमन गिल ने मुझसे पूछा कि क्या मैं स्लिप लेना चाहता हूँ, और मैंने मना कर दिया। फिर रोहित भाई, जो कवर पर खड़े थे, ने मुझसे कहा, स्लिप ले ना, जाने दे मेरेको (बस स्लिप ले लो, मैं वहाँ जाकर खड़ा हो जाता हूँ)। मैं मान गया, और फिर कुछ ही देर में, किनारा सीधा स्लिप में रोहित भैया के पास चला गया! मैं उनका बहुत आभारी था। उन्होंने हंसते हुए कहा, मैंने तुमसे कहा था कि स्लिप ले लो! यह एक यादगार पल था।

राणा ने अपनी गेंदबाजी लय और प्रदर्शन के बारे में कहा, मुझे लगा कि आज मेरी गेंदबाजी लय काफी बेहतर थी। शुरुआत में, मैं आक्रमण करने की कोशिश नहीं कर रहा था; मैं बस सही क्षेत्रों में गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा था। मुझे शुरुआत में विकेट नहीं मिले, लेकिन नई गेंद होने के कारण यह मेरी योजना का हिस्सा था। मैं लाइन और लेंथ पर ध्यान केंद्रित कर रहा था, और यह कारगर रहा। आउटस्विंगर की बात करें तो, यह एक ऐसी चीज है जिसे मैं विकसित कर रहा हूँ, और मैं आज इसे बखूबी अंजाम देकर बहुत खुशी हुई।

## दिल्ली ने 430 के विशाल स्कोर के बाद हिमाचल के 165 पर तीन विकेट झटके

नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर। अर्पित राणा, सनत सांगवान, यश ढुल,आयुष दोसेजा, सुमित माथुर और अनुज रावत की अर्धशतकीय पारियों के दम पर दिल्ली ने रणजी ट्रॉफी दूसरे के दौर के मुकाबले के दूसरे दिन रविवार को 430 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद स्टंप के समय हिमाचल प्रदेश के 165 के स्कोर पर तीन विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली हैं। दिल्ली ने कल के चार विकेट पर 306 रनों से आगे खेलना शुरु किया। दिल्ली ने आज 124 रन जोड़ कर अपने छह विकेट गंवा दिये।

# न्यूजीलैंड ने ब्रूक के शतक को बेअसर करते हुए जीता पहला वनडे

माउंट मॉन्गानुई, 26 अक्टूबर। हैरी ब्रूक का एक शानदार शतक अनुकूल परिणाम नहीं दे सका क्योंकि डेरिल मिशेल (78 ) और माइकल ब्रेसवेल (51) के अर्धशतकों ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी। उनके शुरू होने से पहले, जकारी फॉल्क्स (4-41) और जैकब डफी (3-55) ने दमदार गेंदबाजी करके मैच की शुरुआत की, जिससे इंग्लैंड की टीम शुरुआत में ही धराशायी हो गई, लेकिन ब्रूक ने पलटवार किया।



मैट हेनरी ने मैच की पहली ही गेंद पर न्यूजीलैंड को बढ़त दिलाई, उन्होंने जेमी स्मिथ के बल्ले और पैड के बीच से गैप को चीरकर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद फॉल्क्स ने बेन डकेट को आउट किया - जिन्होंने राउंड द स्टंप्स से गेंद को तेजी से आगे बढ़ाया और उन्हें आउट कर दिया - और जो रूट को इनस्विंगर पर बोल्ड कर दिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर 5/3 हो गया। जल्द ही यह स्कोर 10/4 और 33/5 हो गया [illegible] फॉल्क्स और हेनरी ने नई गेंद के साथ अपनी साझेदारी जारी रखते हुए क्रमशः जैकब बेथेल और जोस बटलर को आउट किया। सैम करेन 12वें ओवर में फॉल्क्स के चौथे शिकार बने, जब गेंद विकेट के पीछे लगी।

ब्रूक, जिन्होंने कुछ ओवर पहले ही जवाबी हमले की आग भड़कानी शुरू कर दी थी, उनके साथ जेमी ओवरटन ने पारी को संभालने वाली साझेदारी की। ब्रूक ने तमाम उथल-पुथल के बीच भी अपने इरादे मजबूत किए और 16वें ओवर में एक शानदार छक्के की मदद से 36 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। ओवरटन भी जैकब डफी की तरफ दौड़ते हुए अपना बल्ला घुमाने में मशगूल थे। नाथन स्मिथ की बाउंसर पर ओवरटन के हेलमेट पर चोट लगी, लेकिन थोड़े समय के ब्रेक के बाद वे खेलने के लिए तैयार थे। डफी की एक धीमी गेंद पर ओवरटन ने ब्रूक के साथ अपनी साझेदारी को आधे रन तक खींच लिया, लेकिन फिर वह आउट हो गए। उन्होंने गेंद को लेग साइड पर खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद का मुख्य किनारा कवर पर डेरिल मिशेल के पास पहुंच गया और उन्होंने 54 गेंदों पर 46 रन बनाये।

## भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज फ़िलीपींस में संयुक्त सातवें स्थान पर रहे

मनीला, फ़िलीपींस, 26 अक्टूबर। स्थानीय खिलाड़ी मिगुएल तबुएना ने घरेलू प्रशंसकों को खुश किया और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों की लगातार बर्डी का सामना करते हुए, बिंगोप्लस द्वारा प्रस्तुत 20 लाख अमेरिकी डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज फ़िलीपींस में सात अंडर 65 का शानदार स्कोर तीन शॉट की प्रभावशाली जीत के लिए पर्याप्त साबित हुआ।



गर्दन में ऐंठन के कारण एसजेएम मकाओ ओपन से हटने के ठीक एक हफ्ते बाद, अपने घरेलू कोर्स, स्टा एलेना गोल्फ क्लब में खेलते हुए, तबुएना ने कुल 24 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि काज़ुकी हिगा (65) और योसुके असाजी (67) की जापानी जोड़ी 21 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रही।

तबुएना की यह चौथी जीत उन्हें एशियाई टूर पर सबसे सफल फ़िलीपीनो गोल्फ़र बनाती है। तीन खिताबों का पिछला रिकॉर्ड एंजेलो क्यू के नाम था। उन्होंने अपने पहले इंटरनेशनल सीरीज खिताब के साथ टूर पर करियर की 3 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई भी पार कर ली।

कोरिया और चीनी ताइपे में लगातार दो खिताब जीतने वाले हिगा इस उपलब्धि के साथ एशियाई टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर वापस आ गए। थाईलैंड के सरित सुवन्नारुत और चीन के सैम्पसन झेंग, जो तबुएना के साथ संयुक्त रूप से ओवरनाइट लीडर रहे, दोनों ने 69 का समान स्कोर बनाया और 20 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के मार्क लीशमैन (65) इस सप्ताह मैदान में मौजूद कई एलआईवी गोल्फ सितारों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहे और अकेले छठे स्थान पर रहे।


अमेरिका के कालेब सुराट (67) और भारत के गगनजीत भुल्लर (69) 16-अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। लेकिन फिलीपींस के सबसे अधिक दर्शकों वाले गोल्फ टूर्नामेंटों में से एक में यह सप्ताह और वह क्षण तबुएना के नाम रहा।

टूर्नामेंट के स्टार आकर्षण और पूर्व विश्व नंबर 1 डस्टिन जॉनसन ने 67 का स्कोर बनाया और 13 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर रहे।

बिंगोप्लस द्वारा प्रस्तुत इंटरनेशनल सीरीज फ़िलीपींस, 2025 एशियन टूर शेड्यूल के नौ उच्च स्तरीय आयोजनों में से छठा था। एशियन टूर और इंटरनेशनल सीरीज अगले हफ़्ते 20 लाख अमेरिकी डॉलर के लिंक हांगकांग ओपन के लिए हांगकांग में आयोजित होंगे।

# लिटन दास अब बंगलादेश के अगले टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे

ढाका, 26 अक्टूबर । बंगलादेश के टी20 कप्तान लिटन कुमार दास ने रविवार को कहा कि अगर उन्हें टेस्ट कप्तानी की पेशकश की जाती है, तो वह इसे संभालने के लिए तैयार हैं। जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद नजमुल हुसैन शान्तो के पद छोड़ने के बाद यह पद खाली होने पर बंगलादेश वर्तमान में एक नए टेस्ट कप्तान की तलाश में है।



क्रिकबज ने पहले बताया था कि लिटन, नजमुल की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे हैं, क्योंकि शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के बाद जब बीसीबी ने उनसे दोबारा पूछा तो उन्होंने अपने फैसले पर पुनर्विचार करने से इनकार कर दिया था।

लिटन ने ज़ोर देकर कहा कि टेस्ट कप्तानी के लिए बीसीबी ने अभी तक उनसे संपर्क नहीं किया है और संकेत दिया कि वह इस भूमिका को निभाने के लिए तैयार हैं। बीसीबी के पास अपने टेस्ट कप्तान की घोषणा करने के लिए बहुत कम समय है क्योंकि उन्हें 11 नवंबर से सिलहट में शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए आयरलैंड की मेजबानी करनी है।

लिटन ने कहा, "यह बहुत मुश्किल है। अभी तक, मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। अगर उन्हें लगता है कि मैं सक्षम हूँ।

## राजस्थान - जम्मू एंड कश्मीर रणजी मैच

# अपने पदार्पण मैच में अशोक शर्मा ने लिए 3 विकेट

जयपुर, 26 अक्टूबर। श्रीनगर में खेले जा रहे राजस्थान - जम्मू एंड कश्मीर रणजी मैच के दूसरे दिन का स्कोर :-

रणजी मैच राजस्थान – जम्मू एंड कश्मीर। राजस्थान पहली पारी 152 आल आउट।

जम्मू एंड कश्मीर पहली पारी 282 आल आउट।राजस्थान के गेंदबाज दीपक चाहर 39/4, अनिकेत चौधरी 65/3 व अपना पदार्पण रणजी मैच खेल रहे अशोक शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 69 / 3 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान दूसरी पारी दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने अपनी दूसरी पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 41 रन बना लिए थे। टीम के लिए दीपक हुड्डा नाबाद 17 रन बनाकर खेल रहे है।जम्मू एंड कश्मीर के गेंदबाज आकिब नबी 5/5 विकेट प्राप्त किये।

**वीमेन अंडर 19 टी 20 ट्रॉफी ( राजस्थान ने जम्मू एंड कश्मीर को हराया )**

राजस्थान की जीत में तनिका शर्मा का आतिशी अर्धशतक।भुवनेश्वर में खेली जा रही बीसीसीआई अंडर 19 वीमेन टी 20 ट्रॉफी में आज राजस्थान ने तनिका शर्मा के आतिशी अर्धशतक की सहायता से जम्मू एंड कश्मीर को हराया। राजस्थान पारी 152/6, टीम के लिए तनिका शर्मा 60, प्रतीक्षा सिंह 44 व हैप्पी कुमारी 21 रनो का योगदान दिया। जम्मू एंड कश्मीर की गेंदबाज मान्या 24/3 विकेट। जम्मू एंड कश्मीर पारी 89/8. टीम के लिए कायनात 35 रन, राजस्थान की गेंदबाज मीनाक्षी 13 / 2 , हैप्पी कुमारी , मैना सियोल , ए चौधरी 1-1 विकेट। राजस्थान – हैदराबाद अंडर 23 सी केनायडू ट्रॉफी मैच– जयपुर में आज से शुरू हुए राजस्थान – हैदराबाद अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी मैच के पहले दिन का स्कोर :–हैदराबाद पहली पारी 281/5, टीम के लिए अरवल्ली अवनीश 134, राघव 48, मयंक गुप्ता नाबाद 34 व प्रणव नाबाद 29रन। राजस्थान के गेंदबाज गणेश सुथार 29/3, मोहित चांगरा, अनिरुद्ध सिंह 1-



## शाइना और दीक्षा ने स्वर्ण जीते

चेंगदू, 26 अक्टूबर। शाइना मणिमुथु (अंडर-15) और दीक्षा सुधाकर (अंडर-17) ने रविवार को अपने-अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीते और भारत ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। अंडर-15 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में, शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जिसके बाद दीक्षा सुधाकर ने अंडर-17 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराया।

रविवार के नतीजों का मतलब था कि भारतीय दल दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटेगा। भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे, जब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 बालक एकल वर्ग का खिताब जीता था, जबकि चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन ने अंडर-17 बालक युगल वर्ग का खिताब जीता था।

रविवार को, शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय बालिका एकल खिलाड़ी बनीं।

## हरियाणा ने त्रिपुरा को नौ विकेट से तथा सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से हराया

नयी दिल्ली/तिनसुकिया, 26 अक्टूबर। रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले के दूसरे दिन रविवार को हरियाणा ने त्रिपुरा को नौ विकेट से तथा सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से हराया।

हरियाणा बनाम त्रिपुरा मुकाबला, पर्थ वत्स (चार और पांच विकेट) निखिल कश्यप ( चार और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाण ने आज त्रिपुरा को 19.1 ओवर में 47 के स्कोर पर ढेर करने के बाद 16 रनों के लक्ष्य को 4.3 ओवर में एक विकेट पर 18 रन बनाकर हासिल कर लिया।

अर्जुन शर्मा (नौ विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। आज यहां असम ने दूसरी पारी में कल के 56 पर पांच विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में सर्विसज के अर्जुन शर्मा और अमित शुक्ला के गेंदबाजी आक्रमण के आगे असम की पूरी टीम दूसरी पारी में 73 के स्कोर पर ढेर हो गई। अर्जुन शर्मा ने 9.3 ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके। अमित शुक्ला ने छह ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिये। पुलकित नारंग ने दो और मोहित जांगड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। सर्विसेज को जीत के लिए 71 रनों का लक्ष्य मिला जिसे उसने 13.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाकर हासिल कर लिया। असम के लिए रियान पराग ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। एक अन्य मैच में उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 243 के स्कोर पर समेटने के बाद दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 262 रन बनाकर 19 रनों की बढ़त बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। तमिलनाडु बनाम नागालैंड मुकाबले में, तमिलनाडु ने तीन विकेट पर 512 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इसके जवाब में नागालैंड ने दिन का खेल समाप्त होने के समय 150 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में सरदार वल्लभ भाई पटेल की आगामी 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पूर्वार्ध कार्यशाला को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ मौजूद थे।*

# मुख्यमंत्री कोलकाता में प्रवासी राजस्थानी मीट में भाग लेंगे

## उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वे 28 अक्टूबर को प्रवासी राजस्थानियों, व्यवसायियों व उद्यमियों के साथ बैठक करेंगे

जयपुर, 26 अक्टूबर। कोलकाता के प्रवासी राजस्थानी समुदाय के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 28 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता जायेगा।

वहाँ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 'प्रवासी राजस्थानी मीट' का आयोजन किया जाएगा और प्रवासी राजस्थानियों को 10 दिसंबर 2025 को जयपुर में आयोजित होने वाले प्रथम ''प्रवासी राजस्थानी दिवस'' के लिए आमंत्रित भी किया जायेगा।

- **दस दिसम्बर 2025 को जयपुर में आयोजित ''प्रवासी राजस्थान दिवस'' को सफल बनाने के लिए हैदराबाद व सूरत के बाद कोलकाता में कार्यक्रम किया जा रहा है।**

मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल प्रवासी राजस्थानियों, औद्योगिक समूहों, व्यवसायियों और उद्यिमयों को राज्य के विकास में सक्रिय योगदान के लिए आमंत्रित करेगा। इस दौरान टेक्सटाइल एवं होजरी, केमिकल तथा खनिज जैसे विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में कार्यरत व्यावसायिक और औद्योगिक समूहों के प्रमुखों के साथ वन-टू-वन बैठकें भी आयोजित होंगी।

10 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस की तैयारियों की कड़ी में यह तीसरा कार्यक्रम है जो कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले हैदराबाद और सूरत में आयोजित प्रवासी राजस्थानी मीट्स के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों को राज्य में नए अवसरों की संभावनाएं तलाशने के लिए प्रेरित किया था।

यह मीट कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जो 'प्रवासी राजस्थानी दिवस 2025' का इवेंट इंडस्ट्री पार्टनर है। 10 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने जा रहा ''प्रवासी राजस्थानी दिवस'' राज्य सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य वैश्विक प्रवासी राजस्थानी समुदाय से जुड़ाव को सुदृढ बनाना है।

# तटरक्षकों ने 11 दिन से समुद्र में फंसे 31 मछुआरों को बचाया

बंगलूरू, 26 अक्टूबर। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने अरब सागर में फंसे 31 मछुआरों की जान बचाई है। ये मछुआरे 11 दिनों से नाव में फंसे हुए थे। नाव के स्टीयरिंग गियर में अचानक खराबी आने के कारण और खराब मौसम की वजह से यह नाव अरब सागर में काफी दूर तक बहती चली गई थी।

आईसीजी के मुताबिक, भारतीय तटरक्षक मुख्यालय संख्या 3 (कर्नाटक) को 24 अक्तूबर को गोवा की मछली पकड़ने वाली भारतीय नाव (आईएफबी) संत एंटोन- के लापता होने की सूचना मिली थी।

आखिरी सूचना मिली थी कि यह नाव न्यू मैंगलोर से लगभग 100 समुद्री मील दूर है। आईसीजी ने पहले से ही नियमित गश्त कर रहे आईसीजीएस कस्तूरबा गांधी गश्ती पोत को आखिरी बार देखी गई संकटग्रस्त नाव की जगह की तरफ रवाना कर दिया।

# सरदार पटेल की 150वीं जयन्ती पर हर जिले में पदयात्रा आयोजित होगी

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने युवाओं से 150 यूनिटी मार्च व राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान से जुड़ने की अपील की

जयपुर, 26 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी दृढ इच्छाशक्ति से राष्ट्र का पुनर्निर्माण किया और बिखरे हुए भारत को एकता के सूत्र में पिरोया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने दूरदर्शी सोच के साथ देश को राजनीतिक एकीकरण और आर्थिक स्वावलंबन के माध्यम से मज़बूत बनाया। उन्होंने दिखाया कि जब राष्ट्रहित सर्वोपरि हो, तो कोई भी बाधा रास्ते में नहीं आ सकती।

शर्मा रविवार को जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में सरदार वल्लभ भाई पटेल की आगामी 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पूर्वार्ध कार्यशाला के शुभारम्भ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

शर्मा ने कहा कि 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक देश के हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में 3 दिन तक 8 से 10

- **उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर राजस्थान के हर जिले से दो-दो पदयात्री पटेल की जन्म भूमि करमसद से स्टेच्यू ऑफ यूनिटी तक 152 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा में भाग लेंगे।**

किमी लंबी पदयात्रा आयोजित की जाएगी। पदयात्रा के दौरान आमजन सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए आत्मनिर्भर भारत की शपथ लेंगे तथा योग एवं स्वास्थ्य शिविर, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही, एक जिला-एक खेल योजना के तहत प्रत्येक जिले में स्थानीय प्रचलित खेल का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस के दिन प्रदेश के हर जिले से 2-2 पदयात्री सरदार पटेल की जन्मभूमि करमसद से लेकर एकता के प्रतीक स्टेच्यू ऑफ यूनिटी केवडिया तक देशभर के अन्य पदयात्रियों के साथ 152 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा करेंगे। मुख्यमंत्री ने युवाओं से सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए सरदार150 यूनिटी मार्च-राष्ट्रव्यापी जन-जागरण अभियान से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब हर जन सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करेगा तो उन्हें यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक करने के लिए ऐसे साहसिक कार्य किए, जो कभी नहीं भुलाए जा सकते। उन्होंने हैदराबाद के निजाम को भारत में विलय के लिए मजबूर कर दिया। जब पाकिस्तान के कबाइलों ने कश्मीर में आक्रमण कर उसे हड़प लिया, तो पटेल ने तुरंत कदम उठाए और आधे कश्मीर को बचा लिया। खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकजुट करने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पटेल के इसी संकल्प को आगे बढ़ाया और एक भारत-श्रेष्ठ भारत पर प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया। हम सब भारतीय हैं, यही यूनिटी मार्च कार्यक्रम की प्रमुख रूपरेखा है।

कार्यक्रम के समापन पर खेल एवं युवा मामलात राज्यमंत्री के.के. विश्नोई ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची सहित बड़ी संख्या में आमजन एवं युवा उपस्थित रहे।

# बिहारः भाकपा-माले ने परिवर्तन संकल्प पत्र जारी किया

पटना, 26 अक्टूबर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा-माले) के संस्थापक नेताओं में शामिल राम नरेश राम के 15वें स्मृति दिवस पर रविवार को बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पार्टी ने परिवर्तन संकल्प पत्र जारी किया।

पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाकपा-माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य तथा अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से पार्टी के नेताओं के साथ यह पत्र जारी किया। इस परिवर्तन संकल्प पत्र में लिखा गया है कि बीते दो दशकों से राज्य सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा)- जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सरकार से राज्य को मुक्त करने का समय आ गया है। यह सरकार बिहार को विनाश की ओर धकेल चुकी है।संकल्प पत्र में कहा गया है कि महागठबंधन की सरकार के दौरान हुए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण ने बिहार की भयावह स्थिति उजागर किया है और करीब 95 लाख परिवार महागरीबी रेखा के नीचे पाए गए। इन परिवारों को नीतीश कुमार ने दो-दो लाख रुपये सहायता देने की घोषणा की थी।

# डॉ. किरोड़ी ने दुर्लभजी अस्पताल में मृतक के परिजनों को शव दिलाया

## दुर्लभजी अस्पताल ने 1.89 लाख रूपए बकाया बताकर शव सौंपने से मना कर दिया था

जयपुर, 27 अक्टूबर।संतोकबा दुर्लभजी हॉस्पिटलमें इलाज के दौरान एक मरीज की मौत के बाद परिजनों को शव न देने पर हंगामा मच गया। जानकारी के अनुसार,महुआ निवासी विक्रम कुछ दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हुआ था और उपचार के लिए दुर्लभजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

इलाज के दौरान विक्रम की मृत्यु हो गई, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने1.89 लाख बकाया बताकर शव देने से मना कर दिया। जबकि मृतक आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना- दोनों का पात्र था। इसके बावजूद अस्पताल ने इलाज के लिए 5.75 लाखकी राशि वसूल ली।

मृतक के परिजन जब अपनी पीड़ा लेकर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

- **कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बताया कि मृतक आयुष्मान भारत तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना का पात्र था। पर, अस्पताल ने उससे इलाज के लिए 5.75 लाख रूपये की राशि वसूल ली थी। मंत्री की सख्ती के बाद अस्पताल ने न केवल शव सौंपा बल्कि 5.75 लाख रूपये की राशि भी लौटाई।**

के पास पहुंचे तो मीणा रविवार तड़के स्वयं हॉस्पिटल गए।

अस्पताल प्रशासन से बात करने पर जब संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने मुख्य सचिव को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री की सख्ती के बाद अस्पताल प्रशासन ने न केवल शव परिजनों को सौंपा, बल्कि 5.75 लाख की पूरी राशि चेक द्वारा लौटा दी।

मौके पर ऐसे 4-5 और मामलों की शिकायतें भी सामने आईं, जिनके त्वरित समाधान के निर्देश मीणा ने दिए। उन्होंने कहा कि निजी अस्पताल सरकार की योजनाओं को पारदर्शी ढंग से लागू करें, ताकि आमजन को वास्तविक लाभ मिल सके।

इससे पहले भी डॉ. मीणा ने अपैक्स और महात्मा गांधी हॉस्पिटल में इसी तरह के मामलों में हस्तक्षेप कर परिजनों को शव दिलवाया था।

# चुनाव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में विधानसभा चुनाव होने हैं। ज्ञातव्य है कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में अगले साल चुनाव होने हैं।

पश्चिम बंगाल के संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि हर ब्लॉक से सरकारी कर्मचारियों को वालंटियर के तौर पर चुना जा सकता है। ये लोग बीएलओ की मदद करेंगे। ये वॉलंटियर लोगों की जानकारी भरने में बीएलओ की मदद करेंगे और जरूरत पड़ने पर उनकी जगह भी ले सकते हैं।

# भारत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रतिबद्धताओं के 600 से ज़्यादा समझौता ज्ञापनों-एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएँगे। आधिकारिक सूचना के अनुसार इस कार्यक्रम में एक लाख से ज़्यादा प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें 85 से ज़्यादा देशों के प्रतिनिधियों ने शामिल होने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इसमें देश के कई गणमान्य लोगों के अलावा वैश्विक समुद्री उद्योग के दिग्गज, अंतर्राष्ट्रीय संगठन और नीतिगत थिंक टैंक मौजूद रहेंगे।

# इसरो 2 नवम्बर को नौसेना के लिए संचार उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा

## यह मल्टी बैंड संचार उपग्रह भारतीय भूभाग सहित बड़े समुद्री क्षेत्र में सेवाएँ प्रदान करेगा

चेन्नई, 26 अक्टूबर। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज कहा कि दो नवंबर को भारी रॉकेट एलवीएम-3 से देश की नौसेना के लिए संचार उपग्रह जीएसएटी-7आर का प्रक्षेपण किया जायेगा।

इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने गुरुवार को मीडिया को संबोधित करते हुये घोषणा की थी कि भारत का एलवीएम -3 रॉकेट नवंबर की शुरुआत में जीसैट-7आर संचार उपग्रह को प्रक्षेपित करेगा।

यह जीएसएटी-7आर या सीएमएस-03 उपग्रह 4.4 टन वजनी है जो 2.65 टन के जीएसएटी-7 या रुक्मिणी की जगह लेगा, जिसे 2013 में एरियन स्पेस के रॉकेट एरियन से प्रक्षेपित किया गया था।

इसरो ने कहा कि सीएमएस -03

- **इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि भारतीय क्षेत्र से जियोसिंक्रोनस ट्राँसफर ऑर्बिट (जीटोओ) में प्रक्षेपित होने वाला यह सबसे भारी संचार उपग्रह होगा।**

एक मल्टी-बैंड संचार उपग्रह है जो भारतीय भूभाग सहित एक बड़े समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा। यह भारतीय क्षेत्र से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में प्रक्षेपित किया जाने वाला सबसे भारी संचार उपग्रह होगा। इसे ले जाने वाले एलवीएम-3 एम5 हेवी लिफ्ट लॉन्च व्हीकल की यह पांचवीं ऑपरेशनल उड़ान होगी। एलवीएम 3 के पिछले मिशन ने चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसमें भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक लैंड करने वाला पहला देश बन गया था।

इसरो ने कहा कि प्रक्षेपण यान को पूरी तरह से असेंबल और अंतरिक्ष यान के साथ एकीकृत कर दिया गया है और आगे के प्रक्षेपण-पूर्व कार्यों के लिए इसे 26 अक्टूबर, 2025 को प्रक्षेपण स्थल पर ले जाया जाएगा।

इसरो ने इससे पहले भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के लिए जीसैट-7ए उपग्रह लॉन्च किया था। जीसैट-7 और जीसैट-7ए भारत के दो समर्पित सैन्य संचार उपग्रह हैं जबकि पिछले सभी पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों ने नागरिक और रक्षा क्षेत्र के दोहरे उद्देश्यों की पूर्ति की है। आगामी जीसैट-7आर उपग्रह जीसैट-7 का स्थान लेगा।

# छत्तीसगढ़ में 21 नक्सलियों ने सरेन्डर किया

कांकेर, 26 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ पुलिस की 'पूना मार्गमः पुनर्वास के माध्यम से पुनर्जीवन' पहल के तहत बस्तर रेंज के कांकेर जिले में रविवार को उस समय बड़ी सफलता मिली जब रविवार को 21 नक्सली कैडरों ने समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आत्मसमर्पण किया। इनके पास से 18 हथियार भी बरामद किए गए हैं।

- **आत्मसर्मपण करने वालों में 4 डिविज़न वाइस कमेटी मैंबर, 9 एरिया कमेटी और 8 पार्टी सदस्य हैं।**

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पी. सुंदरराज ने बताया कि ये सभी कैडर केशकल डिवीजन (नॉर्थ सब जोनल ब्यूरो) के कुएमारी/किसकोडो एरिया कमेटी से संबंधित हैं। इनमें डिवीजन कमेटी सचिव मुकेश भी शामिल हैं।

# रेलवे ने छठ पूजा के यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाये

नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर। छठ महापर्व मनाने के बाद वापस लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने व्यापक इंतजाम किये हैं। इसके लिए बिहार- पूर्वांचल क्षेत्र के 30 रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया भी बनाए गये हैं जहां यात्री ट्रेन की रवानगी के पहले अपना समय गुजार सकते हैं।

रेलवे की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार छठ महापर्व के समापन के बाद बिहार और उसके आस-पास के जिलों से बड़ी संख्या में यात्री अलग-अलग गंतव्यों के लिए रवाना होंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। यात्रियों को सुव्यवस्थित रखने, भीड़ नियंत्रण और ट्रेनों के सुचारू संचालन के उद्देश्य से रेलवे ने बिहार और उसके निकटवर्ती राज्यों के प्रमुख स्टेशनों पर विशेष होल्डिंग एरिया बनाए हैं।

रेलवे के अनुसार इन होल्डिंग एरिया का मुख्य उद्देश्य स्टेशन परिसर

- **बिहार व पूर्वांचल के 30 रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन रवाना होने से पहले यात्री इस एरिया में समय बिता सकेंगे।**

में समय से पहले पहुंचने वाले यात्रियों को सुव्यवस्थित रूप से ठहराना और ट्रेन के प्रस्थान के समय उन्हें कतारबद्ध तरीके से प्लेटफॉर्म तक पहुंचाना है, ताकि किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी या भीड़भाड़ से बचा जा सके।

रेलवे ने कहा है कि स्टेशन परिसर और उसके आस-पास बनाए गए इन होल्डिंग एरिया में यात्रियों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, पंखा, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, पूछताछ केंद्र, यूटीए तथा एमयूटीएस टिकटिंग, रियल टाइम ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड और चिकित्सा सहायता बूथ जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी हैं।

# सीबीआई ने करूर भगदड़ में फिर केस दर्ज किया

नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 27 सितंबर को करूर में आयोजित रैली के दौरान हुए भगदड़ हादसे में फिर से केस दर्ज किया है। यह रैली तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) पार्टी ने आयोजित की थी और इसमें 41 लोग मारे गये थे।

सीबीआई की एक टीम ने हाल ही में करूर में घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ितों और उनके परिवारों से मुलाकात कर बयान दर्ज किये थे। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय के एक आदेश के बाद इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गयी है। उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस निर्देश को भी रद्द कर दिया है जिसमें विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का निर्देश दिया गया था। उच्च न्यायालय ने इस मामले में अधिकारी आशा गर्ग के नेतृत्व में एसआईटी के गठन का निर्देश दिया था। विजय के नेतृत्व वाली टीवीके पार्टी ने उच्च न्यायालय के एसआईटी आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

# जौनपुर सड़क हादसे में तीन की मौत

जौनपुर, 26 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में रामपुर थाना क्षेत्र के गधौना गांव के पास रविवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर विंध्याचल से देवी का दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी कार सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई,जिसके कारण पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पीड़ित अंबेडकरनगर जनपद के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के पालीपट्टी गांव के निवासी थे। ये लोग शनिवार को विंध्याचल

- **श्रद्धालुओं से भरी कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकराई, जिसके कारण पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।**

धाम दर्शन करने गए थे और रविवार सुबह वापस घर लौट रहे थे।

पूर्वाह्न 11:30 बजे पीड़ितों की कार जैसे ही जौनपुर जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में गंधोना गांव स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तो सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकरायी।

हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। वाहन में फंसे लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया।

जेसीबी की मदद से कार को सड़क किनारे हटवाया गया। पुलिस तथा स्थानीय लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर भिजवाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया।

# आसियान शिखर सम्मेलन में भाग लेने कुआलालंपुर पहुँचे राष्ट्रपति ट्रंप

## वे थाईलैंड-कंबोडिया शांति समझौते के हस्ताक्षर समारोह में शामिल होंगे, जिसकी मध्यस्थता का वे दावा कर चुके हैं

कुआलालंपुर, 26 अक्टूबर। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप 47वें आसियान शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रविवार को कुआलालंपुर पहुंचे। इस यात्रा के साथ ही उन्होंने मलेशिया, जापान और दक्षिण कोरिया की एक महत्वपूर्ण राजनयिक यात्रा शुरू की। इस यात्रा का मकसद व्यापार संबंधों को नया रूप देना, प्रमुख गठबंधनों को मजबूत करना और एक वैश्विक नेता तथा शांतिदूत के रूप में अपनी छवि को चमकाना है।

ट्रंप की छह दिवसीय यह यात्रा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की नई भागीदारी की शुरुआत का प्रतीक है और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक बैठक के साथ समाप्त होगी।

यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब अमेरिका और चीन के बीच आर्थिक तनाव बढ़ रहा है क्योंकि दोनों देश टैरिफ बढ़ा रहे हैं और दुनिया में अपनी धाक जमाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। ट्रंप थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर समारोह

- **ट्रंप की मलेशिया, जापान व दक्षिण कोरिया की यात्रा का उद्देश्य व्यापार संबंधों को नया रूप देना, प्रमुख गठबंधनों को मजबूत करना और एक वैश्विक नेता तथा शांति दूत के रूप में अपनी छवि को चमकाना है।**

में शामिल होंगे। यह एक ऐसा समझौता है जिसके बारे में उनका दावा है कि उन्होंने स्वयं इसकी मध्यस्थता की थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति के मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में व्यापार, सुरक्षा और शांति निर्माण प्रयासों पर चर्चा करने वाले सत्रों में भाग लेने की उम्मीद है।

अमेरिकी राष्ट्रपति आसियान नेताओं के साथ एक रात्रिभोज में भी शामिल होंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''मैं मलेशिया जा रहा हूं, जहां मैं उस महान शांति समझौते पर हस्ताक्षर करूंगा, जिसकी मध्यस्थता मैंने कंबोडिया और थाईलैंड के बीच गर्व से की थी। दुख की बात है कि थाईलैंड की राजमाता का हाल ही में निधन हो गया है। मैं थाईलैंड के महान लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। जब हम वहां पहुंचेंगे तो मैं उनके प्रधानमंत्री से मिलूंगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908